वर्ष 72 अंक 284 पृष्ठ 12
रीवा, शनिवार 12 जुलाई, 2025
श्रावण कृष्ण पक्ष 02, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

www.dainikjagranmpcg.com


"भ्रष्टाचार को पकड़ना बहुत कठिन काम है, लेकिन मैं पूरे जोर के साथ कहता हूं कि यदि हम इस समस्या से गंभीरता और दृढ़ निश्चय के साथ नहीं निपटते तो हम अपने कर्तव्यों का निर्वाह करने में असमर्थ होंगे।

–लाल बहादुर शास्त्री

## नेताओं के बिगड़े बोल- मुसलमान और महिला निशाने पर

# मैं हिंदुओं के वोट से विधायक बना, गोल टोपी-दाढ़ी वालों ने नहीं दिया वोट: नितेश

### राणे बोले-वे हरे सांप मुंबई का डीएनए हिंदू

**ठाणे, जेएनएन।** बयानों से सुर्खियों में रहने वाले भाजपा नेता और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नितेश राणे ने एक बार फिर विवादित बयान दिया है। राणे ने कहा कि गोल टोपी और दाढ़ी वालों ने मुझे वोट नहीं दिया। मैं हिंदुओं के वोट से विधायक बना हूं। अगर मैं हिंदुओं का समर्थन नहीं करूंगा, तो क्या उर्दू बोलने वालों का समर्थन करूंगा?

कणकवली से विधायक और पूर्व केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के बेटे नितेश राणे ने कहा, सभी मुस्लिम हरे सांप हैं, मुंबई का डीएनए हिंदू है। मैं हमेशा हिंदुओं का समर्थन करता रहूंगा। नितेश राणे के बड़े भाई निलेश राणे शिंदे गुट के शिवसेना से विधायक हैं। नितेश राणे ने कहा, आपको सतर्क रहना चाहिए। हिंदुओं के तौर पर एक साथ आना समय की आवश्यकता है और यदि आप एक साथ आते हैं, तो यह हिंदुत्व सरकार की जिम्मेदारी है, जिसे आपने विकास के लिए चुना है।

मैं पहले हिंदू हूं, फिर विधायक और मंत्री हूं, इसलिए आप इन सभी चीजों को ध्यान में रखें और अपने अस्तित्व को अपने तरीके से रखें। उन्होंने कहा, हम जैसे लोगों का कितना अपमान हुआ, हममें से कितने लोगों ने हमारे नाम पर नींबू काटे, इससे हमें कोई फर्क नहीं पड़ता।



### मुस्लिम बहुल जगहों पर जाने से बचें: सुवेंदु

प. बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने एक विवादास्पद बयान दिया है। उन्होंने कहा, पर्यटकों को कश्मीर जैसी मुस्लिम बहुल जगहों पर जाने से बचना चाहिए। उन्होंने यह बात पहलगाम आतंकी हमले का हवाला देते हुए कही। यह बयान जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला के उस निमंत्रण के एक दिन बाद आया है, जिसमें उन्होंने सीएम ममता बनर्जी को अपने राज्य आने का न्योता दिया था और ममता ने स्वीकार भी कर लिया था। अधिकारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा, उन जगहों पर मत जाइए, जहां मुस्लिम आबादी ज्यादा है। अगर आप जम्मू-कश्मीर जाना चाहते हैं, तो जम्मू जाइए। मुस्लिम बहुल जगहों से दूर रहिए। पहलगाम में पर्यटकों की पहचान उनके धर्म के आधार पर की गई और उनकी हत्या कर दी गई।

#### गर्भवती इंफ्लूएंसर को सीधी सांसद मिश्रा का जवाब

## डिलीवरी की तो डेट होती है, बता दो, एक हफ्ते पहले उठवा लेंगे

### गर्भवती महिलाओं ने सड़क को लेकर जताई थी चिंता

**जागरण, सीधी।** 30 गांवों को जोड़ने वाली खराब सड़क को लेकर सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर लीला साहू की अगुवाई में मोर्चा खोलने पर भाजपा सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने भी पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह की तरह अजीबोगरीब जवाब दिया है। उन्होंने बघेली सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर से कहा, डिलीवरी की तो एक्सपेक्टेड डेट होती है। बता दो। एक हफ्ते पहले ही उठवा लेंगे। वहीं गर्भवतियों की चिंता को निराधार बताते हुए सवाल किया है कि आज तक ऐसी कोई घटना हुई क्या? सीधी से सांसद डॉ. मिश्रा ने बघेली सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर लीला साहू द्वारा गांव खड्डी खुर्द की खराब सड़क को लेकर डाली गई पोस्ट से जुड़े मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए यह बात कही।

लीला ने पोस्ट में सांसद मिश्रा से सड़क बनवाने की मांग की थी। ८ गर्भवती महिलाओं द्वारा इस सड़क के लिए मोर्चा खोलने पर सीधी सांसद ने कहा, उनकी इच्छा है तो आकर भर्ती हो जाएं। हम सब सुविधा देंगे। सरकार



भोजन, पानी भी देती है। सबकुछ कराती है, लेकिन प्रेगनेंसी को सामने रखकर बात करना कोई उचित बात नहीं है। कई सड़कें 10 साल से बन रही हैं। रही बात डिलीवरी की तो उस गांव में बहुत सारी महिलाएं होंगी,जिनकी डिलीवरी हुई होगी। आज तक ऐसी घटना हुई क्या? मोहन सरकार जरूरत पड़ने पर मरीज को हेलिकॉप्टर से भी ले जाती है और इलाज कराती है। हमारे पास एंबुलेंस हैं। हमारे पास सुविधाएं हैं। आशा कार्यकताएं हैं। हम व्यवस्था करेंगे।

## कैश से भरे बैग संग कैमरे में कैद शिवसेना विधायक

### एक दिन पहले मिला था आयकर नोटिस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के औरंगाबाद पश्चिम से शिवसेना (शिंदे गुट) विधायक और फडणवीस सरकार में कैबिनेट मंत्री संजय शिरसाट का कैश से भरे बैग के साथ वीडियो सामने आया है। उद्धव गुट के शिवसेना सांसद संजय राउत ने शुक्रवार को एक्स पर शिरसाट का वीडियो शेयर किया। इसमें वह एक कमरे में बिस्तर पर बैठकर सिगरेट पी रहे हैं। उनके बगल में पैसों से भरा एक बैग रखा है। कमरे में एक कुत्ता भी दिखा। एक और सूटकेस दिखा, जो बंद था। हालांकि, ये वीडियो कब और कहां का है, इससे जुड़ी कोई जानकारी नहीं दी गई। राउत ने कैप्शन में लिखा, मुझे सीएम देवेंद्र फडणवीस पर तरस आ रहा है। वे और कितनी बार अपनी प्रतिष्ठा को तार-तार होते देखेंगे? संजय शिरसाट ने एक दिन पहले ही बताया कि उन्हें इनकम टैक्स ने नोटिस भेजा है। इसमें उनसे पिछले दो विधानसभा चुनावों, 2019 और 2024 के बीच वित्तीय संपत्ति 3 करोड़ से बढ़कर 35 करोड़ रुपए होने पर जवाब मांगा गया है।

**शिरसाट बोले-बदनाम करने की कोशिश :** वीडियो सामने आने के बाद संजय शिरसाट ने कहा, मुझसे मिलने बहुत सारे कार्यकर्ता आते रहते हैं। किसने वीडियो बनाया मुझे नहीं पता, जिसने भी बनाया उनको मेरी शुभेच्छा। शिवसेना विधायक ने कहा, कुछ लोगों को हमारा अच्छा काम नहीं दिखता। वे जान बूझकर हमें टारगेट करना चाहते हैं। जो अच्छा काम करते हैं, लोग उन्हीं को बदनाम करने की कोशिश करते हैं। मुझे इसकी कोई चिंता नहीं है।



### गायकवाड़ पर एफआईआर

**मुंबई।** महाराष्ट्र विस के आकाशवाणी एमएलए हॉस्टल में एक कैंटीन कर्मचारी को थप्पड़, घूंसे मारने वाले शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। मुंबई के मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन में गायकवाड के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115(2) के तहत मामला दर्ज किया है।

### कन्नड़ अनिवार्य करने पर केंद्र-राज्य को नोटिस

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने कन्नड़ भाषा की पढ़ाई अनिवार्य करने पर सरकार से जवाब मांगा है। इसके लिए तीन हफ्ते का समय दिया गया है। अदालत ने राज्य और केंद्र सरकार को नोटिस भी जारी किए हैं। राज्य के सीबीएसई और सीआईएससीई स्कूलों में कन्नड़ की पढ़ाई अनिवार्य करने के खिलाफ 2023 में एक जनहित याचिका दायर हुई थी। कार्यवाहक चीफ जस्टिस वी. कामेश्वर राव और जस्टिस सीएम जोशी की बेंच ने शुक्रवार को मामले में सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। दो साल से ज्यादा समय बाद भी सरकार ने मामले में कोई आपत्ति दाखिल नहीं की है। इस पर बेंच ने कहा कि अपनी मशीनरी तैयार करें, वरना हम अंतरिम राहत देने पर विचार करेंगे।

## ऑफ बीट

### 11 माह की उम्र में बच्चा करता है स्केटबोर्डिंग



*महज 11 महीने की उम्र के बच्चे पैदा होने के कई महीनों बाद तक सही से चलना भी नहीं सीख पाते हैं। वे या तो क्रॉलिंग करते हैं या किसी का सहारा लेकर नन्हें कदम बढ़ा पाते हैं। लेकिन एक बच्चे ने कुछ महीनों की उम्र में ऐसा कारनामा कर दिखाया है, जिसे देखकर पूरी दुनिया दंग है। दरअसल, महज 11 महीने की आयु में यह नन्हीं-सी जान स्केटबोर्डिंग कर लेती है। यह बच्चा दक्षिण पश्चिमी चीन का रहने वाला है, जिसे प्यार से लोग जुआनजुआन कहकर पुकारते हैं। वह अभी तक एक साल का भी नहीं हुआ है, लेकिन स्केटबोर्ड पर प्रभावशाली कौशल प्रदर्शित कर रहा है। जुआनजुआन के माता-पिता सोशल मीडिया पर उसके वीडियो साझा करते हैं, जिनमें वह कुशलता से स्केटबोर्डिंग करता दिखाई देता है। वह 2 महीने से बिना किसी सहारे के स्केटबोर्डिंग करने में सक्षम है। जुआनजुआन के पिता लियू डाओलोंग एक पूर्व स्नोबोर्डिंग एथलीट हैं और चीनी राष्ट्रीय स्नोबोर्ड टीम के सदस्य हैं। यही कारण था कि वह अपने बेटे को छोटी उम्र से ही स्केटबोर्डिंग सिखाना चाहते थे।*

## संक्षिप्त खबरें

### पंजाब: मंत्री अरोड़ा और चीमा पर केस दर्ज

**चंडीगढ़।** साइबर सेल ने पंजाब के दो कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा और हरपाल चीमा पर वीडियो को टैंपर करके चलाने के मामले में केस दर्ज किया। विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने चंडीगढ़ के सेक्टर-3 थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी। अमन अरोड़ा आप के प्रदेश प्रधान भी हैं। बाजवा ने बताया कि चंडीगढ़ साइबर सेल ने दोनों ही कैबिनेट मंत्री के खिलाफ सेक्शन 336/4 बीएनएस 356 और बीएनएस 61/2 के तहत मामला दर्ज किया है। विपक्ष के नेता बाजवा ने आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल, सीएम भगवंत मान, वित्तमंत्री हरपाल चीमा और मंत्री व प्रदेश प्रधान अमन अरोड़ा के खिलाफ पुलिस में ७ जुलाई को शिकायत दर्ज करवाई थी। बाजवा ने शिकायत में कहा था कि इन नेताओं ने उनकी आधिकारिक वीडियो के साथ जानबूझकर छेड़छाड़ की।

### म्यांमार: बौद्ध मठ पर हवाई हमले, 23 की मौत

**बर्मा।** म्यांमार के सागाइंग क्षेत्र में एक बौद्ध मठ पर गुरुवार देर रात हुए हवाई हमले में 23 लोगों की मौत हो गई। यह हमला लिन ता लु गांव के मठ में हुआ, जहां 150 से ज्यादा लोग आसपास के गांवों से शरण लेने आए थे। हमले में 30 लोग घायल हुए, जिनमें 10 की हालत गंभीर है। मरने वालों में चार बच्चे भी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक जेट लड़ाकू विमान ने रात लगभग 1 बज गांव के मठ पर बम गिराए। हालांकि, ये हमला किसने किया इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। सेना ने घटना को लेकर अब तक कुछ नही कहा है। म्यांमार के स्वतंत्र डेमोक्रेटिक वॉयस ऑफ बर्मा ऑनलाइन मीडिया के मुताबिक मृतकों की संख्या 30 तक हो सकती है। म्यांमार में 2021 से गृहयुद्ध चल रहा है, जो फरवरी 2021 में सेना द्वारा तख्तापलट के बाद शुरू हुआ। सेना ने चुनी हुई सरकार, जिसका नेतृत्व आंग सान सू की कर रही थीं, को हटा दिया।

## रूस से तेल खरीदने पर भारत को 500% टैरिफ की धमकी

### ट्रंप ने अमेरिकी सांसदों के विधेयक का किया समर्थन

**वॉशिंगटन,जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उस विधेयक का समर्थन किया है, जिसमें भारत के खिलाफ 500 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी गई है। ये विधेयक रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर सख्त टैरिफ लगाने के लिए है। विधेयक का नाम सेंसनिंग रसिया एक्ट 2025 है। यह विधेयक उन देशों पर 500 प्रतिशत शुल्क लगाने का प्रावधान करता है, जो रूस से तेल, गैस, यूरेनियम और अन्य ऊर्जा संसाधनों का आयात करते हैं। भारत इस वक्त चीन के साथ रूस का सबसे बड़ा कच्चे तेल का खरीदार है। भारत ने वर्ष 2024-25 में 35 प्रतिशत रूसी तेल खरीदा है, ऐसे में यह विधेयक भारत की ऊर्जा सुरक्षा, आयात बिल और चालू खाता घाटे पर असर डालेगा।

#### प्रतिबंधों का भारत पर गंभीर असर!

यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के चलते रूस ने भारत जैसे देशों को भारी डिस्काउंट पर तेल बेचना शुरू किया। भारत 2022 में कुल तेल आयात का सिर्फ 2 प्रतिशत रूस से खरीदा था, वो अब करीब 40 प्रतिशत कच्चा तेल वहीं से खरीद रहा है। तेल मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने स्पष्ट कहा, रूस का तेल वैश्विक प्रतिबंधों के दायरे में नहीं है और भारत वैश्विक बाजार को स्थिर बनाए रखने में भूमिका निभा रहा है। ट्रंप ने विधेयक को 'ऑप्शनल' बताते हुए कहा, वे इसका उपयोग कर सकते हैं या फिर इसे टर्मिनेट भी कर सकते हैं। हालांकि, उन्होंने संकेत दिया कि वे इस पर 'गंभीरता से विचार' कर रहे हैं।

### हनी ट्रैप सीडी मामले में कमलनाथ को राहत

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** बहुचर्चित हनीट्रैप मामले में पूर्व सीएम कमलनाथ सहित दो नेताओं को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। मप्र हाईकोर्ट की इंदौर पीठ ने पूर्व सीएम कमलनाथ और पूर्व मंत्री गोविंद सिंह को बड़ी राहत देते हुए 'हनीट्रैप' कांड की कथित सीडी को लेकर उनके खिलाफ इंदौर के वकील भूपेंद्र सिंह कुशवाह द्वारा 2023 में दायर पीआईएल को खारिज कर दिया है। याचिका में दोनों कांग्रेस नेताओं के एक बयान के आधार पर दावा किया गया था कि 'हनीट्रैप' कांड की कथित सीडी उनके पास है। याचिका में गुहार लगाई गई थी कि मामले की निष्पक्ष जांच के लिए अदालत दोनों नेताओं को निर्देशित करे कि वे उक्त सीडी को पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंप दें। मप्र हाईकोर्ट की बेंच ने बताया कि कोई अदालत बिना किसी ठोस सबूत के अखबार में प्रकाशित समाचारों पर संज्ञान नहीं ले सकती।

## गुजरात की गिफ्ट सिटी की तर्ज पर मप्र में विकसित की जाएंगी 10 स्मार्ट सिटी

### सीएम यादव बोले-दुनिया के सामने मप्र मजबूत राज्य के रूप में खड़ा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** इंदौर में मप्र ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025 में सरकार को विभिन्न सेक्टर में 30 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं, इससे 15 हजार रोजगार के अवसर पैदा होंगे। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र न सिर्फ देश,बल्कि दुनिया के सामने एक मजबूत और आत्मनिर्भर राज्य के रूप में खड़ा हो रहा है।

सीएम ने गुजरात की 'गिफ्ट सिटी' का उदाहरण देते हुए कहा, ऐसी ही 10 स्मार्ट सिटीज मप्र में विकसित की जाएंगी। मप्र 10 लाख नए आवास तैयार किए जाएंगे। अलग-अलग सेक्टरों के लिए विशेष ग्रोथ कॉन्क्लेव होंगे, जिससे औद्योगिक विकास को नई गति, नई दिशा मिलेगी। सीएम ने कहा, प्रदेश में सौर ऊर्जा, ग्रीन फील्ड हाईवे, टाउनशिप और स्मार्ट सिटी परियोजना को बढ़ावा दिया जाएगा। डॉ. यादव शुक्रवार को इंदौर स्थित ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में 'मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025' को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा, देश की जीडीपी में मप्र का योगदान सिर्फ 3 प्रतिशत था, अब 8.5 प्रतिशत तक पहुंच गया है, इसका श्रेय लोगों, निवेशकों और पीएम मोदी की दूरदर्शिता को जाता है। रियल एस्टेट सर्वाधिक प्रोगेसिव है और यह नवनिर्माण में बड़ा सहयोग दे रहा है। इसे प्रोत्साहन देने के लिए मप्र के बड़े शहरों में ग्रोथ कॉन्क्लेव कर, सबको घर मुहैया कराकर नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाएंगे। डॉ. यादव ने प्रमुख निवेशकों हुडको अध्यक्ष संजय कुलश्रेष्ठ, पटेल इंफ्रा के अरविंद विदुल भाई पटेल, आईटीसी के आशीष पाल, एमकेसी इंफ्रा के केतन पटेल, ओमेक्स ग्रुप के मोहित गोयल,मेडुला सॉफ्ट प्रालि के शांतनु शर्मा सहित दूसरे निवेशकों से चर्चा भी की।



#### प्रदेश को 12360 करोड़ की सौगातें

कॉन्क्लेव में डॉ. यादव ने प्रदेश के विकास के लिए 12360 करोड़ रुपए की सौगातें भी दी। उन्होंने मुख्य रूप से जल प्रदाय, सीवरेज, स्वच्छता और अधोसंरचना निर्माण के लिए 5454 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया।

### ऑपरेटर के हाथों 35 हजार रिश्वत ले रहा था बीएमओ



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस इंदौर ने शुक्रवार को बड़वानी जिले के ठीकरी में पदस्थ मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) डॉ. राजवीर तोमर और उनके दफ्तर में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर राहुल कुमार गुप्ता के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया है। लोकायुक्त ने रिश्वत के 35 हजार रुपए लेते हुए संविदा कंप्यूटर ऑपरेटर गुप्ता को पकड़ा है। राहुल ने पूछताछ में कहा, उसने बीएमओ डॉ. तोमर के कहने पर रिश्वत मांगी और ली थी। जांच दल ने कॉल रिकॉर्डिंग और कंप्यूटर ऑपरेटर के बयान के आधार पर बीएमओ डॉ. तोमर के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 एवं बीएनएस की धारा 61 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

## पूर्व मंत्री शर्मा के सिरोंज में स्वीकृत यूआईटी अपने विस क्षेत्र शुजालपुर ले गए मंत्री परमार

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि का ५वां यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी (यूआईटी) शुजालपुर में खुलेगा। आरजीपीवी ४० करोड़ खर्च करेगा। इसकी स्वीकृति शुक्रवार को हुई कार्यपरिषद बैठक में दी गई। 13 साल पहले तत्कालीन तकनीकी शिक्षा मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा ने सिरोंज में ये यूआईटी मंजूर कराया था। इसके लिए पद भी मंजूर किए गए थे। शर्मा के 2013 का चुनाव हारने के बाद सिरोंज में यूआईटी आकर नहीं ले सका। मंत्री इंदर सिंह परमार ने तकनीकी शिक्षा विभाग मिलने के बाद सिरोंज में स्थापित होने वाले यूआईटी को अपनी विधानसभा क्षेत्र शुजालपुर में खोलने की तैयारी में है। इसकी अंतिम मोहर कार्यपरिषद की बैठक में लगा दी गई। हालांकि, इस प्रस्ताव का कुछ शिक्षकों ने विरोध किया है। वर्तमान में आरजीपीवी कैंपस में यूआईटी, यूआईटी शहडोल, यूआईटी शिवपुरी और यूआईटी झाबुआ में चल रहे हैं। अब ५वां यूआईटी शुजालपुर में होगा। बैठक में करीब आधा दर्जन मुद्दों पर चर्चा की गई।

#### आरजीपीवी में भी कुलगुरु

मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद राजभवन ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय के कुलपति का पदनाम बदलकर कुलगुरु कर दिया है। सिर्फ आरजीपीवी में ही कुलपति पदनाम का उपयोग हो रहा था, जिसे ईसी में कुलगुरु कर दिया गया है। आरजीपीवी में पीएचडी के लिए यूजीसी के नए अध्यादेश 2022 को स्वीकार किया गया है। इससे आगामी सत्र में होने वाली पीएचडी यूजीसी के नए नियमों के तहत प्रवेश देकर कराई जाएगी।

### बलूचिस्तान में बस से उतारकर देखा पहचान पत्र, ९ की हत्या

**कराची, जेएनएन।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में शुक्रवार को कुछ बंदूकधारियों ने एक यात्री बस से पंजाब प्रांत के ९ यात्रियों को उतारकर उन्हें गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। सहायक आयुक्त झोब नवीद आलम ने बताया कि घटना बलूचिस्तान के झोबू इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई। हमलावरों ने पहले यात्रियों के पहचान पत्र देखे और क्वेटा से लाहौर जा रही बस से ९ यात्रियों को उतारकर उन्हें गोली मार दी। सभी ९ लोग पंजाब प्रांत के थे। उन्होंने कहा कि सभी ९ लोगों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। हालांकि, अभी तक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। इससे पहले विद्रोहियों ने क्वेटा, लोरालाई और मस्तुंग में 3 अन्य आतंकवादी हमले भी किए थे। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद दावा किया था कि सुरक्षा बलों ने आतंकियों के हमलों को नाकाम कर दिया था।

**तकनीक** | जापान ने बनाया 10.20 लाख जीबी प्रति सेकंड इंटरनेट स्पीड का वर्ल्ड रिकॉर्ड, भारत से 1.6 करोड़ गुना तेज

## नेटफ्लिक्स की पूरी लाइब्रेरी एक सेकंड में होगी डाउनलोड

**नई दिल्ली, जेएनएन।** तकनीक के मामले में जापान ने एक बार फिर लोहा मनवाया है। जापान ने 10.20 लाख गीगाबिट्स (जीबी) प्रति सेकंड की इंटरनेट स्पीड हासिल करके नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। इस स्पीड से आप नेटफ्लिक्स की पूरी लाइब्रेरी या 10,0004केवी मूवीज को महज एक सेकंड में डाउनलोड कर सकते हैं। 150 जीबी का गेम 3 मिली सेकंड में डाउनलोड होगा। ये भारत की औसत इंटरनेट स्पीड लगभग 63.55 एमबीपीएस से करीब 1.6 करोड़ गुना तेज है।

वहीं एवरेज अमेरिकी इंटरनेट स्पीड से 35 लाख गुना ज्यादा तेज है। इससे पहले भी ये रिकॉर्ड जापान के नाम था। मार्च 2024 में जापान ने 402 टेराबिट्स प्रति सेकंड (टीबीपीएस) यानी, 50,250 गीगाबिट्स प्रति सेकंड की स्पीड हासिल की थी। यह रिकॉर्ड स्टैंडर्ड ऑप्टिकल फाइबर केबल्स का उपयोग करके बनाया गया था।




#### 19-कोर ऑप्टिकल फाइबर टेक्नोलॉजी का उपयोग

इस रिकॉर्ड को जापान के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशंस टेक्नोलॉजी (एनआईसीटी) और सुमितोमो इलेक्ट्रिक इंडस्ट्रीज की एक जॉइंट टीम ने हासिल किया। उन्होंने जून में 1.02 पेटाबिट्स प्रति सेकंड की स्पीड से डेटा भेजकर यह रिकॉर्ड बनाया है। इसमें 19-कोर ऑप्टिकल फाइबर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है। ये आज की स्टैंडर्ड फाइबर केबल्स जितनी ही पतली (0.125 मिमी) है, लेकिन इसमें 19 अलग-अलग कोर हैं।

#### सबसे तेज इंटरनेट स्पीड वाले टॉप-10 देश

| रैंक | देश | स्पीड (एमबीपीएस) |
|---|---|---|
| 1 | सिंगापुर | 361.40 |
| 2 | हॉन्ग कॉन्ग | 305.31 |
| 3 | चिली | 298.50 |
| 4 | यूएई | 286.61 |
| 5 | थाईलैंड | 266.79 |
| 6 | डेनमार्क | 246.33 |
| 7 | द.कोरिया | 233.74 |
| 8 | यूएस | 230.55 |
| 9 | फ्रांस | 223.06 |
| 10 | स्पेन | 215.37 |

नोटः भारत इस लिस्ट में शामिल नहीं है। यहां एवरेज ब्रॉडबैंड स्पीड (63.55 एमबीपीएस) और मोबाइल स्पीड (100.78 एमबीपीएस) है।

#### ये तकनीक

सामान्य फाइबर केबल में एक कोर होता है, जो डेटा को एक सिंगल लेन में भेजता है। 19-कोर फाइबर एक 19-लेन हाईवे की तरह है, जहां हर कोर अलग डेटा भेजता है। शोधकर्ताओं ने खास तरह के एम्प्लिफायर्स का इस्तेमाल किया, जो सिग्नल को 1,808 किमी की दूरी तक बिना कमजोर हुए पहुंचाने में मदद करते हैं। जब डेटा लाइट की तरह फाइबर केबल में लंबी दूरी तक जाता है, तो सिग्नल कमजोर पड़ने लगता है, जैसे लंबी सैर के बाद आपकी एनर्जी कम हो जाती है। एम्प्लिफायर्स इस सिग्नल को फिर से ताकतवर बनाते हैं।

## मप्र के लोगों से खाटूश्याम में मारपीट, चार गिरफ्तार

### बारिश से बचने दुकान में घुसा था परिवार

**सीकर।** खाटूश्याम मंदिर में दर्शन करने आए मप्र के श्रद्धालुओं से दुकानदारों ने बीच बाजार में जमकर मारपीट की। खाटूश्यामजी में शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे बारिश हो रही थी। बारिश से बचने श्रद्धालु एक दुकान में चले गए थे। श्रद्धालुओं ने दुकानदार से थोड़ी देर रुकने देने की गुहार लगाई। इससे नाराज दुकानदार ने धक्का-मुक्की शुरू कर दी। बाद में दुकानदारों ने लाठी और डंडों से पीटना शुरू कर दिया। श्रद्धालुओं का कहना है कि दुकानदारों ने महिलाओं के साथ भी मारपीट की। उनके मंगलसूत्र व चेन तक तोड़ दी। पुलिस ने 4 दुकानदारों मांगीलाल निवासी चौमूं, मेघराज योगी निवासी ससाड़ी पाड़ा, सवाई माधोपुर, राजकुमार कुमावत निवासी इटावा धाना, रेनवाल व राकेश मीणा निवासी खंडेलसर को गिरफ्तार कर लिया है।



#### धक्का-मुक्की भी की

एएचओ ने बताया कि सुबह 10 बजे उज्जैन के आगर-मालवा से पीयूष भाटी, निक्की, लव, अर्चना परिवार के साथ खाटू श्यामजी दर्शन करने आए थे। यहां बारिश हो रही थी, तो श्रद्धालु श्याम कुंड जाने वाले रास्ते पर एक दुकान में रुक गए। दुकानदार ने बाहर जाने को कहा, लेकिन वे वहीं पर रुक गए। इसी को लेकर दुकानदार ने धक्का-मुक्की की। बाद में लाठी, डंडों से पिटाई कर दी।

# कलेक्टर ने जिला पंचायत में ली समन्वय बैठक



**जागरण, सतना।** कलेक्टर के द्वारा जिला पंचायत के सदस्यों व पदाधिकारियों के चर्चा अनुसार पूर्व से निर्धारित समन्वय बैठक जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह कलेक्टर महोदय डॉक्टर सतीश कुमार एस सीईओ जिला पंचायत सुश्री संजना जैन जी की उपस्थित में समन्वय बैठक की गई।जिसमें बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा विभिन्न प्रकार के जवाब सवाल किए गए जिसमें कलेक्टर महोदय द्वारा बखूबी जबाव देते हुए मान .सदस्यों को संतुष्ट किए।साथ ही सदस्यों से आगामी होने वाले प्रमुख बैठकों सामान्य प्रशासन सामान्य सभा के बैठकों के साथ साथ स्थाई समितियों की समयानुसार बैठक रखने व सहयोग प्रदान करने हेतु अनौपचारिक रूप से अपेक्षा की गई।तो स्थाई समितियों के अध्यक्ष सदस्यों ने उत्सुकता जताई और कहा कि आपका अच्छा सुझाव है पर प्रमुख बैठकों में एजेंडा ज्यादा रहते है जिससे समय अभाव रहता है उसमें माननीय कलेक्टर महोदय द्वारा सुझाव दिए कि कुछ प्रमुख सीमित एजेंडा भी हो सकता है।जिसमें आसानी से चर्चा सदन में की जा सकती है ।सदस्यों को निराकरण से अवगत कराए गए कि पोर्टल भारत सरकार का है जिसमें एक बार संशोधन हो जाने के बाद दोबारा नहीं होगा।वर्ष 2025-26 हेतु 15वे वित्त के कार्यों के संबंध में आगामी सामान्य सम्मेलन की बैठक 17 जुलाई को सदस्यों के नियमानुसार किया जाएगा।तथा डीपी डी पी मैनुअल जानकारी भी भेजने हेतु भोपाल को कहा गया। उपाध्यक्ष ईई आर ई एस से पूर्व से शिक्षा विभाग के निर्माण कार्य से जुड़े जांच के संबंध में जानकारी चाही गई जो कि ट्रांफर होकर आए नवीन ईई आर ई एस केरकेट्टा ने जिले में अभी पदस्थापना होने व जानकारी का अभाव बताते हुए आगामी समय में उक्त जानकारी से अवगत करने हेतु कहा गया ।साथ ही सदस्यों की मांग अनुसार की समितियों के बैठकों के संचालन नियम प्रावधानों को भी उपलब्ध कराया जाए तो माननीय कलेक्टर सर ने सभी को पंचायतराज अधिनियम अनुसार नियम प्रावधानों को उपलब्ध करने हेतु कहा गया।साथ ही समय पर सभी मान. सदस्यों को एजेंडा उपलब्ध कराने हेतु समितियों के सचिवों को निर्देशित किए। व सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों समितियों की बैठक में उपस्थित रहे यदि किसी कारण बस उपस्थित नहीं हो पाते तो अपने से सेकंड लाइन के अधिकारी को भेजे साथ ही आगामी बैठक में स्वयं उपस्थित हों,कुछ सदस्यों द्वारा नवीन बने जिले मैहर में ग्रामीण विकास विभाग की बैठक करने की मांग की गई ,जिसमें मान. कलेक्टर महोदय द्वारा कहा गया कि अनौपचारिक रूप से बैठक आयोजित कराई जा सकती है।बैठक में मुख्य रूप से मान. जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह सभापति संचार संकर्म ज्ञानेंद्र सिंह अध्यक्ष सहकारी समिति रमाकांत त्रिपाठी जी,सभापति जैवविविधता श्री सुभाष बुनकर, सभापति वनस्मिति हरीशकांत त्रिपाठी जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह श्रीमती जाह्नवी यादव श्रीमती सावित्री त्रिपाठी श्रीमती जयंती महेश तिवारी,ल डी एफओ मयंक चांदी वाल जी,सहायक कलेक्टर श्री अनिकेत शांडिल्य पी डब्लू डी ई श्री बी आर सिंह, ईई पी एच ई ईई आरई एस डीईओ सतना विष्णु त्रिपाठी मत्स्य अधिकारी,एपीओ सी पी तिवारी अवधेस सिंह,आशीष द्विवेदी कुलदीप सिंह आदि लोगउपस्थित रहे।

# रेलवे परियोजना के निर्माण कार्यों की बाधाओं का समाधान करें : कमिश्नर

## ललितपुर सिंगरौली रेलवे लाइन के कार्यों की समीक्षा बैठक



**जागरण, रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने ललितपुर सिंगरौली रेलवे लाइन में सतना, रीवा, सीधी और सिंगरौली में चल रहे कार्यों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि संभाग के सभी जिलों में भू अर्जन का कार्य लगभग पूरा हो गया है। न्यायालयीन प्रकरण अथवा अन्य कारणों से जो प्रकरण शेष हैं उनका भी निराकरण तेजी से करें। सभी कलेक्टर भू अर्जन प्रकरणों के निराकरण की हर सप्ताह समीक्षा करें। शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए भू अर्जन की कार्यवाही पूरी करें। भू अर्जन करते समय विस्थापित परिवारों के हितों का भी पूरा ध्यान रखें। निर्माण कार्यों के लिए जमीन प्राप्त होने के बाद रेलवे तत्काल उस पर निर्माण कार्य शुरू करे। निर्माण कार्य में देरी होने से कई तरह की कठिनाईयाँ उत्पन्न हो जाती हैं। रीवा से बघवार तक रेलवे लाइन बिछाने का कार्य पूरा हो गया है। सीधी जिले में शेष क्षेत्र में लाइन बिछाने का कार्य तेजी से करें।

कमिश्नर ने कहा कि मुआवजा वितरण के बाद भी यदि निर्माण कार्यों में कोई बाधा डालता है तो राजस्व अधिकारी मौके पर जाकर उसका निराकरण करें। रेलवे के अधिकारी तथा राजस्व अधिकारी समन्वय के साथ परियोजना के निर्माण कार्यों को पूरा कराएं। सीधी जिले के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि जो प्रकरण न्यायालय में दर्ज हैं उन्हें लोक अदालत के माध्यम से निराकृत करने का प्रयास करें। भू अर्जन से प्रभावितों से सतत संपर्क करके लंबित प्रकरणों का निराकरण कराएं। राजस्व अधिकारियों ने भू अर्जन में बहुत अच्छा कार्य किया है। रीवा से देवसर तक रेलवे लाइन निर्माण की सभी बाधाएं दूर हो गई हैं। रेलवे तेजी से निर्माण कार्य पूरे करे। कलेक्टर सीधी तीन स्थानों पर आ रही कठिनाईयों को एक सप्ताह में दूर कराएं।

**सात दिन में मुआवजा राशि का वितरण कराएं :** कमिश्नर ने सतना जिले के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि रीवा-सतना रेलवे लाइन के दोहरीकरण में शेष बचे 19 किलोमीटर भाग में भू अर्जन की कार्यवाही एक माह में पूरा करें। जिनमें अवार्ड पारित हो गया है उनमें सात दिन में मुआवजा राशि का वितरण कराएं। ग्राम तपाकोठार में एसडीएम रामपुर बघेलान मौके पर जाकर सीमांकन करा दें। नागौद तहसील में लंबित 8 गांवों के भू अर्जन के प्रकरणों की सभी बाधाएं एक माह में दूर करें। सभी राजस्व अधिकारी रेल परियोजना से जुड़े प्रकरणों पर विशेष ध्यान दें। ग्राम सड़वा, गंगवरिया और विकरा में भू अर्जन की कार्यवाही तत्परता से करें। कमिश्नर ने सिंगरौली जिले के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि पूरी पारदर्शिता के साथ भू अर्जन के प्रकरणों का निराकरण करें। बैठक में कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी ने बताया कि भू अर्जन के कारण रेलवे निर्माण कार्य में कहीं भी बाधा नहीं है। भू अर्जन से जुड़े प्रकरणों पर तत्परता से कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर ने ग्राम झांझ, रायखोर, पड़खुरी पवाई, पटेहरा, हर्दिहा पवाई, झलवार, ममदर, रघुनाथपुर, कोतरकला, नौढ़िया, मधुरी कोठार सहित विभिन्न ग्रामों के भू अर्जन की ग्रामवार जानकारी दी। बैठक में कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला ने बताया कि चितरंगी तहसील तथा देवसर तहसील में तैयार मुआवजा प्रकरणों पर तत्परता से कार्यवाही की जा रही है। ग्राम मऊ और जियावन के शेष प्रकरण एक माह में निराकृत कर दिए जाएंगे। कुशियारी में भूमि विवाद निराकृत करके मुआवजा राशि का वितरण कर दिया गया है। बैठक में कलेक्टर रीवा प्रतिभा पाल, कलेक्टर सतना सतीश कुमार एस, कलेक्टर मैहर रानी बाटड, पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह, संबंधित जिलों के एसडीएम, रेलवे के अधिकारी जीएस मीणा, सुनील प्रजापति, आरके स्वाई, इन्द्रजीत वर्मा तथा मान सिंह मीणा उपस्थित रहे।

# गरीबों को उजाड़, हवाई पट्टी बनाना तुगलकी फरमान : बालेश त्रिपाठी



**सतना ।** रामपुर बाघेलान जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष व कांग्रेस नेता बालेश त्रिपाठी ने कहा कि भारी बरसात में गरीबों का घर उजाड़ कर सतना एयरपोर्ट के रनवे को 600 मीटर बढ़ाया जाने का निर्णय किसी तुगलकी फरमान से कम नहीं । श्री त्रिपाठी ने आगे कहा कि सतना एयरपोर्ट के रनवे की आवश्यकता अनुसार लंबाई बढ़ाने के विरोध में नहीं है किंतु गरीबों के घरौंदे ढहा कर नहीं क्योंकि अर्से पहले राजस्व विभाग के तत्कालीन अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर नभ विभाग की भूमियों के क्रय विक्रय का खेल भी हुआ जब यह तथ्य शासन के संज्ञान में आया तो कई मुकदमे भी दर्ज हुए इन्हीं भ्रष्ट अधिकारियों के द्वारा गरीबों का शोषण कर एयरपोर्ट की भूमि पर निर्माण भी कराए गए तब ना नभ विभाग ने रोका और ना ही नगर निगम ने और अब उनके बसाहट की दूसरी पुख्ता व्यवस्था किए बिना वहां से बेदखल करना अन्याय पूर्ण कदम सिद्ध होगा जिसे किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, इस मुद्दे को पार्टी फोरम में रखकर गरीबों के हित के लिए निर्णायक लड़ाई का आगाज होगा ।

# स्कूलों में नामांकन और मैपिंग 90 प्रतिशत से कम होने पर होगी कार्यवाही

**जागरण, सतना ।** जिला शिक्षा अधिकारी विष्णु त्रिपाठी ने सभी हाईस्कूल और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के संकुल प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि वे अपने संकुल अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय विद्यालयों का शत-प्रतिशत नामांकन 14 जुलाई 2025 के पूर्व पूर्ण कराना सुनिश्चित करे। यदि इस अवधि तक जिन संकुलों का नामांकन, मैपिंग का कार्य पूर्ण नहीं होगा तो संबंधित संकुल प्राचार्यो का आगामी माह का वेतन रोका जाकर अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव विहित अधिकारी को भेज दिया जायेगा। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व प्राचार्य का होगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सचिव स्कूल शिक्षा एवं आयुक्त लोक शिक्षण द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिन शालाओं के नामांकन, मैपिंग का कार्य 90 प्रतिशत से कम होगा उनके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करते हुए 14 जुलाई को ली जाने वाली वीडियो कान्फ्रेंसिंग में जिला शिक्षा अधिकारी जानकारी प्रस्तुत करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि संकुल प्राचार्यों को समय-समय पर जिला स्तर से वर्चुअल समीक्षा बैठक कर और व्हाटसअप ग्रुप के माध्यम से शत-प्रतिशत नामांकन शीघ्र पूर्ण कराने के लिए कहा गया है। इसके बावजूद भी शासकीय, अशासकीय विद्यालयों का शत-प्रतिशत नामांकन अभी तक पूर्ण नहीं किया जा सका है। जिले की इस स्थिति को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग और लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा गंभीर अप्रसन्नता व्यक्त की गई है।

## भा. शक्ति चेतना पार्टी ने जनसंख्या नियंत्रण हेतु सौंपा ज्ञापन

**जागरण, सीधी।** शुक्रवार को दोपहर 3 बजे भारतीय शक्ति चेतना पार्टी जिला सीधी द्वारा प्रधानमंत्री के नाम जनसंख्या नियंत्रण के विषय में कलेक्ट्रेट कार्यालय में तहसीलदार गोपदबनास राकेश शुक्ला को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें मुख्य रूप से भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक सिंह चौहान, उपाध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता, जिला प्रवक्ता दद्दूलाल पाण्डेय, अध्यक्ष किसान मोर्चा राजबहोरन सिंह चौहान, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रामशिरोमणि गुप्ता, नागेन्द्र सिंह चौहान, नागमुनि गुप्ता, विमलेश सोनी, देवनारायण गुप्ता, रोहिणी गुप्ता, आशीष सिंह चौहान, अमन पाण्डेय के साथ पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ग्राम पंचायत भरहुत में किया गया पौधरोपण



**जागरण, सतना।** राज्य शासन के निर्देशानुसार तथा जिला प्रशासन सतना के मार्गदर्शन में सरकारी तथा निजी संस्थाओं द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृह्द पैमाने पर पौधरोपण किया जा रहा है। इसी कडी में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. राजेश तिवारी और विकासखंड समन्वयक श्याम सुन्दर मिश्रा एवं नवांकुर संस्था वसुंधरा जन सेवा समिति मैनहा द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ग्राम पंचायत भरहुत में पौधारोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्त्ता देवेन्द्र सिंह के सहयोग से भरहुत के लाल पहाड़ मैदान में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सहभागियों ने 5-5 पौधे अपनी मां के नाम पर रोपे और उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

# झगड़े के चार आरोपी गिरफ्तार, जादू-टोने के विरोध पर की थी मारपीट

**छतरपुर ।** गौरैया गांव में हुए झगड़े के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना सिविल लाइन प्रभारी बाल्मीकी चौबे ने बताया कि यह घटना 24 फरवरी 2025 की दोपहर करीब डेढ़ बजे की है, जब फरियादी श्याम सेवक गुप्ता ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी के अनुसार, आरोपी नंदकिशोर, छुट्टेलाल, पुरूषोत्तम और भागीरथ कुशवाहा ने उनके और उनके परिवार के साथ मारपीट की थी। इस घटना के बाद पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी, लेकिन आरोपी तब से फरार चल रहे थे। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी गांव में देखे गए हैं। सूचना के आधार पर शुक्रवार को पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। श्याम सेवक गुप्ता ने रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया था कि आरोपी जादू-टोने जैसी गतिविधियों में लिप्त थे ।

## प्रशिक्षण में अनुपस्थित बीएलओ के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश

**सतना ।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार सतना एवं मैहर जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बीएलओ का प्रशिक्षण 7 जुलाई से प्रारंभ किया जाकर 17 जुलाई तक पूरा किया जायेगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं रिटर्निंग आफीसर को निर्देशित करते हुए कहा है कि प्रशिक्षण में अनुपस्थित बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए जबाव प्राप्त किया जाये। जवाब समाधान कारक न पाये जाने पर संबंधित बीएलओ का अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए कार्यालय को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें।

## जिला सलाहकार समिति की बैठक आज

**सतना।** गर्भधारण प्रसव पूर्व निदान तकनीक पीसी एण्ड पीएनडीटी के तहत जिला सलाहकार समिति की बैठक 12 जुलाई को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सतना में दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है।

# आजाद अध्यापक शिक्षक संघ शिक्षक निकालेगा स्वाभिमान रैली




**जागरण, सीधी।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मप्र प्रांताध्यक्ष भरत पटेल के आह्वान पर ई-अटेंडेंस के विरोध में 13 जुलाई रविवार को शिक्षक स्वाभिमान रैली निकालकर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। हरीश मिश्रा जिलाध्यक्ष एवं विजय तिवारी प्रांतीय उपाध्यक्ष ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि सीधी सहित प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ शिक्षक स्वाभिमान रैली का आयोजन किया जा रहा है। ई-अटेंडेंस के विरोध के साथ ही केंद्र के कर्मचारियों की भांति पेंशन योजना का लाभए लंबित एरियर्स भुगतानए लंबित क्रमोन्नति आदेश एवं राज्य शिक्षा सेवा में संविलियन के शेष आदेश जारी करने, नियुक्ति दिनांक से सेवावधि की गणना कर ग्रेज्युटी का लाभ प्रदान करने संबंधी मांगे प्रमुख रहेगी। जिलाध्यक्ष हरीश मिश्रा एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष विजय तिवारी ने कहा है कि प्रदेश का हर शिक्षक सभी शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ ही छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर बेहतर परीक्षा परिणाम दे रहा है। प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रदेश के छात्र आधिकारिक संख्या में चयनित होकर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैंत्र। इसके बावजूद शिक्षकों को ही ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता आखिर क्यों थोपी गई। यह भी कहा कि शिक्षकों को ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता उनके स्वाभिमान पर गहरा आघात एवं शिक्षा व्यवस्था को अव्यवस्थित करने की सोची समझी चाल है। ई-अटेंडेंस के विरोध में 13 जुलाई रविवार को स्थानीय विथिका भवन में जिले भर के शिक्षकों का एकत्रीकरण पश्चात रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे जाने हेतु सभी शिक्षकों से कार्यक्रम में शामिल होने हरीश मिश्रा जिला अध्यक्ष, विजय तिवारी प्रांतीय उपाध्यक्ष, शिवकरण सिंह प्रांतीय संगठनमंत्री, संतोष पाण्डेय प्रांतीय मीडिया प्रभारी, सावित्री पाण्डेय प्रांतीय सहसचिव, नाथू लाल पटेल प्रांतीय सह संगठन मंत्री, डॉ. राजेश पाण्डेय जिला संयोजक, अरुण सिंह कार्यकारी जिलाध्यक्ष, अयोध्या पटेल मझौली प्रभारी, रमेश पाणडेय संभागीय उपाध्यक्ष, प्रवीण मिश्रा जिला मीडिया प्रभारी, संतोष प्रजापति जिला सचिव, वीरेश सिंह संरक्षक, डीके सिंह जिला उपाध्यक्ष, महेश प्रजापति जिला उपाध्यक्ष, डॉ. राकेश सिंह जिला उपाध्यक्ष, आदि सभी पदाधिकारियों ने अपील किया है।

# पीएम श्री विद्यालय चोरहटा में जलभराव



**सतना ।** पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चोरहटा जहां सैकड़ों छात्र-छात्राए अध्ययन रत हैं वहीं चारो तरफ बारिश का पानी भराव हो जाने तथा स्कूल की छतें दर-दर है काई जगहों से पानी टपक रहा है वहीं छात्र-छात्राओं को स्कूल आने जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा रहा है वहीं स्कूल की छतें टपकने से छात्र-छात्राएं इधर-उधर छुपते फिरते हैं और संबंधित जिम्मेदार पदाधिकारी बच्चों के तबाही का तमाशा देखते खड़े रहते हैं चोरहटा विद्यालय के बच्चे बहुत ही मुसीबत से गुजर रहे हैं बच्चों के साथ कभी भी कोई अप्रिय बड़ी घटना घट सकती है ऐसे गंभीर हालत को देखते हुए प्रजापति संघ के जिला अध्यक्ष गोरेलाल प्रजापति ने कलेक्टर सतना तथा जिला शिक्षा विभाग अधिकारी सतना से आग्रह किया है कि शीघ्र पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चोरहटा को गंभीरता से लेकर पानी के भराव जर्जर छतों की समस्या को दूर कराएं अन्यथा छात्र छात्राओं के जीवन के साथ बड़ी दुर्घटना हो सकती है यदि विद्यालय में कोई छती हुई तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग तथा शासन-प्रशासन की होगी।

## 24 घण्टे के अंदर सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के किया गया सुपुर्द

**पन्ना ।** मध्यप्रदेश थाना सलेहा क्षेत्र अंतर्गत एक व्यक्ति द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसका मूकबधिर नाबालिग पुत्र अचानक लापता हो गया है और उसके अपहरण की आशंका है। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए थाना सलेहा में तत्काल मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित कर बालक की तलाश हेतु संभावित स्थानों जैसे बस स्टैंड, होटल एवं आसपास के क्षेत्रों में सघन सर्च ऑपरेशन चलाया गया। साथ ही, सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर सुराग एकत्रित किए गए। लगातार प्रयासों के फलस्वरूप यह सूचना प्राप्त हुई कि बालक सलेहा थाना क्षेत्र में ही एक स्थान पर देखा गया है। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाही करते हुए आज दिनांक 11.07.2025 को बालक को सकुशल बस स्टेण्ड सलेहा से दस्तयाब किया गया। दस्तयाबी उपरांत नियमानुसार समस्त वैधानिक कार्यवाही पूर्ण कर बालक को उसके मातापिता के सुपुर्द किया गया।

# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## उपाध्यक्ष बनाए जाने पर रोहिणी रमण ने जताया आभार



**जागरण, मझौली।** कई महीनो के इंतजार के बाद भाजपा मंडल मड़वास की कार्यकारिणी गठित की गई है, जिसमें भाजपा पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता जो की कई वर्षों तक भाजपा युवा मोर्चा मड़वास मंडल के अध्यक्ष पद के जिम्मेदारी निर्वह्न करते हुए भाजपा मंडल के पूर्व कार्यकारिणी में भी उपाध्यक्ष की भूमिका निभा चुके हैं। वर्तमान में विधायक प्रतिनिधि धौहनी की भूमिका निभा रहे चंदौहीडोल ग्राम पंचायत के अमोहराडोल निवासी रोहिणी रमण मिश्रा को पुनः अभी हाल ही में गठित की गई। भाजपा मंडल मड़वास की कार्यकारिणी में बतौर उपाध्यक्ष शामिल किया गया है। जिसके लिए श्री मिश्रा द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान, सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, क्षेत्रीय विधायक कुंवर सिंह टेकाम मंडल अध्यक्ष केके मिश्रा के साथ शीर्ष नेतृत्व का तहे दिल से आभार व्यक्त करते हुए पार्टी के प्रति कर्तव्य दायित्व निर्वह्न का हर संभव भरोसा दिलाया है। बताते चलें कि रोहिणी रमण मिश्रा कई वर्षों से पार्टी के प्रति लगनशीलता, कर्तव्य निष्ठा के साथ काम कर पार्टी को मजबूत करने का प्रयास करते आ रहे हैं। इनकी गरीब व निम्न वर्गों के लोगों के साथ अच्छा तालमेल है। विगत कई वर्षों से 70 से 80 प्रतिशत अदर काष्ट एससी, एसटी, ओबीसी वाली ग्राम पंचायत चदौहीडोल का नेतृत्व कर रहे हैं, जहां पूर्व पंचवर्षीय योजना में उप सरपंच की भूमिका निभाते हुए लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ क्षेत्र के विकास में काफी योगदान दिए जिसका परिणाम रहा की 2023 के हुए चुनाव में धर्मपत्नी को भारी मतों से सरपंच पद पर विजय दिलाने में कामयाबी हासिल किए है। जो लगातार ग्राम पंचायत के लोगों के साथ क्षेत्र के लोगों की भी मदद करने में कभी पीछे नहीं हटते यही कारण है कि लोगों के बीच श्री मिश्रा अपनी अलग पहचान बनाए हुए हैं। शायद उनकी इसी लोकप्रियता एवं पार्टी के प्रति कर्तव्य निष्ठा पूर्वक लग्नशीलता से काम करने के कारण इन्हें कार्यकारिणी में शामिल किया गया है।

## सतीश द्विवेदी को मातृशोक



**जागरण, सीधी।** रामपुर नैकिन बघवार निवासी वरिष्ठ संविदाकार और समाज सेवी भाजपा नेता सतीश कुमार द्विवेदी की माता सावित्री द्विवेदी का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। निधन का समाचार प्राप्त होते ही बघवार अंचल में शोक की लहर दौड़ गई। डॉ. नीरज द्विवेदी, पूर्व सांसद गोविंद मिश्रा निज निवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्ति की। स्व. सावित्री द्विवेदी अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गई है।

## प्राणनाथ ग्रीन कॉरिडोर में लगाएं जा रहे हैं 5 से 6 फीट ऊंचे पौधे

**पन्ना ।** पन्ना नगर की छतरपुर अजयगढ़ बाईपास लगभग 5 किलोमीटर लंबे इस मार्ग में दोनों और पिछले वर्ष श्री 108 श्री प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के द्वारा दोनों तरफ लगभग 25 00 पौधों का रोपण कराया गया था, साथ ही पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगवाए गए थे। इसके अलावा गर्मी में टैंकर की मदद से इन पौधों में पानी भी डलवाया गया था। परिणाम स्वरूप किए गए पौधरोपण में 80त्न से अधिक पौधे जिंदा है और सरवाइव कर रहे हैं। जो पौधे किन्हीं कारण बस सूख गए है उन जगहों पर ट्रस्ट द्वारा नए पौधों का रोपण कराया जा रहा है। इस कार्य में उत्तर वन मंडल अंतर्गत विश्रमगंज रेंज के वन परिक्षेत्र अधिकारी एवं वृक्ष मित्र आशीष शर्मा रीवा द्वारा भी सहयोग किया जा रहा है।

## 5 से 6 फीट ऊंचे पोस्ट का किया जा रहा रोपण

श्री 108 प्राणनाथ मंदिर ट्रस्ट के सचिव राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष 3 से 4 फीट ऊंचे पौधों का रोपण किया गया था जो की काफी हद तक सफल रहा। लेकिन इस वर्ष उससे भी ऊंचे पौधों का रोपण किया जा रहा है ताकि बहुत ही जल्द प्राणनाथ ग्रीन कॉरिडोर हरा भरा दिखाई देने लगे। इस वर्ष भी पौधारोपण में विश्रमगंज रेंज परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा मार्गदर्शन दिया जा रहा है।

# नशीली कफ सिरप बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार, 100 शीशी सिरप जब्त

## अवैध नशे के विरुद्ध रामपुर नैकिन पुलिस ने की कार्रवाई



**जागरण, सीधी**

पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी के नेतृत्व में रामपुर नैकिन पुलिस द्वारा अवैध नशीली सिरप तस्करी के खिलाफ कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम झांझ स्कूल के पास दो व्यक्ति मोटरसाइकिल में बैठकर नशीली कफ सिरप बेचने हेतु ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। सूचना की तस्दीक व कार्रवाई हेतु पुलिस टीम गठित कर रवाना की गई। पुलिस टीम के मौके पर पहुंचने पर एक व्यक्ति अंधेरे का लाभ उठाकर मोटरसाइकिल से फरार हो गया, जबकि दूसरा व्यक्ति बोरी लेकर स्कूल के पीछे भागा जिसे पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूंछताछ में उसने अपना नाम प्रभाकर उर्फ जागो पटेल पिता अमरजीत पटेल उम्र 24 वर्ष निवासी मढा थाना रामपुर नैकिन बताया। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से प्लास्टिक की बोरी में रखी 100 शीशी आनरेक्स ब्रांड की नशीली कफ सिरप बरामद की गई जिसकी अनुमानित कीमत 30,000 है। आरोपी का कृत्य धारा 8, 21, 22, 29 एनडीपीएस एक्ट एवं 5/13 मध्यप्रदेश ड्रग्स कंट्रोल एक्ट के तहत दण्डनीय पाए जाने पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर थाना लाया गया तथा न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में इन अधिकारियों/कर्मचारियों की रही विशेष भूमिका निरीक्षक सुधांशु तिवारी थाना प्रभारी, सउनि रजनीश सिंह, संदीप वर्मा, प्रआर महेन्द्र विश्वकर्मा, प्रसन्न मिश्रा, रामकरण पासवान, आरक्षक विवेक सिंह, महेन्द्र तिवारी, अमन भट्ट, सै. शशिशेखर उपाध्याय, साइबर सेल सीधी के आरक्षक कृष्णमुरारी द्विवेदी

## लापता नाबालिग किशोरी प्रयागराज से दस्तयाब

पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती गायत्री तिवारी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी बहरी निरीक्षक राजेश पाण्डेय के नेतृत्व में थाना बहरी पुलिस द्वारा एक महत्वपूर्ण कार्यवाही करते हुए लापता नाबालिग किशोरी को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से दस्तयाब कर सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया है। पुलिस के अनुसार दिनांक 23 जून 2025 को फरियादिया फूलकली साकेत पति श्यामलाल साकेत उम्र 42 वर्ष, निवासी ग्राम धूतपुरा, थाना बहरी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री बिना बताए घर से कहीं चली गई है। इस सूचना पर थाना बहरी में धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान थाना बहरी पुलिस द्वारा तकनीकी की सहायता से सतत निगरानी, पतारसी एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर किशोरी की लोकेशन प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में चिन्हित की गई। तत्पश्चात पुलिस टीम ने प्रयागराज पहुंचकर अपहृता को दस्तयाब कर वापस लाकर परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया। इस सफल कार्रवाई में निरीक्षक राजेश पाण्डेय थाना प्रभारी बहरी, सहायक उपनिरीक्षक जय नारायण श्रीवास्तव, आरक्षक नन्दलाल यादव, महिला आरक्षक प्रियंका बेलदार, सायबर सेल से आरक्षक प्रदीप मिश्रा आदि अधिकारियों एवं कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

## अवैध रेत परिवहन करते वाहन जब्त, मामला दर्ज



पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी उनि केदार परोहा के नेतृत्व में सेमरिया पुलिस द्वारा अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। पुलिस के अनुसार गश्त के दौरान थाना प्रभारी सेमरिया को एक टाटा 407 वाहन क्रमांक एमपी 53 जेडई 3136 संदिग्ध अवस्था में मिला, जिसे रोककर जांच की गई। वाहन में रेत लोड पाई गई। चालक से नाम पता पूंछने पर उसने अपना नाम बाबूलाल कोल पिता ललुआ कोल उम्र 26 वर्ष निवासी भेलकी थाना जमोड़ी जिला सीधी बताया। जब उससे वाहन में लोड रेत के वैध दस्तावेज टीपी मांगे गए तो वह दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। प्रथम दृष्टया रेत अवैध रूप से भरी हुई पाई गई। अतः वाहन क्रमांक एमपी 53 जेडई 3136 में लोड रेत की अनुमानित कीमत 10000 और वाहन की अनुमानित कीमत 10,00,000 कुल 11,10,000 के माल को मौके पर जप्त किया गया। आरोपी चालक बाबूलाल कोल का कृत्य धारा 303(2), 317(5) बीएनएस एवं 4/21 खान व खनिज अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय पाए जाने पर उसके विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई है। इस संपूर्ण कार्रवाई में उनि केदार परोहा थाना प्रभारी सेमरिया, सउनि भूपेंद्र बागरी, प्रधान आरक्षक पंकज, आरक्षक मुनीश, रविंद्र एवं रवि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सावन के पहले दिन बारिश की लगी झड़ी से उफान पर आये नदी-नाले




## सोन नदी एवं गोपद नदी का तेजी से बढ़ा जल स्तर

### भारी बारिश के जारी रहने से जनजीवन अस्त-व्यस्त

जागरण, सीधी







जिले में सावन के आगाज के साथ ही बारिश की झड़ी लगने से नदी-नाले उफान पर आ गये। गुरुवार-शनिवार की रात में जहां रुक रुक कर बारिश का दौर जारी रहा और आज सुबह 5 बजे से अनवरत रूप से बारिश के जारी रहने से सोन नदी एवं गोपद नदी का जल स्तर तेजी के साथ बढना शुरू हो गया। भारी बारिश के जारी रहने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। रोजमर्रा के काम के सिलसिले में घर से बाहर निकले लोगों की बारिश ने मुसीबतें बढ़ाई। स्कूली छात्र-छात्राऐं भी बारिश में भीगते नजर आए। बहरी-अमिलिया मार्ग में स्थित सोन नदी के जोगदहा पुल के नीचे भी जल स्तर तेजी के साथ बढ़ता जा रहा था। यहां भारी वाहनों की आवाजाही पर पूर्व से ही प्रतिबंध लगा हुआ है। दो पहिया वाहनों को निकलने की ही अनुमति है। सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये पुलों पर पुलिस की तैनाती की गई है। जिससे कोई भी वाहन खतरे के बीच पुल को पार न कर सके। बताते चलें कि आषाढ़ के महीने के अंतिम सप्ताह से तेज बारिश का दौर रुक-रूक कर चल रहा था। इसी वजह से बोनी का कार्य भी तेजी से शुरू हो गया था। समय पर अच्छी बारिश कई सालों बाद होने से किसानों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। अब सावन महीने के आगाज से झमाझम बारिश शुरू होने से किसान खेतों में रोपा लगाने का काम भी करेंगे। सावन महीने में उम्मीदें हैं कि अच्छी बारिश होगी। सावन के आगाज से ही बादल पूरी तरह से मेहरबान दिखे रहे हैं। सीधी जिले में झमाझम बारिश का दौर शाम तक चलता रहा। लगातार बारिश होने से नदी-नालों का जल स्तर काफी तेजी के साथ बढ़ गया। जिसके चलते मुख्य मार्गों मे भी नदी पुल के नीचे लगातार जल स्तर बढ़ रहा है।

### बाजारों में थमी रही चहल-पहल

आज सुबह से अनवरत रूप से चल रही बारिश के चलते बाजारों की चहल-पहल थमी रही। बारिश के चलते सीधी शहर की कई दुकानें बंद रहीं। बाजार में इक्का-दुक्का लोग ही आवश्यक सामानो की खरीदी के लिए निकले। लोगों की आवाजाही थमने से जो व्यवसायी दुकान खोले थे वह भी कारोबार न होने से मायूस नजर आए। बारिश के चलते आज सड़कों के किनारे फुटपाथों पर लगने वाली दुकानें भी बंद रहीं। कुछ ठेला कारोबारी नजर आए लेकिन लोगों की आवाजाही सड़कों में थमने से वह भी मायूस रहे। बारिश का दौर शाम को भी जारी रहने से अधिकांश दुकानों के शटर जल्दी ही गिर गये।

### निचले इलाकों में जल भराव की स्थिति

सुबह से बारिश का सिलसिला जारी रहने के कारण निचले इलाकों में जल भराव की स्थिति निर्मित रही। शहर के थनहवा टोला, कोटहा, इंद्रानगर, इंद्रप्रस्थ नगर, पटेलपुल, मड़रिया आदि के कई क्षेत्रों में जल भराव होने से लोग परेशान नजर आए। कुछ क्षेत्रों में तो नालियों के जाम रहने से गंदा पानी और मलवा सड़कों में बहता नजर आया। आकाश में छाए घने बादलों के चलते रात में भी तेज बारिश होने के आसार नजर आ रहे हैं।

### जिले में हो रही भारी वर्षा पर पुलिस की एडवाइजरी



जिले में लगातार हो रही भारी वर्षा एवं आगामी संभावित वर्षा को देखते हुए नागरिकों की सुरक्षा हेतु पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविन्द्र वर्मा द्वारा सावधानियाँ एवं दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सावधानियां एवं आवश्यक निर्देश में कहा गया है कि अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें, विशेषकर जलभराव, भूस्खलन या डूबान संभावित क्षेत्रों में। तेज बहाव वाले नालों, नदियों, पुलों एवं रपटों के निकट जाने से बचें। ग्रामीण क्षेत्रों में यदि किसी पुल या रपटे के ऊपर से पानी बह रहा हो, तो उसे पार न करें। यह जानलेवा साबित हो सकता है। पुराने, कमजोर या जर्जर भवनों में न रहें। वर्षा के दौरान इनके गिरने की संभावना अधिक रहती है। ऐसे मकान खाली कर सुरक्षित स्थान पर चले जाएँ। स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस द्वारा जारी चेतावनियों एवं निर्देशों का पालन करें। घर में आवश्यक वस्तुएं जैसे: भोजन, पेयजल, दवाइयाँ, टॉर्च, चार्ज मोबाइल आदि पहले से तैयार रखें। बिजली के खुले तारों, टूटे खंभों या जलमग्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति से सावधानी बरतें।

## शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

### साईं ज्योति पब्लिक स्कूल में मना गुरु पूर्णिमा




**जागरण, सीधी।** साईं ज्योति पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल पनवार सीधी में गुरु पूर्णिमा का पर्व छात्रों द्वारा बड़े धूम धाम से मनाया गया। सर्व प्रथम स्कूल के एमडी नरेंद्र सिंह, डायरेक्टर ममता सिंह, प्रिंसिपल बृजेश तिवारी, एचएम राजकुमार पटेल सचिव सुधांशु सिंह, आकांक्षा सिंह एवं प्रभारी विकास वर्मा के द्वारा सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। छात्रों के द्वारा सरस्वती बंदना एवं गुरु बंदना प्रस्तुत किया गया। साथ ही सभी गुरूजनों को छात्रों ने पुष्प, रोली चंदन लगाकर स्वागत किया। वक्ताओं ने गुरु शिष्य परंपरा और गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला। छात्रों द्वारा रंगोली, नृत्य, संगीत, पेंटिंग एवं नाटक से अपने गुरूजनों का मन मोह लिया। साथ ही छात्रों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया। स्कूल प्रबंधन ने सभी गुरूजनों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अभिभावकगण भी उपस्थित रहे। छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मनमोह लिया।

### जिला चिकित्सालय को किया वाटर कूलर का सहयोग




**जागरण, सीधी।** मध्य प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग सदस्य श्रीमती मेघा पवार के मुख्य आतिथ्य एवं सीएमओ जिला चिकित्सालय सीधी डॉ. एसबी खरे, प्रांत सेवा प्रमुख उज्जवल पवार के साथ ही सीधी शाखा पालक सदस्य श्रीमती अनुराधा श्रीवास्तव के विशिष्ट अतिथि में जिला चिकित्सालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में परिषद अध्यक्ष श्रीमती ऋचा सिंह चौहान की अध्यक्षता में भारत विकास परिषद द्वारा वाटर कूलर स्थापित किया गया। उक्त कार्यक्रम में परिषद शाखा उपाध्यक्ष सेवा प्रमुख विकास शर्मा ने बताया कि परिषद सदस्यों की आपसी सहयोग से यह सेवा कार्य पूर्ण हुआ है। कार्यक्रम में प्रमुखता से उपाध्यक्ष रामजी शुक्ला, संस्कार प्रमुख श्रीमती नीति केसरवानी, महिला सहभागिता प्रमुख श्रीमती रचना मिश्रा, सचिव उत्कर्ष गुप्ता, संगठन सचिव रविराज सिंह परिहार, कोषाध्यक्ष मुकेश सोनी के साथ ही कार्यकारिणी सदस्य के रूप में आशीष केसरी, पंकज गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, मुकेश गुप्ता, नरेंद्र सिंह की उपस्थिति प्राप्त हुई।

### श्रावण मास के प्रथम दिन बढ़ौरा मंदिर पहुंचे श्रद्धालु



**जागरण, सेमरिया।** जिले के प्रसिद्ध शिव मंदिर बढ़ौरा में श्रावण मास के प्रारंभ होते ही झमाझम बारिश के बीच आज भक्तगण पहुंचकर शिव जी के आराधना में जुटे रहे। बता दे कि जहां आज श्रावण मास के प्रथम दिन का आगमन हुआ था। वहीं शिव भक्तों ने बढ़ौरा शिवजी को पहुंचकर जल अभिषेक किया। साथ ही सुबह से बारिश भी होती रही। बारिश होने के कारण काफी भीड़ तो नहीं दिखी लेकिन भक्तों का आना-जाना बढ़ौरा में शिव मंदिर में बना रहा।






# परम सद्गुरु हमारे अंदर के अंधकार को खत्म करते हैं : ब्रह्माकुमारी

## परम सद्गुरु को अपनी बुराई रूपी दक्षिणा अर्पित करें, ब्रह्माकुमारी गुरुओं का सम्मान करके मनाया गुरु पूर्णिमा उत्सव



**पन्ना ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में गुरु पूर्णिमा का उत्सव बड़े ही उमंग उत्साह से श्रद्धा भाव से मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ परम सद्गुरु परमात्मा शिव का पूजन एवं दीप प्रज्वलित से किया गया, बहन जी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी को शुभकामना देकर आज के दिन का महत्व बताते हुए कहा कि आज का पर्व बड़ा ही पुनीत पर्व है कहते हैं गुरु बिना मुक्ति नहीं मिलती गुरु वह जो सत्य का अनुभव करा दे, जीवन की निराशा को आशा में बदल दे, जीवन को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाए, परंतु कौन सा अंधकार कौन सा प्रकाश? आज हम सभी के %परम सतगुरु परमात्मा% सभी को सत्य पहचान दे रहे हैं कि हे आत्मा रूपी बच्चे तुम शरीर नहीं आत्मा हो अर्थात पहला अंधकार है कि हम एक चेतन शक्ति आत्मा की वजह स्वयं के देहअभिमान, देहअहंकार में रहते हैं, जिस देहभान के कारण मैं और मेरापन उत्पन्न होता है और आत्मा दुखों के बंधनों में बंध जाती है इस मेरेपन के अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाना है परम सद्गुरु परमात्मा कहते हैं देहभाव से उठकर स्वयं को सद्गुणों से सुशोभित करें, सुख,शांति, आनंद,पवित्रता की धारण करके जीवन को आनंदमय बनाकर संपन्न संपूर्ण बनाएं परम सतगुरु परमात्मा सत्य की पहचान देखकर जीवन का उद्देश्य बताते हैं कि जिन विकारों ने तुम्हारा जीवन अंधकार में बनाया है उन विकारों में काम, क्रोध,लोभ,मोह,अहंकार ईर्ष्या, नफरत को त्याग कर जीवन को सत्य ज्ञान के प्रकाश से भरपूर करे आज हम सभी अपने जीवन को सच्चे मन से पवित्र बनाने का संकल्प लें तथा व्यर्थ संकल्प नकारात्मक विचार को कुदृष्टि,ईर्ष्या,नफरत, जैसी बुराइयां एवं गलत स्वभाव संस्कार की दक्षिण परम सतगुरु को देखकर सच्चीसच्ची गुरु पूर्णिमा मनाए तभी हमारा जीवन प्रकाशमय बन जाएगा कार्यक्रम में श्री बुद्ध सिंह गायत्री परिवार, अरुण गंगेले, राजपुरोहित, दिनेश, जगदीश मंदिर, संतोष तिवारी किशोर जी मंदिर, त्यागी पी, एस भारती, मां अन्नपूर्णा महेश्वरी देवी स्थल सभी ने अपनेअपने विचार व्यक्त किये।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण

**पन्ना ।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जन अभियान परिषद अजयगढ़ द्वारा आज पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पौधरोपण की आगामी कार्ययोजना अनुसार पौधे रोपने के संबंध में भी चर्चा की गई। साथ ही नवांकुर संस्था प्रमुख द्वारा पौधों की रक्षा के लिए संकल्प भी दिलाया गया। जिला समन्वयक अनीता जाटव के निर्देशन में चयनित नवांकुर संस्था बरियारपुर कुर्मियान क्रमांक 3 के तत्वाधान में ग्राम आरामगंज में सेक्टर स्तरीय बैठक भी आयोजित की गई। विकासखण्ड समन्वयक क्षमा खरे द्वारा बैठक में गत माह के कार्यों की जानकारी प्रदान कर आगामी महत्वाकांक्षी कार्यों जैसे पौधरोपण सहित स्कूल चलें हम अभियान के तहत ग्राम में संपर्क कर नव प्रवेशित छात्रों को शाला में दाखिल कराने तथा नवांकुर सखी कार्यक्रम के लिए महिलाओं की सूची तैयार करने सहित आगामी अन्य कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद पर मिली पदोन्नति

**पन्ना ।** एकीकृत बाल विकास परियोजना पन्ना शहरी अंतर्गत वार्ड क्रमांक 20 के केन्द्र क्रमांक 47 में पदस्थ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मनोरमा दीक्षित के आकस्मिक निधन पर शासन के नियमानुसार आंगनवाड़ी सहायिका को कार्यकर्ता पद पर पदोन्नत किया गया है। वार्ड 20 में पदस्थ आंगनवाड़ी सहायिकाओं में से पात्रताधारी मृदुलेश शुक्ला को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद पर पदोन्नति मिली। परियोजना अधिकारी किरण खरे द्वारा पदोन्नत कार्यकर्ता को आदेश सौंपा गया।

## वन स्टॉप सेंटर की गतिविधियों के बारे में दी जानकारी

**पन्ना ।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आज पन्ना नगर के आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 31 में कार्यक्रम आयोजित कर वन स्टॉप सेंटर द्वारा संपादित कार्यों एवं गतिविधियों की जानकारी दी गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुए कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कल्पना पाण्डेय द्वारा कार्यकर्ताओं और स्थानीय महिलाओं को विपत्तिग्रस्त महिलाओं एवं बालिकाओं को सखी केन्द्र के जरिए मिलने वाली सुविधाओं के बारे में अवगत कराया गया।


**मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल**
कार्या. : 12, दफ्तर रोड, गोवंतिका परिसर तृतीय तल भोपाल मध्यप्रदेश, Website: http://www.mpnrc.mp.gov.in
Contact : 0755-4939103, E-mail : registrar.nursing@mp.gov.in
MPNRC/ManPower Hiring/Store2025/10845 Dt : 11.07.2025

**आउट सोर्स के माध्यम से कर्मचारी लिये जाने हेतु एजेंसी चयन की निविदा सूचना पत्र**

मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल, भोपाल कार्यालय में आउटसोर्स के माध्यम से कर्मचारी लिये जाने हेतु एजेंसी का चयन किया जाना है, पंजीकृत आउट सोर्स सेवायें प्रदायकर्ताओं से ऑनलाइन निविदा दिनांक 28.07.2025 सायं 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा प्रपत्र वेबसाइट www. mptenders.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/121069/2025 रजिस्ट्रार



**MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY**
(An Agency of Panchayat & Rural Dev. Department, Govt. of M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)
No./8299/22/D-12/NIT-Maint./2025 Bhopal, Dated : 11.07.2025

**NOTICE INVITING TENDER No. 355/MTN/2025 (Flood Damage-SR)**

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below:-

- **SSR Applicable : SSR issued by M.P Rural Road Development Authority effective from 01.01.2024 and amendments upto issue date of NIT.**
- **Name of Work : Special Repair of Roads/Culverts (Flood Damage)**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Betul | 1 | 4103135.00 |
| 2. | Guna | 3 | 1964596.00 |
| 3. | Raisen | 2 | 8325235.00 |
| 4. | Sehore | 1 | 3408117.00 |
| 5. | Umaria | 1 | 6328415.00 |
| 6. | Singrauli | 1 | 4614366.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **15.07.2025 from 17:30 hrs.** and last date for online bid submission **is 30.07.2025 (17:00 hrs.).**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

MPM/121054/2025 CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)

'मेरी सड़क' ऐप डाउनलोड कर, फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।


# बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम में नवीन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**पन्ना ।** म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत संचालित बीएसडब्लू एवं एमएसडब्लू पाठ्यक्रम में शैक्षणिक सत्र 202526 में नवीन प्रवेश के लिए प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्रवेश के इच्छुक छात्रछात्राएं पहले आओपहले पाओ के आधार पर न्यूनतम शुल्क में उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश लेकर अपनी शैक्षणिक योग्यता में वृद्धि के लिए इस अवसर का लाभ ले सकते हैं। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय से संबद्ध सोशल वर्क के स्नातक एवं स्नात्कोत्तर पाठ्यक्रम के लिए सीमित सीट क्रमशः 40 एवं 50 उपलब्ध है। कक्षा 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी बीएसडब्लू एवं स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थी एमएसडब्लू पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। आगामी दिवसों में परिणाम के लिए प्रतीक्षारत विद्यार्थियों द्वारा भी पंजीयन कर सीट बुक कराई जा सकती है। पन्ना जिले में शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना, शासकीय महाविद्यालय अजयगढ़, शासकीय महाविद्यालय गुनौर, शासकीय महाविद्यालय पवई और शासकीय महाविद्यालय शाहनगर में अध्ययन केन्द्र निर्धारित कियागया है।

**पाठ्यक्रम की विशेषता :** बीएसडब्लू एवं एमएसडब्लू की कक्षाएं केवल रविवार को लगाई जाएंगी। इससे विद्यार्थी नियमित रूप से महाविद्यालय में भी अपनी पढ़ाई जारी रख सकते हैं। कक्षाओं में परामर्शदाताओं द्वारा मार्गदर्शन दिया जाता है। इस पाठ्यक्रम में टीसी जमा करने की आवश्यकता नहीं है। साथ ही दो किश्तों में फीस जमा करने की सुविधा भी मिलेगी। ब्लॉक मुख्यालय पर कक्षाओं के संचालन के साथ निःशुल्क पुस्तकें भी प्रदान की जाएंगी। विद्यार्थियों को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सीधा संवाद करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा इस पाठ्यक्रम को पूर्ण करने के उपरांत एनजीओ सेक्टर और अन्य योजनाओं में भी कार्य करने की पात्रता होगी। पाठ्यक्रम में प्रवेशित छात्रछात्राओं को फील्ड वर्क में संबंधित ग्राम सौंपा जाएगा, जिससे ग्राम स्तर पर शासकीय योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कर विद्यार्थी अपनी पहचान और नेतृत्व क्षमता बढ़ा पाएंगे। प्रवेश के लिए अजयगढ़ विकासखण्ड समन्वयक क्षमा खरे से मोबाइल नंबर 8719902374, गुनौर एवं पवई विकासखण्ड समन्वयक जगदीश सिंह से मोबाइल नंबर 7000578037, शाहनगर विकासखण्ड समन्वयक राजेश बाबू अर्गल से मोबाइल नंबर 9425612486 पर संपर्क किया जा सकता है।


**उत्तर मध्य रेलवे**
निविदा सूचना सं. T_24-25_ETL_ICF_AC_RMPU/Notice दिनांक 10.07.2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

**कोच एम.एल.आर. कारखाना, झाँसी, उत्तर मध्य रेलवे** द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये ई निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

**निविदा संख्याः** T_24-25_ETL_ICF_AC_RMPU

**कार्य का विवरणः** सीएमएलआर कारखाना झाँसी में पीओएच के दौरान आरएमपीयू और उनके कंट्रोल पैनल की ओवरहालिंग/मरम्मत के लिए आउटसोर्सिंग।

**मात्राः** एक कार्य, **निविदा मूल्यः ₹ 48,33,978.92/-**, (रूपये अढ़तालीस लाख तैंतीस हजार नौ सौ अठहत्तर बानवे पैसे मात्र), **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 24 माह, **बयाना राशिः ₹ 96,700/-**, **निविदा प्रपत्र मूल्यः** 0/-, 1. निविदा दिनांक **01.08.2025** को **15.00** बजे बंद होगी एवं भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 2. निविदा की संपूर्ण जानकारी के लिये भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर वेबसाइट www.ireps.gov.in को देखें। 3. ठेकेदार टेण्डर प्रपत्र को डाउनलोड करने के लिये एवं टेण्डर सूचना संबंधी किसी भी प्रकार के संशोधन/परिशिष्ट (यदि कोई है) हेतु भारतीय रेलवे की ई-टेण्डरिंग की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखते रहें। इस संबंध में कोई सूचना नहीं दी गयी जायेगी और ना ही किसी भी प्रकार का पत्राचार किया जायेगा। **1211/25 FA**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय रीवा खंड रीवा (म0प्र0)**
निविदा सूचना क्र0 07/25–26/ब0ले0लि0/का0यं0/लो0स्वा0यॉ0/25, रीवा, दिनांक 03.07.2025

**ई–टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना**

(1) निम्नलिखित कार्यों हेतु **ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ऑन लाइन निविदायें** एपेन्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर प्रमुख अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य यॉत्रिकीय विभाग, भोपाल की नलकूपों के खनन एवं अन्य कार्य से संबंधित दिनांक **03.07.2018** से प्रभावशील एकीकृत दर सूची एवं निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक किए गए समस्त संशोधनों के आधार पर केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत टेकेदारों से निविदा ऑन लाइन टेण्डर प्रकिया के तहत आमंत्रित की जाती है।
ऑन लाइन निविदा पब्लिशिंग का दिनांक **07.07.2025** .डाक्यूमेन्ट डाउन लोड/टेण्डर फार्म क्रय प्रारम्भ तिथि **07.07.2025** टेण्डर फार्म क्रय की अंतिम तिथि **21.07.2025** बिड सबमिशन प्रारम्भ का दिनांक **07.07.2025** एवं बिड सबमिशन का अंतिम तिथि **21.07.2025** को सायं 5.30 बजे तक निर्धारित हैं। Manadatory 'A' & Financial bid Open का दिनांक **23.07.2025** को अपरान्ह 3.30 बजे निर्धारित है।
(2) उक्त निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय बेवसाइट **(http//www.mptenders.gov.in)** पर प्रदर्शित है।
(3) निविदाऍ, निर्धारित तिथि दिनांक **23.07.2025 को** खोली जावेंगी।
(4) **कार्य का विवरण** :–

**रीवा जिले के विकासखण्ड रायपुर के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ट्यूबवेल पर आधारित रेट्रोफिटेड पाइप जलापूर्ति का निर्माण, निष्पादन, सबमर्सिवल मोटर पंप की स्थापना, 90 दिवस के ट्रायल रन एवं कमिशनिंग आदि समस्त कार्य सामग्री एवं लेबर सहित।**

| ई– टेण्डर नं0 | योजना का नाम | विकास खण्ड | कार्य की अनु0 लागत (रू0 लाख में) | प्रतिभूति राशि रू0 में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 2025_PHED_434665_1 | इटार, बड़ागॉव सिलचद टोला, लोही, हरदुआ, नर्रहा, सेमरीकला, धवैया–291, पलिया–350, महुली, महगना, पलिया–349 कोलईया, कसई, जलदर, बंधवा | रायपुर | 230.47 | 230470.00 | 15000.00 | 6 माह (वर्षा ऋतु सहित) |

निविदा सूचना से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी विभागीय वेवसाइट (http//www.mptenders.gov.in) पर प्रदर्शित है।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,
रीवा (म.प्र.)

जी–15455/25



**महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय**
समग्र शिक्षा, विद्या भवन, निशातगंज, लखनऊ–226007,
वेबसाइट: www.basiceducation.up.gov.in, www.upefa.com, ई–मेल : upefaspo@gmail.com
दूरभाष नं.–0522-4024440, 2780384, 2781128
मिशन प्रेरणा

**मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों के लिए आंतरिक साज–सज्जा डिज़ाइन प्रतियोगिता – आमंत्रण**

उत्तर प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित "मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय (प्री–प्राइमरी से कक्षा 12)" परियोजना के अंतर्गत आधुनिक, समावेशी एवं बाल–मित्र आंतरिक डिज़ाइन हेतु एक **खुली प्रतियोगिता** का आयोजन किया जा रहा है।

इस प्रतियोगिता में **आर्किटेक्ट कॉलेज, आर्किटेक्ट फर्म, स्वतंत्र वास्तुविद एवं आर्किटेक्चर के छात्र/छात्राएं** भाग ले सकते हैं। प्रतिभागियों को विद्यालय भवन के आंतरिक डिज़ाइन हेतु अपनी **थीम आधारित डिज़ाइन अवधारणा, 2D/3D रेंडरिंग, मूड बोर्ड, तथा लैंडस्केपिंग योजनाएं** प्रस्तुत करनी होंगी।

चयनित प्रतिभागियों को विभाग द्वारा **प्रशंसा प्रमाण–पत्र** प्रदान किया जाएगा एवं उनकी डिज़ाइन को राज्य स्तरीय स्तर पर मान्यता दी जाएगी।

डाउनलोड लिंक : https://prernaup.in/Login/NoticeBoard?mode=What%27s%20New

डिज़ाइन भेजने की अंतिम तिथि : 11.08.2025

प्रस्ताव भेजने हेतु ई–मेल : cmmodelschoolsamagrashiksha@gmail.com



**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।



**अवश्यकता है**

भविष्य बनाने का सुनहरा अवसर जी हां आपके अपने शहर नागौद में आफिस कार्य हेतु, जरूरतमंद लड़कियॉ एवं महिलाये 10वी, 12वी ग्रेजुएशन तक मान्य सैलरी 5000+ कमीशन+ बोनस ट्रेनिंग के बाद 10,000 से 15,000 महीना कमाये
Contact No. 9329146838
8120746915
वियपुरिया कांम्पलेक्स जवाहर नगर नागौद जिला सतना (म.प्र.)
RN. 82664 (12/7)



**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944


## बीएलओ सुपरवाइजर का प्रशिक्षण 16 जुलाई को

**पन्ना ।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा प्रसारित निर्देशों के अनुक्रम में राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत गत दिवस सभी विधानसभा स्तर पर बीएलओ को प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। मतदाता सूची के संभावित गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए बीएलओ सुपरवाईजर को भी प्रशिक्षित किया जाना आवश्यक है। इसके लिए बुधवार, 16 जुलाई को जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में निर्धारित आठ स्थानों पर मास्टर ट्रेनर्स द्वारा आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।


**न्यायालयः- व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-एक वरिष्ठ खण्ड त्योंथर, जिला-रीवा म.प्र.**
व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक MJC SUC 04/25
पेशीः 05.08.2025
प्रो. क्र. 132/25

कान्ती कुमार तिवारी पिता स्व. रामलाल तिवारी उम्र 69 वर्ष निवासी ग्रा. अट्ठैसा तहसील जवा जिला रीवा म.प्र.
.........वादीगण/आवेदकगण
बनाम्
हर आम व खास
......प्रतिवादीगण/अनावेदकगण

विषयः- प्रतिवादीगण की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के संबंध में

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख किया जाता है कि इस न्यायालय में लंबित व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक MJC SUC 04/2025 कान्ती कुमार तिवारी पिता स्व. रामलाल तिवारी उम्र 69 निवासी ग्रा. अट्ठैसा तहसील जवा जिला रीवा (म.प्र.) का प्रकरण आवेदक द्वारा द्वारा इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। आवेदक क्रमांक MJC SUC 04/2025 कान्ती कुमार तिवारी पिता स्व. रामलाल तिवारी उम्र 69 निवासी ग्रा. अट्ठैसा तहसील जवा जिला रीवा (म.प्र.) द्वारा न्यायालय श्रीमान मोहिनी भदौरिया प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 त्योंथर जिला रीवा में दावा बावत स्वत्व घोषणा आदेश 7. नियम-1 व्य0प्र0सं0 1908 ई. के अंतर्गत हर आम व खास के विरूद्ध व्यवहार पेश किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक - 05.08.2025 नियत किया गया है। अतः उक्त प्रकरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह व्यक्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से जिस किसी को मामले के बारे में जानकारी हो, न्यायालय में सुबह 11.00 बजे दिन उपस्थित होकर अपनी प्रतिरक्षा करें। यदि दिनांक- 05.08.2025 को हर आम व खास की ओर से उपस्थिति नहीं होती है तो अनावेदकगण की अनुपस्थिति में प्रकरण में सुनवाई पूर्ण की जावेगी।

नोटः- यदि किसी कारण से नियत पेशी दिनांक 05.08.2025 को शासकीय अवकाश घोषित हो जाता है, तो इस स्थिति में कार्य दिवस में सुनवाई की जायेगी।

(मोहिनी भदौरिया)
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड त्योंथर, जिला रीवा (म.प्र.)
RN-82299



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) संभाग क्रमांक–1 रीवा**
**निविदा सूचना**
निविदा सूचना क्रमांक 12/ब.ले.लि./निविदा/2025–2026 रीवा, दिनांक 07/07/2025

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधन सहित के आधार पर प्रपत्र–अ में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पजीकृत हो, से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | टेण्डर कमांक | कार्य का नाम | ठेके की अनु. राशि (रू.लाख में) | 1– अमानत राशि 2– निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1– निविदा आमंत्रण क्र. 2– कार्यावधि सहित/छोड़कर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PWDRB 435477 | शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रीवा में मैदान का समतालीकरण, वासकेटवाल कोर्ट एवं बैडमिंटल हॉल का मरम्मत कार्य | 34.75 | 1- 50000.00 2- 5000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | PWDRB 435478 | उपसंभाग मऊगंज के अन्तर्गत उपखण्ड मऊगंज–द्वितीय के आवासीय भवनों का मरम्मत कार्य | 16.95 | 1- 33900.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | PWDRB 435479 | उपसंभाग मऊगंज के अन्तर्गत उपखण्ड शाहपुर के आवासीय भवनों का मरम्मत कार्य | 16.95 | 1- 33900.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 4 | PWDRB 435480 | उपसंभाग मऊगंज के अन्तर्गत उपखण्ड पिपराही के आवासीय भवनों का मरम्मत कार्य | 16.95 | 1- 33900.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 5 | PWDRB 435481 | उपसंभाग त्योंथर के अन्तर्गत उपखण्ड त्योंथर एवं चाकघाट में व्ही.आई.पी. प्रोग्राम का कार्य | 15.80 | 1- 31600.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 6 | PWDRB 435482 | उपसंभाग त्योंथर के अन्तर्गत उपखण्ड जवा, डभौरा एवं अतरैला में व्ही.आई.पी. प्रोग्राम का कार्य | 15.80 | 1- 31600.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 7 | PWDRB 435483 | उपसंभाग त्योंथर के संधारण मार्गों में वर्षाऋतु के पश्चात मरम्मत कार्य | 16.83 | 1- 33660.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 8 | PWDRB 435484 | उपसंभाग क्रमांक–3 के अन्तर्गत स्टोर भवनों का मरम्मत कार्य | 14.11 | 1- 28220.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 9 | PWDRB 435487 | उपसंभाग क्रमांक–3 के अन्तर्गत रेस्ट हाउस सिरमौर एवं चचाई के बाउन्ड्रीवाल का मरम्मत कार्य | 15.63 | 1- 31260.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 10 | PWDRB 435488 | उपसंभाग क्रमांक–3 के अन्तर्गत उपखण्ड इंजीनियरिंग कालेज में व्ही.आई.पी. प्रोग्राम का कार्य | 15.91 | 1- 31820.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 11 | PWDRB 435489 | उपसंभाग क्रमांक–1 के अन्तर्गत उपखण्ड सिविल लाईन में डी.आई.जी. बगला नं. डी–11 का मरमम्त कार्य | 16.95 | 1- 33900.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 12 | PWDRB 435490 | उपसंभाग क्रमांक–1 के अन्तर्गत उपखण्ड सिविल लाईन में एस.पी. बगला नं. डी–1 का मरमम्त कार्य | 16.95 | 1- 33900.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 13 | PWDRB 435491 | उपसंभाग क्रमांक–1 के अन्तर्गत उपखण्ड सिविल लाईन में न्यायधीश बगला का मरमम्त कार्य | 16.95 | 1- 33900.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 14 | PWDRB 435492 | उपसंभाग क्रमांक–1 के अन्तर्गत उपखण्ड सिविल लाईन में रेस्ट हाउस का मरमम्त कार्य | 16.95 | 1- 33900.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 15 | PWDRB 435493 | उपसंभाग क्रमांक–1 के अन्तर्गत उपखण्ड सिविल लाईन में डी.जे. बगला नं. डी–4 का मरमम्त कार्य | 16.95 | 1- 33900.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 16 | PWDRB 435494 | उपसंभाग क्रमांक–1 के अन्तर्गत उपखण्ड सिविल लाईन में आई.जी. बगला नं. डी–2 का मरमम्त कार्य | 16.95 | 1- 33900.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 17 | PWDRB 435495 | उपसंभाग क्रमांक–1 के अन्तर्गत उपखण्ड सिविल लाईन में कमिश्नर बगला नं. बी–28 का मरमम्त कार्य | 16.95 | 1- 33900.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| | | कुल योग | 298.33 | | |

उपरोक्त वेबसाइट आर्नलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 28/07/2025 सायं 17.30 बजे निर्धारित है।** विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में हाने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग(भ./स.)
संभाग क्रमांक–1 रीवा

जी–15457/25



**मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग तथा मध्यप्रदेश शासन, जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा -2025 हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं**

आवेदन पत्र भरने की तिथि 18.07.2025 से 01.08.2025 तक | ऑनलाइन परीक्षा पद्धति समय सारणी | आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि 18.07.2025 से 06.08.2025 तक

| संभावित परीक्षा दिनांक | परीक्षा की पाली | अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय | उत्तर अंकित का समय |
|---|---|---|---|
| 31 अगस्त रविवार 2025 से प्रारंभ | प्रथम | प्रात: 08:30 से प्रात: 10:00 बजे तक | प्रात: 10:30 से 12:30 बजे तक (02 घंटे) |
| | द्वितीय | दोपहर 01:00 से दोपहर 02:30 बजे तक | दोपहर 03:00 से 05:00 बजे तक (02 घंटे) |

**आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया एवं महत्वपूर्ण निर्देश :-**

1. परीक्षा के नियम, विभागवार रिक्त पदों की आरक्षण तालिकाएं एवं परीक्षा संचालन नियम से संबंधित विस्तृत नियम पुस्तिका मण्डल की वेबसाइट **www.esb.mp.gov.in** पर उपलब्ध रहेगी, जिसमें उल्लेखित समस्त नियमों/जानकारी का अध्ययन करके ही आवेदन पत्र भरा जावे।
2. वेबसाइट **www.esb.mponline.gov.in** के माध्यम से आवेदन पत्र भरा जा सकता है।
3. **संभावित परीक्षा शहर -** अनूपपुर, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, खण्डवा, नीमच, रतलाम, रीवा, सागर, सतना, सीधी एवं उज्जैन।
4. **प्रवेश परीक्षा शुल्क***

| | |
|---|---|
| अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए | रु. 500/- |
| केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस. एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिए | रु. 250/- |
| ऑनलाइन आवेदन- कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एम.पी. ऑनलाइन का पोर्टल शुल्क | रु. 60/- |
| अतिरिक्त रजिस्टर्ड सिटिजन यूजर के माध्यम से लॉगिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क | रु. 20/- |

**विशेष निर्देश**

1. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है।
2. मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पेन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, पासपोर्ट, में से कोई एक को चयनित कर सकता है। यू.आई.डी.ए.आई. (UIDAI) के द्वारा सत्यापित (Verify) होने पर ही ई-आधार मान्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा।
3. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड/ई-आधार कार्ड की छायाप्रति/आधार नंबर/आधार VID की जानकारी लाना अनिवार्य है।
4. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है। अत: जिन अभ्यर्थियों का आधार नंबर लॉक हैं वह परीक्षा दिनांक को परीक्षा केंद्र पर उपस्थिति के पूर्व आधार अनलॉक करवाना सुनिश्चित करें।
5. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोर्टिंग समय तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके पश्चात विलम्ब से आने पर अभ्यर्थियों की प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।
6. परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस यथा मोबाइल फोन, कैलक्युलेटर, लॉग टेबल्स, डिजीटल घड़ी, नकल पर्चा एवं sun glasses (धूप का चश्मा) आदि का उपयोग पूर्णत: वर्जित है।
7. ऑनलाइन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाइन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अत: आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखें, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।
8. परीक्षा केंद्र पर आवेदक को परीक्षा हॉल में प्रवेश हेतु मण्डल वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
9. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।
10. आवेदन-पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण मण्डल द्वारा नहीं किया जाकर नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान सम्बंधित विभाग द्वारा किया जाता है। अत: कम्प्यूटर आधारित (Online) परीक्षा में उम्मीदवारों की पात्रता (Eligibility) पूर्णत: प्रावधिक (Provisional) होगी।

विशेष नोट- मण्डल अपनी सुविधानुसार परीक्षा तिथि/परीक्षा पाली/शहरों/केन्द्रों एवं अन्य बिन्दुओं में परिवर्तन कर सकता है।

विज्ञापन क्र. 69/2025
संचालक

ESB
**मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल**
'चयन भवन' मेन रोड नं. - 1, चिनार पार्क (ईस्ट) भोपाल - 462011
Fax : +91-0755-2550498, Website : www.esb.mp.gov.in
म.प्र.मा./121068/2025

# संक्रामक बीमारियों से बचने दी जा रही घर-घर स्वच्छ आहार-व्यवहार की जानकारी



**जागरण, मंडला ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.जे. मोहंती ने जानकारी दी है कि वर्षा ऋतु में कुछ क्षेत्रों में बाढ़ अतिवर्षा में आपदा की स्थिति उत्पन्न होती है। वर्षा ऋतु के दौरान फैलने वाली संक्रामक बीमारी की रोकथाम हेतु जिला स्तर पर 8 काम्बेट टीम रोटेशन के आधार पर एवं 9 काम्बेट टीम विकासखंड स्तर पर (त्वरित चिकित्सा दल) का गठन किया गया है। यह टीम आवश्यक औषधियों के साथ बीमारी फैलने की सूचना प्राप्त होने पर टीम द्वारा तत्काल प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर चिकित्सा सुविधा बीमारी के रोकथाम की त्वरित कार्यवाही करेगी साथ ही सभी पेयजल स्त्रोतों का जल शुद्धिकरण भी किया जा रहा है। पूर्व वर्ष में जिन ग्रामों में उल्टी दस्त की बीमारी फैली थी विशेषकर उन ग्रामों में मोबाइल मेडिकल टीम (एमएमयू) के द्वारा सतत् निगरानी की जा रही है। मोबाइल मेडिकल टीम के द्वारा उक्त ग्रामों में विशेष सर्वे जांच व उपचार किया जा रहा है। मोबाइल मेडिकल टीम के द्वारा लोगों को स्वच्छ जल, ताजा भोजन, साफ सफाई, भोजन से पहले साबुन व पानी से हाथों को धोना एवं शौच के बाद हाथों को साबुन व पानी से धोने एवं उल्टी-दस्त होने की शिकायत होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार लेने के बारे में माईकिंग के द्वारा जानकारी दी जा रही है। संक्रामक बीमारियों की रोकथाम हेतु मोबाईल मेडिकल टीम के द्वारा समस्त ब्लॉक में सघन दौरा किया जा रहा है तथा समस्त मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी व मैदानी क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि समस्त ब्लॉकों में सघन दौरा करें व महामारी होने पर उसकी जानकारी तत्काल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में दें।

## मंडला NH-30 पर दर्दनाक हादसा, ट्राले से टकराई कार, महिला की मौत, पति-बेटा गंभीर घायल



**जागरण, मंडला ।** मध्यप्रदेश के मंडला जिले में शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। नेशनल हाईवे 30 (NH-30) पर तेज रफ्तार ट्राला और कार की सीधी भिड़ंत में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार उसके पति और बेटे को गंभीर चोटें आई हैं। यह हादसा कोतवाली थाना क्षेत्र के तिंदनी गांव के पास स्थित टाटा मोटर्स शोरूम के समीप हुआ। हादसे के वक्त कार में सवार स्थानीय व्यवसायी राकेश चिंटू अग्रवाल, उनकी पत्नी ऋतु अग्रवाल और बेटा राहुल अग्रवाल जबलपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्राले ने उनकी टोयोटा कार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार सड़क पर पलट गई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।पत्नी की मौके पर ही मौत, पति-बेटा घायल हादसे में ऋतु अग्रवाल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, राकेश अग्रवाल और उनका बेटा राहुल गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को कटरा अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है।हादसे के बाद ट्राला चालक फरार, रायपुर रोड से गिरफ्तार हादसे के बाद ट्राला चालक मौके से फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे रायपुर रोड से गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

# विकासखंड घुघरी के किसानों को किया गया कोदो, कुटकी रागी, बीज का वितरण

## टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने का उद्देश्य



**जागरण, मंडला ।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशन और उप संचालक कृषि मंडला श्री अश्वनी झारिया के मार्गदर्शन में कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी घुघरी में परियोजना संचालक आत्मा श्री आर.डी. जाटव, जनपद अध्यक्ष श्रीमति जानिया बाई मरावी, उपाध्यक्ष श्री सिहारे करचाम, जनपद सदस्य श्री मुकेश मार्को, सेवकराम साहू, इंद्रवती सोनवानी, सुनीता उलाड़ी, सविता मरावी, पुष्पा झारिया, नीरज मरकाम, सुरेंद्र धुर्वे, मंडल अध्यक्ष एवं समस्त कृषि स्टॉफ तथा विभिन्न ग्रामों से आए किसानों को कोदो, कुटकी और रागी बीज का वितरण किया गया। परियोजना संचालक आत्मा श्री आर.डी. जाटव ने टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किसानों को तक़ीनीक़ी मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि वि.खं. घुघरी में जैविक खेती की अपार सम्भावना है।यहाँ कई वर्षों से किसान रासायनिक खाद के उपयोग के बिना कोदो कुटकी की खेती कर रहे हैं लेकिन किसान उन्नत बीज और तकनीकी विधि से खेती करते हैं तो उत्पादन अधिक होगा जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री अशोक भलावी ने किसानों को कतार बौनी विधि से धान की बौनी अंतर्वर्ती फसल चक्र अपनाने की अपील की।

# शिक्षकों की कमी दूर करने करंजिया बीईओ ने दिए अतिथि शिक्षक नियुक्ति के निर्देश



**जागरण, डिंडोरी ।** नवागत प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी (क्ष्श्वह्) तीरथ सिंह परस्ते ने आज करंजिया विकासखंड अंतर्गत सभी माध्यमिक, प्राथमिक और एकीकृत माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यों एवं प्रधान पाठकों की बैठक आयोजित कर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश शासन, लोक शिक्षण संचालनालय एवं आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जारी आदेशों का गहन अध्ययन करते हुए शालाओं में रिक्त पदों पर अतिथि शिक्षकों की विधिवत नियुक्ति की जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शैक्षणिक गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी और आवश्यकतानुसार विषयवार शिक्षकों की व्यवस्था की जाए।बीईओ परस्ते ने बताया कि माध्यमिक शालाओं में कम से कम 3 शिक्षक, प्राथमिक विद्यालयों में 2 शिक्षक और कक्षा 1 से 8 तक संचालित एकीकृत विद्यालयों में 5 शिक्षक साथ ही कक्षा 1 से 10वीं तक के विद्यालयों में 8 शिक्षक विषयानुसार नियुक्त किए जाएं।उन्होंने कहा कि पूर्व से कार्यरत अतिथि शिक्षकों का चयन स्कोर कार्ड और प्रशिक्षण योग्यता (डीएड, बीएड) के अंकों के आधार पर किया जाए। एक ही विषय में दो शिक्षक होने पर अधिक स्कोर वाले को प्राथमिकता मिलेगी। हायर सेकेंडरी शालाओं में भी विषयानुसार नियुक्तियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी नियुक्तियाँ ईएचआरएमएस पोर्टल पर दर्ज करते हुए शाला प्रबंधन समिति की बैठक के माध्यम से की जाएं। बीईओ ने चेतावनी दी कि शासन के निर्देशों की अनदेखी या नियमविरुद्ध भर्ती पर संबंधित प्राचार्य या प्रधान पाठक को उत्तरदायी मानते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दोहराया कि शासन की मंशानुसार शैक्षणिक गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी स्कूल प्रमुखों को इस दिशा में जिम्मेदारी से कार्य करना होगा।

# विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर विशेष जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन




**जागरण, मंडला ।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार, क्षेत्रीय कार्यालय मंडला द्वारा एवं युवा भारत माय भारत खेल एवं युवा मंत्रालय भारत सरकार मण्डला के संयुक्त तत्वाधान में पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महाराजपुर में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर विशेष जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रीमती विभा मिश्रा, प्राचार्या, श्री रविंद्र कुमार चौरसिया वरिष्ठ शिक्षक, श्री रघुनंदन झरिया लेखा एवं कार्यक्रम अधिकारी माय भारत मंडला, श्री सतीश मिश्रा शिक्षक, श्री आशीम गौतम शिक्षक, श्रीमती उषा ठाकुर शिक्षिका एवं विद्यालय की समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं व छात्राएँ उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजक केंद्रीय संचार ब्यूरो के प्रचार अधिकारी श्री श्रवण कुमार साहू ने मंच का संचालन करते हुए विश्व के बढ़ते जनसंख्या पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न जानकारी दी। उपस्थित अतिथियों द्वारा छात्रों को इस विषय पर अनेक उदाहरण देते हुए महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। छात्रों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें सही जवाब देने वाले प्रतिभागियों को विभाग की तरफ से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## एक साल बाद भी नहीं हुआ करोड़ों की चोरी का खुलासा

**पीड़ित ने एसपी से की कार्रवाई की मांग, दी आत्मदाह की चेतावनी**

**छतरपुर ।** राजनगर में एक व्यापारी के घर में एक साल पहले हुई डेढ़ करोड़ की चोरी के मामले में पीड़ित ने पुलिस की निष्क्रियता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। गुरुवार को पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर त्वरित कार्रवाई की मांग की, साथ ही कार्रवाई न होने पर आत्मदाह की चेतावनी दे डाली। राजनगर के वार्ड नंबर 12 के निवासी आशुतोष सोनी ने बताया कि 31 मई 2024 को उनके घर से करीब डेढ़ करोड़ रुपये की चोरी हुई थी। इस संबंध में उन्होंने कई बार पुलिस अधिकारियों को आवेदन दिए, लेकिन एक साल से अधिक का समय बीतने के बावजूद चोरी का खुलासा नहीं हुआ और न ही कोई कार्रवाई हुई। निराश आशुतोष ने कहा कि यदि जल्द ही मामले में प्रगति नहीं हुई तो वे एसपी कार्यालय में आत्मदाह करने को मजबूर होंगे।

## विधायक ने जटाशंकर धाम के निर्माणाधीन कार्पेट एरिया का लिया जायजा



**जागरण, बिजावर ।** बुंदेलखंड के केदारनाथ पावन तीर्थ स्थल जटाशंकर धाम में शुक्रवार को बिजावर विधायक राजेश शुक्ला बबलू ने निर्माणाधीन कार्पेट एरिया का निरीक्षण किया। विधायक श्री शुक्ला ने तमाम विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और कहा कि हम श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे।बता दें कि बुंदेलखंड का केदारनाथ कहे जाने वाला जटाशंकर धाम, बिजावर से 15 किलोमीटर दूर पहाड़ियों के बीच बसा धार्मिक पर्यटन स्थल है, जहां श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कार्पेट एरिया का निर्माण कार्य चल रहा है। शुक्रवार को बिजावर विधायक राजेश शुक्ला ने निर्माण स्थल का दौरा कर कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण में उच्च गुणवत्ता बनाए रखने और समयसीमा के भीतर कार्य पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। पवित्र श्रावण मास में जटाशंकर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरीके की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए भी विधायक ने अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि जटाशंकर धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए यह विकास कार्य उनकी सुविधा और सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर एसडीएम विजयकुमार द्विवेदी, तहसीलदार अभिनव शर्मा, सीएमओ संतोष सैनी, एसडीओपी अजय रिठौरिया, थाना प्रभारी राहुल शुक्ला के अलावा पीडब्लूडी, एमपीईबी, जनपद के अ ?धिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिले में संभावित बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने हेतु व्यापक तैयारी निर्देशित

**जागरण, डिंडोरी ।** मध्यप्रदेश शासन के होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के मार्गदर्शन में संबंधित विभागों को संभावित बाढ़/आपदा एवं विभिन्न संवेदी क्षेत्रों जैसे जलाशयों, नदियों, नालों आदि के किनारे बसे क्षेत्रों में विशेष सतर्कता एवं तैयारियाँ सुनिश्चित करने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं। वर्तमान मानसून सत्र के दौरान किसी भी संभावित आपदा जैसे अतिवृष्टि, बाढ़, जलभराव, भूस्खलन, नदी-नालों का उफान, जलाशयों का भराव आदि की स्थिति में जनहानि एवं पशुहानि को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे है। आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी विभागों के बीच समन्वय के लिए एडीएम को नोडल समन्वयक नियुक्त किया गया है, जो सभी तैयारियों, अभ्यासों एवं आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया की निगरानी सुनिश्चित कर रहे है। स्वास्थ्य, पीएचई, नगर निगम, जल संसाधन, पुलिस, एसडीईआरएफ, सिविल डिफेंस आदि विभागों के साथ संयुक्त कार्ययोजना तैयार कर मॉक ड्रिल के साथ-साथ पूर्व में बचाव दल तैयार किये जा चुके है। जिले में मौजूद सभी कुओं, सेप्टिक टैंकों, बोरवेल्स और ड्रेनेज आदि की सुरक्षा व्यवस्था की पुनः जाँच की जा रही है ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। स्थानीय निकायों व जनप्रतिनिधियों की मदद से जन.जागरूकता अभियान चलाकर जोखिम क्षेत्रों के नागरिकों को सतर्क किया जा रहा है। जनसंचार एवं समाचार के माध्यमों जैसे लाउडस्पीकर, व्हाट्सएप ग्रुप, मुनादी व स्थानीय चैनलों के जरिए त्वरित सूचना प्रसारित की जा रही है। जिले में कृषि, पुलिस, एसडीईआरफ आदि विभागों द्वारा उपलब्ध संसाधनों की मैपिंग कर आपदा की स्थिति में उनका उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। ड्रोन का उद्देश्य आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव सामग्री पीड़ितों तक पहुँचाना और त्वरित सहायता देना है।

# घाट में ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलटी, चार घायल



## ट्रैक्टर ट्रॉली में खाद भरकर ला रहे थे ग्रामीण, अन्य लोगों ने कूद कर बचाई जान

**जागरण, डिंडोरी।** जिले के करंजिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पाटनगढ़ के पोषक गांव सुनपुरी घाट में बुधवार की शाम एक खाद से भरी ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पीछे आ गई। तभी ड्राइवर ने अपना नियंत्रण खो दिया और ट्राली पलट गई।दुर्घटना में चार लोगों को गंभीर रूप से चोट पहुंचा है। अन्य सवार वाहन से कूदकर फरार हो गए। बताया गया कि घटना के समय ट्राली में लगभग एक दर्जन लोग सवार थे। जब घाट के नीचे ही ट्रैक्टर में कुछ तकनीकी खराबी आई तो यात्रियों ने ड्राइवर से वाहन यही रोककर देखने की बात कही। बताया गया कि ड्राइवर नहीं माना और बीच घाट में जाकर इंजन बंद हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वो तो गनीमत रही कि मार्ग किनारे एक विशालकाय वृक्ष था। उसी से जाकर ट्राली रुक गई।नहीं तो अप्रिय स्थिति से इंकार नहीं किया जा सकता था।भीखम श्याम निवासी पिपरखुट्टा ने बताया कि उसका भाई जगदीश पिता दमनू सिंह निवासी पिपरखुट्टा गोरखपुर से खाद लेकर अपने घर जा रहें थे। तभी यह घटना हो गई। हादसे में जगदीश, बुद्धसिंह पिता तीरथ राम मार्को,जीवन लाल, अकालू राम बघेल, गोविंद पिता रवनू यादव को चोट लगी हैं।एक आटो वाले से घायलों को मदद करते हुए कस्बा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया, जहां सभी घायलों को उपचार जारी हैं ।

# युवक से उधारी के पैसे लेने गई पर महिला पर हुआ पथराव

## पुलिस के सामने हुई घटना सामने आए वीडियो

**जागरण, छतरपुर ।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में महोबा रोड पर फोर लाइन कॉलोनी में एक महिला के ऊपर पथराव किए जाने का मामला सामने आया है। बताया गया है कि महिला एक व्यक्ति से अपनी उधारी के पैसे लेने गई थी, जहां युवक और उसके साथियों ने पथराव कर दिया। घटना के वक्त पुलिस भी मौके पर मौजूद थी, जिसके वीडियो सामने आए हैं। पीड़ित महिला मीरा श्रीवास ने बताया कि, मिलन कुशवाहा नाम के युवक ने उससे अलग-अलग किश्तों में कुल 1 लाख रुपए उधार लिए थे, जो अब वह वापिस नहीं लौटा रहा है। मीरा ने इसकी शिकायत कोतवाली थाना में दर्ज कराई थी। बीते रोज मीरा को सूचना मिली कि मिलन कुशवाहा शहर के फोरलेन के समीप स्थित कॉलोनी के मकान में एक महिला के साथ रुका है। सूचना मिलने के बाद मीरा कोतवाली पुलिस को साथ लेकर मौके पर पहुंची लेकिन काफी देर तक गेट नहीं खोले गए। स्थिति स्पष्ट न होने के कारण पुलिस मौके से चली गई, जिसके बाद मिलन कुशवाहा, उसकी साथी महिला काजल प्रजापति सहित अन्य लोगों ने घर की छत से मीरा के ऊपर पथराव कर दिया। मीरा के मुताबिक पत्थर लगने के कारण उसके सिर, हाथ और कमर में गंभीर चोटें आई हैं। मीरा ने आरोप लगाया है कि मिलन कुशवाहा और काजल मिलकर उस मकान में सेक्स रैकेट चला रहे हैं और उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पथराव की सूचना सूचना मिलने के बाद सिटी कोतवाली पुलिस दोबारा मौके पर पहुंची, जहां पुलिस के सामने पथराव किया गया। पथराव का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि मीरा श्रीवास की शिकायत पर काजल प्रजापति पर मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

## पुलिस ने पकड़ी 8 पेटी अवैध शराब

**छतरपुर ।** थाना पुलिस ने नौगांव रोड पर श्मशान घाट के पास एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 पेटी अवैध शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में एक अन्य आरोपी मौके से फरार हो गया। ईशानगर थाना प्रभारी शैलेंद्र सक्सेना ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक कार में बड़ी मात्रा में अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने ईशानगर तालाब के बंधान पर चेकिंग पॉइंट लगाया। चेकिंग के दौरान कार की तलाशी लेने पर उसमें 8 पेटी अवैध शराब बरामद हुई। कार में सवार आरोपी पप्पू उर्फ प्रेम नारायण पुत्र परमलाल यादव उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम बिहटा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने बताया कि शराब नौगांव की शराब दुकान से लाई गई थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया और उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## दलदल नुमा सड़क से निकलने को मजबूर हैं ग्रामीण

### छतरपुर जनपद की ग्राम पंचायत पठादा में पनप रहा आक्रोश

**जागरण, छतरपुर ।** जनपद अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पठादा के ग्रामीण इन दिनों दलदल नुमा सड़क से निकलने को मजबूर हैं। लगातार परेशानी झेल रहे ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार सरपंच-सचिव को समस्या से अवगत कराए जाने के बावजूद समस्या को नजरंदाज किया जा रहा है, जिसके चलते ग्रामीणों में उनके प्रति आक्रोश पनप रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पठादा के कई रास्तों पर शुरुआती बारिश के बाद कीचड़ जमा हो गया है, जो अब दलदल बन चुके हैं। ग्रामीणों को इसी दल-दल से अपने वाहन निकालना पड़ रहे हैं। कई बार यहां से निकलने के दौरान लोग हादसे का शिकार हो जाते हैं। रास्तों से पैदल निकलने पर लोग घुटनों तक कीचड़ में सन जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थिति लंबे समय से बनी है लेकिन सरपंच-सचिव इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। लंबे समय से समस्या का सामना कर रहे ग्रामीणों में सरपंच-सचिव पर आक्रोश पनप रहा है। इस मामले में जब सरपंच गंगाराम अहिरवार से बात की गई तो उनका कहना था कि लगातार हो रही बारिश के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है, बारिश बंद होने के बाद सड़कों की सफाई कराई जाएगी। वहीं सचिव अर्जुन सिंह का कहना था कि हम दर्जनों बार इन मार्गों की सफाई करवा चुके हैं लेकिन स्थानीय लोग सड़कों पर कचरा फेकते हैं जो बारिश होने पर कीचड़ बन जाता है, हम पुन- सड़क की सफाई कराएंगे।

## कलेक्टर के निर्देश पर आरटीओ ने नौगांव और छतरपुर की स्कूल बसों की चैकिंग की



**छतरपुर ।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशानुसार शुक्रवार को आरटीओ के नेतृत्व में नौगांव में 14 और छतरपुर में 7 स्कूल बसों की चैकिंग की गई। साथ ही परमिट सहित आवश्यक दस्तावेज चेक किए। आरटीओ टीम ने कुल 21 बसों की जांच करते हुए एक स्कूल बस में बिना दस्तावेज की पाए जाने पर 5 हजार रुपए की जुर्माने की कार्यवाही की गई। आरटीओ द्वारा बताया गया कि यात्रियों एवं छात्रों को लेकर आनेजाने वाली सभी वाहन व स्कूल बस शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार होनी चाहिए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समस्त स्कूली वाहनों में वीएलटीडी डिवाइस पैनिक बटन के साथ होनी चाहिए ताकि आपात स्थिति में आवश्यकता पड़ने सहायता तुरंत पहुंचाई जा सके। इसके अलावा फिटनेस, परमिट, अग्निशामक यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र आदि होना अनिवार्य है। इसके अलावा नियम विरुद्ध बसों का संचालन पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

# प्रतिबंध के बावजूद बेखौफ पकड़ रहे मछलियां



**जागरण, मंडला ।** आदिवासी बाहुल्य जिला में 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पूर्णत- प्रतिबंध कर दिया गया है। जिसके लिए अधिसूचना भी जारी है। बावजूद इसके मत्स्याखेट के लिए बनाए गए नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है, लेकिन यहां संबंधित विभाग इस बात से बेफिक्र है, और हो भी क्यों ना। यह सब खेल संबंधित विभाग की मिलीभगत से ही संभव है। अन्यथा आदेश और नियम लागू हुए है तो कार्रवाई कैसे नहीं की जा रही है। बताया गया कि 15 अगस्त तक मछलियों के आखेट पर प्रशासन द्वारा प्रतिबंध लगा दिया गया है, बावजूद इसके निरंतर मछलियों का शिकार जारी है। इतना ही नहीं खुलेआम व्यापारी मछलियों का विक्रय भी करते नजर आ रहे, लेकिन इस पर कार्यवाही करने में विभाग पूरी तरह से नाकाम दिखाई दे रहा है। बाजार समेत मुख्यालय के आसपास भारी तादाद में मछलियां विक्रय की जा रही है। कार्रवाई के नाम पर विभागीय अमला केवल औपचारिकता का ही निर्वहन करते नजर आ रहा है। यहां प्रतिबंध के आदेश की धज्जियां उड़ रही है।जानकारी अनुसार प्रजनन काल में मछलियों का उत्पादन प्रभावित ना हो इसके लिए शासन स्तर से मछली के शिकार पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस प्रतिबंधात्मक आदेश के पालन के लिए जिम्मेदार मछली पालन विभाग को मत्स्याखेट रोकने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंडला जिले के नदी, नाले, जलाशय और तालाब से जमकर मत्स्याखेट किया जा रहा है। मछुआरो ने जाल फैला रखे है।

## यहां चल रहा मत्स्याखेट

मछलियो के आखेट के बाद बाजार में खुलेआम इसका विक्रय किया जा रहा है। मंडला के मछली बाजार, कारीकोन तिराहा, कटरा, देवदरा के रमपुरा क्षेत्र, बिछिया, घुघरी, बम्हनी, अंजनिया, निवास, बीजाडांडी, नारायणगंज में विक्रय हो रहा है। बताया गया है कि बरगी बांध के डूब क्षेत्र से जमकर मत्स्याखेट हो रहा है। चिरईडोंगरी और ग्वारी, बबैहा समेत फूलसागर के पास बड़ी-बड़ी मछली का आखेट कर जबलपुर भेजी जा रही है। महाराजपुर थाना के सिलपुरा के आसपास मत्स्याखेट किया जाता है। इसके बाद मछली को वाहनो में लोड कर मंडला लाया जा रहा है। नगर में हनुमान घाट, रंगरेज घाट, नाव घाट, संगम घाट में मछुआरे बंशी डालकर बैठे देखे जा सकते है।

**आदेश का नहीं हो रहा पालन :** शासन के निर्देशानुसार 16 जून से 15 अगस्त तक सम्पूर्ण जिले में मत्स्य आखेट और मत्स्य परिवहन निषेद्ध रहने के आदेश पारित किए गए थे, जिसमें प्रतिबंध अवधि में मत्स्याखेट कार्य करना, मत्स्य परिवहन करना एवं मत्स्य विक्रय करना दंडनीय अपराध बताया गया। इस नियम के उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास और 5 हजार रुपये तक का जुर्माना या दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। सवाल उठता है जब विभाग ने आदेश पारित किए तो उस पर अमल क्यों नहीं हो रहा है? शहर के जागरूक लोगों ने कहा कि प्रशासन अपने ही नियमों का पालन कराए अन्यथा जनता का विश्वास प्रशासन से उठ जाएगा।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# चिंताजनक है आतंक की सामग्री ऑनलाइन मिलना

आतंकवादी पिछले कुछ वर्षों से अपनी नापाक साजिशों को अंजाम देने के लिए पारंपरिक तरीके के बजाय आधुनिक तकनीक का सहारा लेने लगे हैं। खासकर इंटरनेट के जरिए विभिन्न तरह की मदद हासिल करना उनके लिए आसान और सुलभ तरीका बन गया है। वैश्विक आतंकवाद वित्तपोषण निगरानी संस्था एफएटीएफ ने भी चौंकाने वाला खुलासा किया है कि आतंकी धन जुटाने और हिंसक वारदातों के लिए ऑनलाइन सेवाओं का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग कर रहे हैं। एफएटीएफ की रपट में कहा गया है कि आतंकवादी अपने हिंसक अभियानों के लिए उपकरण, हथियार, रसायन और यहां तक की 'थ्री डी-प्रिंटिंग' सामग्री की खरीदारी भी आनलाइन सेवाओं के जरिए कर रहे हैं। फरवरी 2019 के पुलवामाहमले में इस्तेमाल विस्फोटक पदार्थ का एक हिस्सा आनलाइन कारोबारी मंच से खरीदा गया था। यही नहीं, आतंकी बम बनाने की विधि भी इंटरनेट से सीख रहे हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है। हाल के वर्षों में हुए कई आतंकी हमलों की जांच में इसके प्रमाण मिले हैं। इससे साफ है कि आनलाइन सेवाओं का दुरुपयोग किस कदर खतरनाक रूप ले चुका है। निगरानी तंत्र के अभाव में आतंकवादियों और उनके सहयोगियों द्वारा आनलाइन सेवाओं का इस्तेमाल हिंसक अभियानों के वित्तपोषण के लिए करने की संभावनाओं से भी अब इनकार नहीं किया जा सकता है। इंटरनेट पर विस्फोटक पदार्थ तैयार करने की तकनीक से जुड़ी सामग्री का होना भी चिंता का विषय है। ऑनलाइन सेवा प्रदाता मंचों की भी यह जिम्मेदारी है कि वे इस तरह की सामग्री की नियमित निगरानी करें, ताकि

> इंटरनेट पर विस्फोटक पदार्थ तैयार करने की तकनीक से जुड़ी सामग्री का होना भी चिंता का विषय है। सरकार और संबंधित प्राधिकारियों को इस दिशा में ठोस कदम उठाना होगा।

इसके दुरुपयोग पर रोक सुनिश्चित हो सके। एफएटीएफ का यह खुलासा भी अहम है कि आतंकवादी संगठनों को कुछ देशों की सरकारों से वित्तीय और अन्य मदद मिल रही है, जिनमें साजो-सामान और सामग्री संबंधी सहायता एवं प्रशिक्षण भी शामिल है। भारत समेत कई देश आतंकवाद के खात्मे के लिए एकजुट प्रयासों पर बल दे रहे हैं, लेकिन कुछ चुनिंदा देशों द्वारा आतंकियों के वित्तपोषण से इस पर पलीता लग रहा है। इससे पहले जून में वैश्विक निगरानी संस्था ने अपनी रपट में कहा था कि पहलगाम आतंकी हमला किसी वित्तीय मदद के बिना संभव नहीं था। इससे आतंकवाद का समर्थन करने की पाकिस्तान की नापाक नीति फिर से जगजाहिर हो गई है। यह बात छिपी नहीं है कि पाकिस्तान आतंकियों का पालन-पोषण कर उन्हें हथियार की तरह इस्तेमाल करता है। हालांकि, पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मंचों पर खुद को आतंकवाद पीड़ित देश बता कर इससे इनकार करता रहा है, लेकिन भारत ने कई बार सबूतों के साथ वैश्विक समुदाय के समक्ष यह बात साबित की है कि सीमा पार से होने वाले आतंकी हमलों की साजिश पाकिस्तान में रची जाती है। इसी आधार पर भारत ने पाकिस्तान को फिर से एफएटीएफ की 'ग्रे' सूची में शामिल करने की वकालत की है।

# ट्रंपोनॉमिक्स से उलझन में आए दुनिया के बाजार

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

**शंकर अय्यर**

अगर यह कोई फिल्म होती, तो इसका शीर्षक होता-कभी हां, कभी ना। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप ने अपनी मनमानी नीतियों और ट्रंपोनॉमिक्स की पद्धति से राष्ट्रों और बाजारों को उलझन में डाल रखा है। ऊपरी तौर पर देखा जाए, तो लगभग सभी प्रमुख शेयर सूचकांक 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर पर हैं। डोनाल्ड ट्रंप टैरिफ की समय-सीमा बढ़ाने की घोषणा से पहले चीन, भारत और यूरोपीय संघ से व्यापार सौदों की बात करते रहे हैं। लेकिन इस आशावाद के बुलबुले के नीचे एक बड़ा डर है कि ट्रंप जाने कब, क्या कह या क्या कर दें, जिससे बाजार गिर जाए। ट्रंप ने व्यापार सौदों, ईरान के साथ युद्ध विराम, यूक्रेन में युद्ध विराम और एलन मस्क के साथ अपने झगड़े पर बातें की हैं। बीते दिनों ट्रंप ने घोषणा की थी कि कनाडा के साथ कोई समझौता नहीं होगा, जिससे अगले दिन वार्ता 'फिर से शुरू' होने से पहले कनाडा और अमेरिका के शेयर बाजार में गलत संदेश गया। उन्होंने यूरोजोन को उच्च टैरिफ की धमकी दी, लेकिन कुछ दिनों बाद ही समझौते की भविष्यवाणी की। हाल ही में ट्रंप ने घोषणा की कि जापान के साथ कोई समझौता नहीं होगा, क्योंकि वे अमेरिका का शोषण कर रहे हैं। इसके बाद, उन्होंने वियतनाम के साथ समझौते की घोषणा की, जबकि वियतनामी सरकार ने कहा कि बातचीत अब भी जारी है। साफ है कि ट्रंप केवल युद्ध में ही नहीं, बल्कि व्यापार युद्धों में भी सर्जिकल या पूर्व-प्रतिक्रियात्मक हमलों में विश्वास करते हैं। हर सुबह राष्ट्राध्यक्ष और निवेशक, चाहे वे कहीं भी हों, यह सोचते हुए उठते हैं कि सोशल मीडिया पर क्या पोस्ट किया गया है और इसके क्या निहितार्थ हैं। लगता है कि दुनिया को एक आंख खुली रखकर सोना चाहिए। ट्रंप के सत्ता में आने के बाद से ही सुर्खियों का दौर लगातार देशों और बाजारों को परेशान कर रहा है। ईरान में परमाणु स्थलों पर हमले के तुरंत बाद, जब कच्चे तेल की कीमतें 80 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गईं, तो ट्रंप ने चेतावनी दी- 'हर कोई तेल की कीमतें कम रखे, मैं देख रहा हूं! ऐसा मत करो!' नाटो शिखर सम्मेलन में जब स्पेन ने रक्षा खर्च बढ़ाने पर असहमति जताई, तो ट्रंप ने उच्च टैरिफ की धमकी दी। इन्कार के बावजूद ट्रंप ने बार-बार कहा है कि उन्होंने




> अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी नीतियों और ट्रंपोनॉमिक्स की पद्धति से राष्ट्रों और बाजारों को उलझन में डाल रखा है। हर सुबह राष्ट्राध्यक्ष और निवेशक, चाहे वे कहीं भी हों, यह सोचते हुए उठते हैं कि आज उन्होंने कोई नया फैसला तो नहीं ले लिया। ट्रंप के सत्ता में आने के बाद से ही सुर्खियों का दौर लगातार देशों और बाजारों को परेशान कर रहा है।

भारत और पाकिस्तान को युद्ध विराम के लिए मजबूर करने के लिए व्यापार सौदों का इस्तेमाल किया। अमेरिका को फिर से महान बनाने का विचार (मागा) ट्रंप के इस विश्वास पर आधारित है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था और सेना की ताकत का उपयोग सहयोगियों को सुरक्षा के लिए भुगतान करने तथा 290 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के बाजारों में भागीदारी के विशेषाधिकार के लिए दूसरों से प्रवेश शुल्क वसूलने के लिए किया जाना चाहिए। हालांकि, मागा का सपना अमेरिकी कर्ज और घाटे से परेशान है। 2024 में, इसका व्यापार घाटा 918 अरब डॉलर, संघीय घाटा 18.3 खरब डॉलर और कुल कर्ज 362 खरब डॉलर या सकल घरेलू उत्पाद का 123 प्रतिशत था। यह स्थिति और भी बदतर होती जा रही है, क्योंकि संघीय बजट के लिए गठित गैर-लाभकारी समिति के अनुसार, नया 'बिग ब्यूटीफुल बिल' 2034 तक 35-42 खरब डॉलर का ऋण जोड़ देगा। ट्रंपोनॉमिक्स के सनकपन में एक तरीका छिपा है। ट्रंप का मानना है कि टैरिफ से कई उद्देश्य पूरे होंगे-इससे पहले ही प्रतिमाह लगभग 30 अरब डॉलर का राजस्व प्राप्त हो रहा है, तथा व्यापार घाटे में कमी आएगी और उत्पादन को अन्यत्र लाने पर बल मिलेगा। इसका आधार करों में कटौती है, जो कि हाल ही में पारित किए गए 'बिग ब्यूटीफुल बिल' का सार है। ट्रंप की पश्चिम एशिया यात्रा भू-अर्थशास्त्र को ध्यान में रखकर की गई थी। उन्होंने दावा किया है कि इससे 20 खरब डॉलर से ज्यादा का निवेश आया है। पिछले साल, अमेरिका ने ब्याज लागत पर 881 अरब डॉलर खर्च किए थे। इस साल, इस पर प्रतिदिन तीन अरब डॉलर खर्च होने की उम्मीद है। सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) प्रयोग का भुगतान अब तक नहीं हुआ है और कल्याण लागत बढ़ती जा रही है। ट्रंप ने धन प्रेषण (रेमिटेंस) पर कर लगाया है और उनकी 50 लाख डॉलर की ट्रंप कार्ड वीजा योजना में पहले से ही 75,000 से अधिक आवेदक हैं। ब्याज दरों पर फेड अध्यक्ष जेरोम पॉवेल को निशाना बनाने का उद्देश्य उधार लेने की लागत को कम करना है। विदेशियों के पास 90 खरब अमेरिकी डॉलर का ऋण है और डॉलर के अवमूल्यन को ऋण का गुप्त प्रबंधन कहा जा सकता है। भूराजनीति में उनके हस्तक्षेप (चाहे वह यूक्रेन हो या कांगो-रवांडा) का लक्ष्य खनिज अधिकारों का दोहन और वाणिज्यिक लाभ कमाना है। इस सप्ताह, नाटो सदस्य अपने जीडीपी के दो से पांच प्रतिशत तक रक्षा व्यय बढ़ाने पर सहमत हुए। ट्रंप इस मामले में विजयी हुए। 2024 में अमेरिका ने 314 अरब डॉलर मूल्य के हथियारों का निर्यात किया, जिसके 2033 तक बढ़कर 447 अरब डॉलर हो जाने की उम्मीद है। यूरोप में अमेरिका की हथियार बिक्री का 35 प्रतिशत हिस्सा है और रक्षा पर होने वाला अधिक खर्च अमेरिकी हथियार कंपनियों के पास जाएगा। ऐसे में आश्चर्य की बात नहीं है कि हथियार कंपनियों का मूल्यांकन बढ़ गया है। ट्रंप अपने आप में भाग्यशाली हैं। 2024 में उनकी जीत ने उन्हें सत्ता की त्रिमूर्ति दी है-सीनेट, सदन और सुप्रीम कोर्ट में बहुमत।

अंतरराष्ट्रीय व्यापार में टैरिफ युद्ध के बीच अमेरिकी मीडिया भी ट्रंप की नीतियों की आलोचना कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति से पूरी दुनिया की आर्थिक स्थिरता खतरे में पड़ जाएगी। द न्यूयॉर्क टाइम्स, द वॉशिंगटन पोस्ट और सीएनएन ने ट्रंप की टैरिफ नीति को आर्थिक रूप से जोखिम भरी, अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिए उठाया गया कदम और वैश्विक व्यापार व्यवस्था को अस्थिर करने वाला बताया है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ), अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं ने भी इस विवाद पर गंभीर चिंता जताई है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने तो यहां तक लिखा कि ट्रंप की यह नीति अमेरिकी किसानों, उपभोक्ताओं और विनिर्माण कंपनियों पर उल्टा असर डाल रही है, जबकि वाशिंगटन पोस्ट ने इसे सदियों पुरानी संरक्षणवादी सोच की वापसी करार दिया। इसे ट्रंप की संकीर्ण राष्ट्रवादी सोच का परिणाम बताते हुए अखबार ने लिखा कि यह नीति वैश्विक सहयोग की बजाय टकराव को बढ़ावा देती है और व्यापार में अनिश्चितता फैलाकर निवेशकों और कंपनियों का भरोसा कमजोर करती है।

इस सप्ताह उन्होंने पार्टी प्राइमरी में असंतुष्टों को धमकी दी कि वे 'बिग ब्यूटीफुल बिल' के माध्यम से अपने अभियान के वादे को पूरा करेंगे, भले ही कर छूट ज्यादातर सबसे अमीर लोगों के लिए फायदेमंद है। टिप और ओवरटाइम के लिए रियायतें संहिताबद्ध नहीं हैं और 2028 में समाप्त हो जाएंगी।

लाखों लोग चिकित्सा देखभाल तक पहुंच खो देंगे। चाहे ईरान पर हमला करना हो या कानूनी फर्मों, विश्वविद्यालयों और अवैध आव्रजन पर कार्रवाई करना हो, ट्रंप खुद का समर्थन करते हैं।

यह निस्संदेह एक जोखिम भरा दांव है, जिसका संप्रभु बैलेंस शीट और नियम-आधारित विश्व व्यवस्था पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ेगा। फिलहाल ट्रंप ने टैरिफ की समय-सीमा 8 जुलाई से बढ़ाकर एक अगस्त कर फौरी राहत तो दे दी है। उसके बाद ही उनके इरादों का पता चलेगा।

# क्या महाराष्ट्र की राजनीति में प्रासंगिक है मराठीवाद?

भाषा विवाद

**जितेंद्र दीक्षित**

साल 2005 में जब राज ठाकरे ने शिवसेना छोड़कर अपनी अलग पार्टी यानी कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना बनाई तो अपनी सियासत को आगे बढ़ाने के लिए मराठीवाद का मुद्दा अपनाया। इस मुद्दे को उनके कार्यकर्ताओं ने उत्तर भारतीय राज्यों से आए लोगों को पीट कर अमल किया। यह कथानक चलाया गया की उत्तर भारतीय मराठी लोगों का रोजगार छीन रहे हैं। साल 2009 में जब पहली बार राज ठाकरे की पार्टी ने विधानसभा चुनाव लड़ा तो उसे 13 सीटें मिलीं लेकिन मराठी का मुद्दा आगे के चुनाव के लिए काम नहीं कर पाया। 2014 और 2019 के चुनाव में मनसे को सिर्फ एक एक सीट ही मिली और 2024 के चुनाव में तो एक भी सीट नहीं मिल पाई। 2017 के मुंबई महानगरपालिका चुनाव में भी मनसे अपना झंडा नहीं गाड़ पाई। 227 सीटों वाली मुंबई महानगरपालिका में मनसे के सिर्फ सात ही पार्षद चुने गए और बाद में वह भी अलग-अलग पार्टियों में चले गए।

दरअसल मराठीवाद का मुद्दा अबसे कुछ दशक पहले तक मुंबई ठाणे और नवी मुंबई जैसे शहरों के लिए प्रासंगिक था लेकिन इन शहरों के अलावा बाकी महाराष्ट्र में जाति और धर्म आधारित राजनीति होते आई है। शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे ने यह बात 80 के दशक के मध्य में ही जान ली थी। इसलिए उन्होंने मराठीवाद से आगे बढ़कर पार्टी की विचारधारा के तौर पर हिंदुत्व को अपना लिया था।

हिंदुत्ववाद अपनाने के बाद ही शिवसेना का विस्तार महाराष्ट्र के बाकी इलाकों में भी हुआ। हिंदी भाषाओं को करीब लाने के लिए 1993 में बाल ठाकरे ने अपने अखबार सामना का हिंदी संस्करण भी शुरू किया और 1996 में एक उत्तर भारतीय महासम्मेलन का भी आयोजन मुंबई में किया गया। अगर आंकड़ों पर गौर करें तो नजर आता है कि मराठीवाद की राजनीति करने वाली मनसे का वोट प्रतिशत लगातार गिरा है। 2009 में जब मनसे ने पहली बार विधानसभा का चुनाव लड़ा था तब उसे 5।7 फ़ीसदी वोट मिले थे। 2024 के पिछले चुनाव में ये आंकड़ा घटकर 1.6 फ़ीसदी का हो गया। दूसरी तरफ शिवसेना को 2009 में 16.3 फ़ीसदी वोट मिले थे जो कि 2024 में घटकर 10 फ़ीसदी रह गए। यहां इस बात का ध्यान रखा जाना जरूरी है की जून 2022 में शिवसेना दो फाड़ हो गई। 10 फ़ीसदी का आंकड़ा उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना का है। मुंबई महानगर पालिका में भी मराठीवाद का मुद्दा मनसे के लिए काम नहीं आ सका। 2012 में भले ही मनसे ने 227 में से 28 सीटें जीत ली हो लेकिन 2017 में हुए आखिरी चुनाव में उसे महज 7 सीटें ही मिल पाईं। उसके यह सातों पार्षद भी बाद में दल बदल करके अलग-अलग पार्टियों में चले गए। दूसरी तरफ शिवसेना को 2012 में 75 सीटें मिलीं जो 2017 में बढ़कर 84 हो गईं। यहां गौरतलब है कि बीजेपी और शिवसेना ने पहली बार गठबंधन से बाहर होकर अलग-अलग चुनाव लड़ा था। 2011 की जनगणना के मुताबिक मुंबई में हिंदी भाषी बोलने वालों की आबादी करीब 36 लाख लोगों की है। गुजराती बोलने वाले करीब 14 लाख हैं जबकि उर्दू बोलने वाले करीब साढे 14 लाख है। इनके मुकाबले मराठी बोलने वालों की संख्या करीब 45 लाख है। इन आंकड़ों का मतलब यह है कि मुंबई में मराठीभाषिकों से कई गुना ज्यादा गैर मराठी लोग रहते हैं। मौजूदा बीएमसी के चुनाव पिछले बीएमसी के चुनाव की तुलना में इसलिए अलग होंगे क्योंकि भाजपा पहले से काफी मजबूत हुई है, शिवसेना दो हिस्सों में बंट गई है और कांग्रेस फिलहाल सबसे कमजोर स्थिति में है। इसके अलावा एक तरफ जहां सत्ताधारी महायुती गठबंधन के घटक दल साथ मिलकर चुनाव लड़ने वाले हैं तो इन दूसरी तरफ महा विकास आघाड़ी के घटक दल अलग-अलग चुनाव लड़ेंगे।



> मराठी के मुद्दे को लेकर राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे अपनी 20 साल पुरानी अदावत भुलाकर फिर एक साथ आए हैं। एक आयोजन के दौरान मंच साझा करके ये संकेत दिया गया कि इन दोनों की करीबी आने वाले बीएमसी चुनाव के लिए एक राजनीतिक गठबंधन में भी तब्दील हो सकती है। दोनों नेताओं की तरफ से यह भी स्पष्ट किया गया कि चुनाव मराठीवाद के मुद्दे पर लड़ा जाएगा। सवाल यह है कि क्या अभी मराठीवाद का मुद्दा मुंबई के सियासी पटल पर प्रासंगिक है?

मुंबई में पिछले दिनों राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे ने 20 साल बाद साझा रैली की। भाजपा नेताओं ने इस रैली को एक राजनीतिक फायदे के लिए की गई पारिवारिक मुलाकात बताया और कहा कि यह सिर्फ अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन को वापस पाने की बेताब कोशिश थी। गौर तलब है कि महाराष्ट्र में पचास के दशक से ही मराठी पहचान को लेकर राजनीति जारी है। मराठी भाषा का सवाल उस दौर से ही बेहद संवेदनशील मुद्दा रहा है। यह केवल शिक्षा नीति से जुड़ा मामला नहीं है, बल्कि क्षेत्रीय अस्मिता से इस मुद्दे का नाभि-नाल सम्बन्ध है। इसे एक तरह से मराठी मानुष के वर्चस्व से भी जोड़कर देखने -समझने की जरूरत है। आज वर्चस्व की राजनीति खड़ी करने की जो कोशिश है; उसने संघीय भाषा बनाम क्षेत्रीय भाषाई प्रभुत्व की बहस को एक बार फिर केन्द्र में ला खड़ा किया है।

प्रसंगवश

# प्राथमिक स्कूली शिक्षा में सुधार की बड़ी आवश्यकता

शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी 'परख' राष्ट्रीय सर्वेक्षण, 2024 की रिपोर्ट खासकर प्राथमिक शिक्षा में सुधार की आवश्यकता को रेखांकित करती है और बताती है कि खासकर प्राथमिक शिक्षा अब भी कोरोना महामारी के असर से बाहर नहीं निकल पायी है। दिसंबर, 2024 में देश के कुल 781 जिलों के 74,229 सरकारी और निजी स्कूलों में तीसरी, छठी और नौवीं कक्षा के 21।15 लाख छात्रों का मूल्यांकन किया गया। इससे जो निष्कर्ष निकल कर आया, उससे यह पता चलता है कि प्राथमिक स्तर पर सीखने का स्तर अब भी कोविड पूर्व स्तर पर नहीं पहुंचा है। यानी कोरोना ने बच्चों की पढ़ाई पर जो असर डाला था, वह अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है। उदाहरण के लिए, 2024 में भाषा और गणित में कक्षा तीन के छात्रों का प्रदर्शन 2021 की तुलना में तो बेहतर रहा, लेकिन उनके अंक 2017 के कोविड पूर्व स्तर से कम रहे। पिछले साल कक्षा तीन के छात्रों ने भाषा में 64 फीसदी का औसत राष्ट्रीय स्कोर दर्ज किया, जो 2021 के 62 प्रतिशत से तो अधिक है, लेकिन 2017 के 66 फीसदी से कम है। इसी तरह गणित में तीसरी कक्षा का औसत राष्ट्रीय स्कोर 60 फीसदी रहा, जो 2021 के 57 प्रतिशत से अधिक, लेकिन 2017 के 63 प्रतिशत से कम था। छठी और नौवीं कक्षाओं का प्रदर्शन तो और भी चिंताजनक रहा, जहां भाषा को छोड़कर सभी विषयों में औसत राष्ट्रीय स्कोर 50 फीसदी से कम रहा। शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, छठी और नौवीं कक्षाओं के छात्र उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन इसलिए नहीं कर पाये, क्योंकि महामारी के कारण उन्हें लगभग दो साल का नुकसान हुआ था। 'परख' की रिपोर्ट से यह हकीकत भी सामने आती है कि छठी कक्षा के मात्र 53 प्रतिशत बच्चे ही 10 तक का पहाड़ा जानते हैं, तीसरी कक्षा के केवल 55 फीसदी बच्चे ही 99 तक की संख्या को क्रम में लिखने में सक्षम हैं, जबकि मात्र 58

> प्राथमिक स्तर पर सीखने का स्तर अब भी कोविड पूर्व स्तर पर नहीं पहुंचा है। यानी कोरोना ने बच्चों की पढ़ाई पर जो असर डाला था, वह अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है।

फीसदी छात्र दो अंकों का जोड़ और घटाव कर पाते हैं। छात्रों की गणितीय समझ और संख्याओं के उपयोग में तो गंभीर खामियां दिखाई पड़ी ही, स्कूलों की शैक्षिक गुणवत्ता में असमानता अब भी एक बड़ी चुनौती है। हालांकि पंजाब, केरल और हिमाचल प्रदेश जैसे कुछ राज्यों के स्कूलों का प्रदर्शन अच्छा दिखा, लेकिन कुल मिलाकर स्कूली शिक्षा में सुधार की बड़ी आवश्यकता है। शिक्षा व्यवस्था में अपेक्षित सुधार के लिए परख का यह सर्वेक्षण बहुत कारगर साबित हो सकता है। स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को दुरुस्त करने की मुहिम सिर्फ स्कूलों तक न रहे। इसके दायरे में शिक्षक तैयार करने वाले देशभर के शैक्षणिक संस्थान भी शामिल किए जाने चाहिए। फिलहाल इन संस्थानों की गुणवत्ता को दुरुस्त करने को लेकर सरकार बड़ी तैयारी में जुटी है। सरकार ने यह कवायद उस समय शुरू की है, जब स्कूली शिक्षा के स्तर पर काफी कोशिशों के बाद भी गुणवत्ता में अपेक्षा के अनुरूप सुधार होता नहीं दिख रहा है। इसकी एक बड़ी वजह शिक्षक भी माने जा रहे हैं। मौजूदा समय में ज्यादातर शिक्षक ऐसे हैं, जो गणित व विज्ञान सहित उन विषयों में दक्ष नहीं हैं, जिनके आधार पर स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को परखा जाता है। आने वाले समय में खराब या निम्न गुणवत्ता वाले शिक्षक शिक्षा संस्थानों पर ताला लगना तय है।



## ।।गीता।।



**श्लोक**

**वेदानां सामवेदोऽस्मि देवानामस्मि वासवः।**
**इंद्रियाणां मनश्चास्मि भूतानामस्मि चेतना॥**

**भावार्थ**

मैं वेदों में सामवेद हूँ, देवों में इंद्र हूँ, इंद्रियों में मन हूँ और भूत प्राणियों की चेतना हूँ।

जीवन दर्शन

# वातावरण के साथ नाता जोड़ते हैं पैर

बड़े-बुजुर्ग कह गए हैं कि पांव हमेशा जमीन पर रहने चाहिए। आजादी सभी को चाहिए और जब बात पैरों की हो, तो उसका मतलब होता है वातावरण के साथ गहरा नाता जोड़ना। जूते पहनकर समाज से मिला जाता है और नंगे पांव ईश्वर से। कभी पांवों से पूछा नहीं गया कि उनकी हसरत क्या है, कहीं वो आजाद तो नहीं रहना चाहते?एक टापू पर दो जूता कंपनियों के सेल्समैन उतरे। टापू दुनिया की नजर से दूर था और वहां के लोग आधुनिकता से अनजान। जो सेल्समैन पहले पहुंचा, वह देखकर निराश हो गया कि लोग तो नंगे पांव रहते हैं। उसने अपनी कंपनी में संदेश भिजवाया कि यहां कोई जूता नहीं पहनता, हमारे लिए कोई स्कोप नहीं है। वहीं, दूसरा सेल्समैन कंपनी से अति उत्साह में कहता है, किसी के पास जूता नहीं है यहां। तुरंत जहाज भरकर माल भेजो। इस कहानी को मार्केटिंग के नजरिये से ही सुनाया गया है। सीख दी गई कि देखो, मौके तो हर जगह होते हैं, बस पहचान करना आना चाहिए। जब बात पैरों की हो, तो उसका मतलब होता है वातावरण के साथ गहरा नाता जोड़ना। नंगे पैर अहसास कराते हैं मिट्टी का, रेत का, घास की हरी-हरी चादर का और उस पर पड़ी ओस का। जूतों के लिए तो हर रास्ता एक होता है, ये पैर महसूस करते हैं कि जमीन समतल है या खुरदुरी, और रास्ता कितना मुश्किल या आसान होने वाला है। पैर नंगे हों, तो ही अनुभव करते हैं ठंडी और गर्म हवाओं को, गड्ढों में भरे बारिश के पानी को और पतझड़ से टूटे पत्तों की चरमराहट को। वे संवाद करते हैं प्रकृति के साथ। महसूस करते हैं धरती को और संदेश पहुंचाते हैं हम तक। यूं इन्हें कैद करना अपना एक जरिया बंद कर देना है। इसका मतलब होता है कि आसपास जो जैसा है, जो जैसा घट रहा है, उसे बिल्कुल उसी तरह महसूस करना, उसके बारे में जागरूक होना और ध्यान केंद्रित करना। नंगे पैर इसी माइंडफुलनेस की ओर ले जाते हैं। चैतन्य बनाते हैं। भावनाओं को काबू में करना सिखाते हैं। दिमाग शांत होता है, तो दिल में सुकून रहता है। नींद चैन भरी और गहरी आती है।

इस तरह चहलकदमी के कुछ फायदे स्वास्थ्य से भी जुड़े हैं। कुछ स्टडी का कहना है कि इससे ब्लड प्रेशर ठीक रहता है, नेगेटिविटी कम होती है, थकान घटती है। बॉडी का बैलेंस सुधरता है। पैरों की मांसपेशियां मजबूत और चुस्त बनती हैं। ऐसा भी माना जाता है कि धरती के इलेक्ट्रिकल चार्ज हमारे शरीर में मौजूद फ्री रेडिकल्स को न्यूट्रल कर देते हैं। इससे स्वास्थ्य बेहतर रहता है। लेकिन, धरती की इस खासियत का फायदा उठाने के लिए शरीर का सीधा संपर्क होना चाहिए जमीन से और ऐसा तब आसानी से हो जाता है जब पांव नंगे हों।

## संक्षिप्त खबरें

### आंगनवाड़ी केंद्रों में होगा स्वास्थ्य, शिक्षा पर फोकस

**विसं, भोपाल।** राज्य सरकार जनजातीय क्षेत्रों में बाल देखभाल और उनके पोषण पर विशेष ध्यान दे रही है। इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए सरकार ने जहां जनजातीय क्षेत्रों में 66 नए आंगनबाड़ी केन्द्र स्थापित करने का फैसला लिया है, वहीं इन वर्ग के बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं पर भी फोकस किया है। इस संबंध में विभाग ने नवीन आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना के लिए अपनी तैयारी प्रारंभ कर दी है। विभाग ने जनजातीय क्षेत्रों में बाल देखभाल, पोषण, स्वास्थ्य और पूर्व शिक्षा सेवाओं की पहुंच मजबूत करने पर फोकस किया है। सरकार के निर्देश के बाद विभाग के प्रयास से समुदायों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो सकेंगे।

### नीट-यूजी के 75 बच्चों के दोबारा परीक्षा मामले में फैसला सुरक्षित

**जागरण, इंदौर।** इंदौर और उज्जैन के 75 स्टूडेंट्स की दोबारा नीट यूजी परीक्षा कराने के मामले में गुरुवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। यह सुनवाई करीब दो घंटे तक चली। इस दौरान 75 याचिकाकर्ता छात्रों की ओर से एडवोकेट मृदुल भटनागर ने यह तर्क दोहराया कि यदि इन छात्रों को दोबारा री-एग्जाम का मौका नहीं दिया तो उनका भविष्य प्रभावित होगा। इसके अलावा, वे 20 से अधिक याचिकाकर्ता छात्र जिन्होंने 3 मई के बाद याचिकाएं दाखिल की थीं, उनकी ओर से एडवोकेट विवेक शरण ने अपने तर्क रखें। उन्होंने कहा कि इन छात्रों की याचिकाएं भी शामिल की जानी चाहिए। उधर एनटीए की ओर से भारत सरकार के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी मजबूती से अपने पक्ष रखें। उन्होंने कहा कि 22 लाख स्टूडेंट्स ने एग्जाम दी है। सभी सेंटर पर माकूल व्यवस्था थी। जिन सेंटरों पर बिजली गुल होने की बात कही जा रही है। वहां भी पावर बैकअप था। मामले में स्टूडेंट्स के एडवोकेट मृदुल भटनागर ने कहा कि एनटीए ने जो रिपोर्ट पेश की है, उसमें तथ्य सही नहीं है।

### पीएचक्यू ने किए 55 सब इंस्पेक्टर के तबादले

**भोपाल।** पुलिस मुख्यालय ने गुरुवार को उप निरीक्षक स्तर के 55 पुलिसकर्मियों के तबादले किए हैं। पुलिस स्थापना बोर्ड की मंजूरी के बाद पीएचक्यू ने गुरुवार रात सूची जारी कर दी है। ट्रांसफर आर्डर के अनुसार भोपाल में अगस्त उदय सिसोदे को इंदौर शहर, सुनील सिंह भदोरिया को रायसेन भेजा गया है जबकि पीटीआरआई में पदस्थ अंकित वर्मा को भोपाल शहर स्थानांतरित किया गया है। इन सभी पुलिस कर्मियों का तबादला उनके द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर स्वयं के व्यय पर किया गया है।

### बम विस्फोट का आरोपी 29 साल बाद गिरफ्तार

**चेन्नई।** तमिलनाडु एटीएस ने गुरुवार को कहा कि उसने 1998 के कोयंबटूर बम विस्फोट मामले के मुख्य आरोपी सादिक को गिरफ्तार कर लिया है। विस्फोट में 58 लोग मारे गए थे, 250 अन्य घायल हुए थे। सादिक तमिलनाडु में सांप्रदायिक हत्याओं से जुड़े मामलों में भी मुख्य आरोपी है। वह 29 साल से फरार था। एटीएस ने कहा कि विशिष्ट एवं विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर आतंकवाद निरोधक दस्ते और कोयंबटूर सिटी पुलिस की एक विशेष टीम ने सादिक को कर्नाटक के विजयपुरा जिले से गिरफ्तार कर लिया। कोयंबटूर निवासी सादिक ने कई उपनाम का इस्तेमाल किया, जिनमें राजा, दर्जी राजा, वलारंथा राजा, शाहजहां अब्दुल मजीद मकानदार और शाहजहां शेख शामिल है। सादिक 1996 में कोयंबटूर में हुए पेट्रोल बम हमले, जिसमें जेल वार्डन बूपालन की मौत हो गई थी, 1996 में नागोर में हुए सईथा हत्याकांड और 1997 में मदुरै में हुई जेलर जयप्रकाश की हत्या से जुड़े मामले में भी आरोपी है। एटीएस ने कहा, आतंकवाद निरोधक दस्ते ने हाल के हफ्तों में कोयंबटूर सिटी पुलिस के साथ समन्वय करके भारत के सर्वाधिक वांछित आरोपी अबूबकर सिद्दीकी और मोहम्मद अली उर्फ यूनुस को आंध्र प्रदेश के अन्नामय्या जिले से गिरफ्तार किया।

# किसी नेता को तीसरी बार नहीं मिलेगी निगम-मंडल की कुर्सी

## सरकारी पदों पर राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर सुगबुगाहट शुरू, अधिकांश पदों पर होंगे नए चेहरे




**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार जल्द ही निगम-मंडल सहित दूसरे खाली पदों पर राजनीतिक नियुक्तियां देने की तैयारी में है। इस बार इन कुर्सियों पर वो नेता नहीं बैठ पाएंगे, जो दो बार इन पदों पर बैठ चुके हैं। इसके स्थान पर युवाओं और वरिष्ठ नेताओं को इन पदों पर नियुक्त किया जाएगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले निगम-मंडल, आयोग और प्राधिकरण की 46 राजनीतिक नियुक्यिों को निरस्त कर दिया था। इसके बाद से लगातार इन पदों पर नियुक्यिों को लेकर कयासवाजी चलती रही है। लोकसभा चुनाव के ठीक बाद कई विधायकों और वरिष्ठ नेताओं सहित इन पदों पर पहले रह चुके भाजपा नेताओं द्वारा भोपाल से लेकर दिल्ली और नागपुर तक की दौड़ लगाई है। संघ के कुछ नेताओं की सिफारिशें भी पार्टी नेतृत्व और मुख्यमंत्री तक पहुंची हैं, लेकिन किसी न किसी वजह से इन पदों पर अब तक नियुक्ति नहीं हो सकी है। लेकिन अब एक बार फिर से इन राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो गई है। सूत्रों का दावा है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्वाचन होते ही मध्यप्रदेश के खाली पड़ पदों पर नेताओं की ताजपोशी की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

इधर खबर आ रही है कि नेतृत्व और निर्णयकर्ता इस बार इस पक्ष में नहीं हैं कि नेताओं को संतुष्ट करने के नाम पर इन पदों पर पुराने चेहरों को ही बैठा दिया जाए। ऐसे में क्राइटेरिया तय किया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि ऐसे नेता जो दो बार निगम मंडल के पदों पर बैठ चुके हैं, उन्हें इन नियुक्यिों से अलग रखा जाएगा। हालांकि पहले यह तय किया जा रहा है कि एकदम नए लोगों को इन पदों पर बैठाया जाए, लेकिन फिर यह दलील दी गई कि पिछली बार तत्कालीन शिवराज सरकार ने जिन नेताओं को निगम, मंडल, प्राधिकरण और आयोग में बैठाया था, उनका कार्यकाल पूरा नहीं हो सकता और मात्र एक से डेढ़ साल तक ही नेता इन कुर्सियों पर बैठे। ऐसे में यदि उन्हें इन नियुक्यिों सें वंचित रखा जाता है, तो उनके साथ अन्याय होगा। तब यह तय किया गया कि दो बार पद पाने वाले नेताओं के नाम पर विचार नहीं किया जाएगा। हालांकि यह भी बताया जा रहा है कि किसी कारण वश दो बार निगम मंडल में दायित्व निभा चुके नेताओं को फिर से मौका देना पड़ा, तो उन्हें विशेष परिस्थितियों में यह पद दिए जा सकते हैं। लेकिन किसी भी स्थिति में तीन बार इन पदों पर रह चुके नेताओं के नामों पर किसी भी स्थिति में समझौता नहीं किया जाएगा, फिर चाहे वह कितना ही वरिष्ठ और ऊपरी पहुंच वाला क्यों न हो। शीर्ष सूत्रों की मानें तो ऐसे लोगों को संगठन से जोड़कर उन्हें संतुष्ट करने का काम किया जाएगा।

### ये हैं बड़े नेता, जिन्हें हटाया गया था

**माखन सिंह चौहान, विभाष उपाध्याय शिवनारायण चौबे, अखिलेश्वरानंद गिरी, शैलेन्द्र बरुआ, जितेन्द्र लटौरिया, आशुतोष तिवारी , विनोद गोटियां, जितेन्द्र जामदार, कृष्ण मोहन सोनी, सुनील पांडे, हितेष वाजपेयी**

### सर्वे में कार्यकर्ताओं ने जताई मंशा

जानकारों की मानें तो इस संबंध में पार्टी नेतृत्व और संघ द्वारा निगम मंडल, प्राधिकरण एवं आयोगों में नियुक्यिों को लेकर अपने स्तर पर सर्वे कराया गया था, जिसमें केवल कार्यकर्ताओं की राय पूछी गई थी। सूत्रों की मानें तो अधिकांश कार्यकर्ताओं ने इस बात पर असंतोष जताया था कि निगम मंडलों मं हर बार कई पुराने चेहरों को ही बैठा दिया जाता है, जिससे युवाओं को मौका नहीं मिल पा रहा है। जबकि कोई भी चुनाव हो, युवा कार्यकर्ता ही अपना पूरा दमखम लगाकर पार्टी को जिताता है।

### इनकी खुल सकती है लॉटरी

पार्टी से जुड़े सूत्रों की मानें तो ऐसे नेताओं और कार्यकर्ताओं को इन सरकारी पदों पर बैठाया जा सकता है, जो किसी कारण चुनावी राजनीति से दूर रहे हैं। इनमें ऐसे नेता जिनकी विधानसभा चुनाव या उपचुनाव में टिकट को लेकर प्रबल दावेदारी थी और उनके नाम सर्वे में भी आगे थे। इनके अलावा आरक्षित सीटों से आने वाले सामान्य व ओबीसी वर्ग के नेता व कार्यकर्ताओं को भी इन पदों के लिए प्रबल दावेदार माना जा रहा है। इसी तरह कांग्रेस को छोड़ भाजपा की विचारधारा के साथ काम कर रहे नेताओं को भी इस बार इन पदों पर बैठाकर उनसे चुनाव पूर्व किसी गए वायदों को पूरा किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री ने छात्रों को बांटी साइकिलें

## शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले स्कूलों को 5-5 लाख रुपए देने की घोषणा



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को कहा कि सीएम राइज स्कूल अब सांदीपनि स्कूल के नाम से जाने जाएंगे। हमने इन स्कूल भवनों का नाम महर्षि सांदीपनि के नाम पर रखा है, क्योंकि वो भारतीय परंपरा के नाम पर रखा गया है। उनके गुरुकुल में 64 कलाएं, 14 विद्याएं, अठाहर पुरण और चारों वेद पढ़ाए जाते थे। 5 हजार साल पहले उनके पास ऐसा अद्भूत शिक्षा तंत्र था,जो आज भी प्रेरणा देता है। महर्षि सांदीपनि वही महान गुरु हैं, जिनके आश्रम में स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने भी शिक्षा प्राप्त की थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण और रोजगार परक शिक्षा ही किसी देश की मजबूती का आधार है। बेहतर शिक्षा के बूते ही भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा गणतंत्र बनकर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। प्रदेश में 369 सांदीपनि विद्यालय संचालित हो रहे हैं। जहां शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के केंद्र बनकर उभरे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए महू, देवास, नरसिंहपुर के विद्यालयों को बेहतर शैक्षणिक प्रबंधन विकास के लिए 5-5 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस मौके पर सीएम ने समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत स्कूली बच्चों को निःशुल्क साइकिल वितरण के 2 दिवसीय अभियान का शुभारंभ करते हुए 50 विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित कीं।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने एक धुन में साइकिल की घंटी बजाकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अभिवादन किया। अभियान के पहले दिन विभिन्न जिलों में विद्यार्थियों को 4 लाख 30 हजार साइकिलें बांटी गईं।

### ईओडब्ल्यू डीजी ने पुलिस इकाइयों को लिखा पत्र स्टाफ के लिए मांगे अधिकारी-कर्मचारियों के नाम

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने अपनी विभिन्न इकाइयों में निरीक्षक, कार्यवाहक निरीक्षक, प्रधान आरक्षक और कार्यवाहक प्रधान आरक्षक के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस संबंध में ईओडब्ल्यू मुख्यालय, भोपाल ने भोपाल और इंदौर के पुलिस कमिश्नर तथा सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को एक पत्र जारी किया है। ईओडब्ल्यू के डीजी उपेंद्र जैन ने जिला पुलिस बल में तैनात ऐसे कर्मचारियों और अफसरों के नाम सात दिनों के भीतर भेजने को कहा है जो ईओडब्ल्यू में काम करने के इच्छुक हों।

#### चयन के लिए रखी गईं ये शर्तें

डीजी उपेंद्र जैन ने सभी जिला पुलिस इकाइयों से नाम भेजने से पहले यह तय करने को कहा है कि जिस भी अधिकारी या कर्मचारी का नाम भेजा जाए, उसका ट्रैक रिकॉर्ड और छवि अच्छी रही हो। इसके साथ ही, ईओडब्ल्यू में प्रतिनियुक्ति के लिए आने वाले किसी भी कर्मचारी और अधिकारी की अगले 3 वर्षों में प्रमोशन की संभावना न हो। डीजी ने ऐसे स्टाफ की लिस्ट के साथ उनका आवेदन और बायोडाटा भी भेजने को कहा है।

# 9 नगरीय निकाय उपचुनाव में भाजपा के 6 पार्षद जीते

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश के 9 नगरीय निकायों में पार्षद पद के लिए हुए उपचुनाव में भाजपा की बड़ी जीत अर्जित की है। उसके 6 वार्डों में पार्षदों ने चुनाव जीत लिया है। 2 सीटों पर कांग्रेस तो एक सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी को जीत हासिल हुई है। गौरतलब है कि राज्य की 9 निकायों के अलग-अलग 9 वार्डो में पार्षद पद के लिए बीते 7 जुलाई को मतदान कराया गया था। जिसकी मतगणना गुरुवार को की गई। भाजपा को छह और कांग्रेस को तीन सीट पर जीत हासिल की है। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव अभिषेक सिंह ने बताया कि सभी नौ नगरीय निकायों में एक-एक पार्षद के उपचुनाव के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि भोपाल जिले के बैरसिया नगरीय निकाय के वार्ड 7 से भाजपा की शाइस्ता सुल्तान विजयी रहीं। सिवनी नगरीय निकाय के वार्ड 11 से भाजपा की निधि ने जीत हासिल की। इंदौर जिले के सांवेर नगरीय निकाय के वार्ड 7 से कांग्रेस की हसीना विजयी हुईं। इंदौर जिले के गौतमपुरा नगरीय निकाय के वार्ड 15 से भाजपा के शंकरलाल ने जीत दर्ज की। मंडला जिले के बिछिया नगरीय निकाय के वार्ड 13 से कांग्रेस की राजकुमारी धुर्वे को जीत मिली। शहडोल जिले के खांड नगरीय निकाय के वार्ड 8 से कांग्रेस के शशिधर त्रिपाठी विजयी रहे। छिंदवाड़ा जिले के न्यूटन चिखली नगरीय निकाय के वार्ड 4 से भाजपा की निकिता बरखे ने जीत हासिल की। खरगोन जिले के भीकनगांव नगरीय निकाय के वार्ड 5 से भाजपा की कमलेश कौशल विजयी रहीं। इसके अतिरिक्त, पन्ना जिले के ककरहटी नगरीय निकाय के वार्ड 13 से भाजपा प्रत्याशी हीरालाल आदिवासी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया था। जानकारी के अनुसार इन वार्डो में हुए उपचुनाव के लिए 7 जुलाई को 69.68 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था, जिसमें 73.01 प्रतिशत पुरुष और 66.36 प्रतिशत महिला मतदाता शामिल थीं।

**कांग्रेस को 3 सीटों पर मिली सफलता**

# नर्सिंग की तरह पैरामेडिकल कॉलेज की मान्यता में भी हुआ फर्जीवाड़ा

**जबलपुर।** नियम विरुद्ध तरीके से प्रदेश में नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता दिये जाने के संबंध में हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट में याचिकाकर्ता की ओर से आवेदन पेश करते हुए कहा गया कि नर्सिंग कॉलेज की तरह प्रदेश में संचालित पैरा मेडिकल कॉलेज की मान्यता भी नियमों को ताक में रखकर दी गयी है। जस्टिस अतुल श्रीधरन तथा जस्टिस डीके पालीवाल की युगलपीठ ने आवेदन पर शुक्रवार को सुनवाई करने के निर्देश दिये हैं। याचिका की सुनवाई के दौरान गुरुवार को पेश किये गये आवेदन में कहा गया है नर्सिंग कॉलेज जैसा फर्जीवाड़ा पैरामेडिकल कॉलेज को मान्यता देने में किया गया है। मान्यता के लिए निर्धारित नियमों को पालन नहीं किया जा रहा है। जिसके बाद न्यायालय ने उक्त आवेदन पर आज शुक्रवार को सुनवाई किये जाने के निर्देश दिये हैं।

### सनातन धर्म को युग धर्म के रूप में स्थापित करने का पर्व गुरु पूर्णिमाः रामदेव



हरिद्वार। गुरु-शिष्य परम्परा का प्रतीक 'गुरु पूर्णिमा' पर्व पतंजलि योगपीठ के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी रामदेव महाराज व महामंत्री आचार्य बालकृष्ण जी महाराज के सान्निध्य में पतंजलि वैलनेस, योगपीठ-2 स्थित योगभवन ऑडिटोरियम में आस्था व समर्पण के साथ मनाया। कार्यक्रम में स्वामी रामदेव तथा आचार्य बालकृष्ण जी ने एक-दूसरे को माला पहनाकर गुरु पूर्णिमा पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर रामदेव जी ने कहा कि गुरू पूर्णिमा सनातन धर्म को युग धर्म के रूप में स्थापित करने का पर्व है। यह भारत की गौरवशाली गुरु-शिष्य परम्परा, ऋषि परम्परा, वेद परम्परा व सनातन परम्परा का परिचायक तथा इनको पूर्णता प्रदान करने वाला पर्व है। आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि गुरू पूर्णिमा की सार्थकता तभी है जब हम अपने गुरु पर पूर्ण आस्था रखते हुए उनके बताए मार्ग का अनुसरण करें। भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष एनपी सिंह ने कहा कि गुरू पूर्णिमा का यह दिव्य वातावरण अद्भुत है। स्वामी रामदेव जी और आचार्य बालकृष्ण जी के आशीर्वाद से शिक्षा में समग्र क्रांति का सूत्रपात पतंजलि के माध्यम से किया जा रहा है।

### पुलिस अब फोरेंसिक जांच के लिए नई तकनीक अपनाएगी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पुलिस मुख्यालय भोपाल में गुरुवार के बैठक हुई। इसमें फोरेंसिक विज्ञान मोबाइल वैन, अपराध स्थल के दौरे और सबूत जुटाने को आधुनिक बनाने के प्रयासों पर गहन चर्चा हुई। बैठक में डीजीपी कैलाश मकवाना सहित सभी विशेष पुलिस महानिदेशक और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने चर्चा में भाग लिया और वैज्ञानिक जांच की क्षमता को आधुनिक बनाने के प्रयासों पर जोर दिया। नए आपराधिक कानूनों के तहत 7 वर्ष से अधिक सजा वाले अपराधों में फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की टीम का अपराध स्थल पर पहुंचना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके लिए मध्य प्रदेश में 57 फोरेंसिक लैब के लिए 36 करोड़ 94 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है, जिसमें से प्रत्येक मोबाइल वैन की कीमत लगभग 64 लाख रुपये होगी। केंद्र सरकार से इसकी स्वीकृति मिल चुकी है और जल्द ही टेंडर जारी किए जाएंगे। इन वैन में जांच के लिए 14 प्रकार की किट उपलब्ध होंगी, जो वर्तमान में उपलब्ध किटों से कहीं अधिक हैं।

# फीस तय, 20 से 52 हजार में होगा बीबीए और बीसीए

## कोई मापदंड नहीं होने से कॉलेज विद्यार्थियों से 80 हजार तक वसूल रहे थे फीस

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रदेश के कालेजों में बीबीए और बीसीए की फीस पर लगाम कस दी गई है। कोई मापदंड नहीं होने से कालेज विद्यार्थियों से 80 हजार तक की सालाना फीस वसूल रहे थे। अब प्रवेश एवं फीस विनियामक कमेटी ने गुरुवार को उक्त दोनों कोर्स की फीस तय कर दी है। प्रदेश में पहली बार बीबीए और बीसीए की फीस तय की गई है। यह फीस वर्तमान के साथ आगामी दो सत्रों पर लागू रहेगी। कालेजों ने अपनी फीस अधिक रखने के लिए प्रस्ताव तैयार कर कमेटी के सामने रखे थे। कई कालेजों ने अपने प्रस्ताव कोर्स का अध्ययन कितनी फीस में कराना चाहिए इसका उल्लेख ही किया नहीं। ऐसे कालेजों के प्रस्ताव को रिव्यू कराया गया है। कमेटी में पहुंचे प्रस्ताव में कालेजों ने एक से सवा लाख रुपये तक की फीस मांगी थी। फीस कमेटी ने कालेजों की न्यूनतम फीस 20 हजार और अधिकतम 52 हजार रुपये सालाना निर्धारित कर दी है। सुनवाई के दौरान कालेजों ने फीस बढ़ोतरी को लेकर कोई खास दलीलें प्रस्तुत नहीं की। कई कालेज संचालक फीस से संतुष्ट नहीं हैं। वह अपील में जाने की तैयारी में भी जुट गए हैं। बता दें कि तकनीकी शिक्षा विभाग ने अभी पहली काउसंलिंग का अलाटमेंट जारी नहीं किया है। इसलिए काउंसलिंग में भागीदारी करने धीरे-धीरे कालेज फीस कमेटी में पहुंच रहे हैं। उनके प्रस्ताव को देखते हुए फीस कमेटी फीस निर्धारित करेगी।

> कालेजों के प्रस्ताव और वर्तमान की बैलेंस शीट का परीक्षण कर कमेटी ने फीस निर्धारित की है। कालेजों के आदेश वेबसाइट पर अपलोड किए गए हैं।
>
> ● **देव आनंद हिंडोलिया,** ओएसडी प्रवेश एवं शुल्क विनियामक समिति

### हिंदी में भी एमबीए कराएगा इग्नू

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जुलाई 2025 सत्र के लिए प्रबंधन में पीजी में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू है। एमबीए अंग्रेजी के अलावा हिंदी माध्यम में भी होगी। एमबीए में प्रवेश लेने के लिए न्यूनतम पात्रता 3 वर्षीय स्नातक डिग्री है। इसमें सामान्य वर्ग के लिए न्यूनतम 50 फीसदी अंक तथा आरक्षित वर्ग के लिए 45 फीसदी अंक अनिवार्य हैं।वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. उमेश चन्द्र पाण्डेय ने बताया एमबीए में विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है, जो किसी भी क्षेत्र में स्नातक की डिग्री के उपरांत प्रबंधन में दक्षता प्राप्त कर अपने करियर को एक नई दिशा देना चाहते हैं। यह कार्यक्रम हाल में ही यूजी पास किया हो या कार्यरत पेशेवरों दोनों के लिए उपयुक्त है। इग्नू के इस एमबीए में कुल 28 कोर्स (116 क्रेडिट) शामिल हैं, जिनमें 20 कोर कोर्स, 7 विशेषज्ञता कोर्स और एक प्रोजेक्ट कोर्स सम्मिलित है। छात्र मानव संसाधन प्रबंधन, वित्तीय प्रबंधन, संचालन प्रबंधन, विपणन प्रबंधन तथा सेवाएं प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता का चयन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त बैंकिंग एवं वित्त (एमबीएफ), मानव संसाधन प्रबंधन (एमबीएएचएम), वित्तीय प्रबंधन (एमबीएएफएम), संचालन प्रबंधन (एमबीएओएम), एवं विपणन प्रबंधन (एमबीएएमएम) जैसे विशिष्ट एमबीए कोर्स भी उपलब्ध हैं।

**धांधली रोकने के प्रयास** | आरक्षक भर्ती परीक्षा 2023 में हुई गड़बड़ी से पीएचक्यू ने लिया सबक

# पुलिस भर्ती परीक्षा 2025 में होगी सख्ती, सेफ्टी फीचर्स भी बदलेंगे




**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) पुलिस भर्ती परीक्षा 2025 में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने अब नए तरीके अपनाने में जुट गया है। आरक्षक भर्ती परीक्षा 2023 में हुई गड़बड़ियों और आधार अपडेशन के जरिए अयोग्य अभ्यर्थियों के चयन का खुलासा होने के बाद यह कवायद की जा रही है। पीएचक्यू के अफसरों के मुताबिक इस साल प्रदेश पुलिस में 8500 पदों पर भर्ती होनी है जिसमें किसी भी गड़बड़ी को रोकने के लिए नए उपाय अपनाने पर विचार किया जा रहा है। पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा-2023 में आधार के जरिए हुई हेराफेरी के खुलासे के बाद चयन और भर्ती शाखा के अफसरों ने यह तय कर दिया है कि आगामी परीक्षाओं में ऐसी तकनीक अपनाई जाएगी जिसमें गड़बड़ी की गुंजाइश खत्म हो जाएगी। अफसरों ने यह भी साफ कर दिया कि यह परीक्षा कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) द्वारा ही आयोजित की जाएगी। इससे पहले अटकलें चल रही थीं कि परीक्षा ईएसबी के बजाय पुलिस भर्ती बोर्ड की स्थापना के बाद विभाग खुद आयोजित करेगा।

**लिखित, शारीरिक परीक्षा और इंटरव्यू से पहले लेंगे थंब इंप्रेशन:** पीएचक्यू की चयन और भर्ती शाखा ने आगामी परीक्षाओं के लिए लिखित, शारीरिक और इंटरव्यू से पहले सभी उम्मीदवारों का थंब इंप्रेशन लेने का प्लान बनाया है। हालांकि, पुलिस को यह भी पता चला है कि 2023 की परीक्षा में फिंगर प्रिंट और फेस क्लोनिंग जैसी आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया गया था लिहाजा ऐसी गड़बड़ी रोकने के लिए अब परीक्षा केंद्रों पर पुलिस की निगरानी रहेगी। वहां प्रवेश पत्र के साथ ही दस्तावेजों का बारीकी से परीक्षण के बाद ही अभ्यर्थियों को सेंटर में प्रवेश मिलेगा। पीएचक्यू यह भी तय करेगा कि थंब इंप्रेशन या दस्तावेजों में गड़बड़ी वाले संदिग्ध अभ्यर्थी की जानकारी तत्काल विभाग को मिल जाए। इसके अलावा अब यह भी तय किया जाएगा कि अभ्यर्थी की क्लियर इमेज ही आवेदन पत्र में अपलोड की जाए। पिछली भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थियों की इमेज धुंधली करके भी गड़बड़ी की गई थी।

### यूआईडीएआई से संपर्क, आवेदकों का डेटा लेगा पीएचक्यू

पीएचक्यू के अफसरों ने आधार नंबर जारी करने वाली एजेंसी भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के अधिकारियों से भी संपर्क किया है। उनसे पीएचक्यू के अफसरों ने आधार अपडेशन और उसके सेफ्टी फीचर्स में ऐसे बदलाव करने को कहा है, जिससे गड़बड़ी की गुंजाइश खत्म हो जाए। पुलिस ने यूआईडीएआई को फिंगर प्रिंट और फेस रिकग्नाइजेशन जैसी बायोमेट्रिक पहचान में क्लोनिंग रोकने के लिए भी कहा है। आरक्षक भर्ती परीक्षा की जांच में यह भी सामने आया है कि आधार केंद्र के ऑपरेटर ने बायोमेट्रिक क्लोनिंग के जरिए कुछ उम्मीदवारों के कार्ड में हेराफेरी की थी। इसके अलावा अब आवेदकों के सभी दस्तावेजों का डेटा पीएचक्यू तत्काल अपने पास मंगा लेगा ताकि परीक्षा से जुड़े हर आवेदक की जानकारी उसके पास पहले से मौजूद रहे। पहले यह डेटा ईएसबी के पास रहता था। इस डेटा से परीक्षा के दौरान किसी भी संदिग्ध आवेदक की पहचान एक ही क्लिक में पुलिस को भी मिल जाएगी।

> 2025 में होने वाली आरक्षक, एसआई और पुलिस क्लेरिकल स्टाफ की भर्ती में गड़बड़ियां रोकने के लिए मंथन कर रहे हैं। यूआईडीएआई और ईएसबी के अफसरों से चर्चा कर नए उपाय अपनाएंगे। ईएसबी के जरिए ही भर्ती परीक्षा आयोजित होगी।
>
> ● **सोनाली मिश्रा,** एडीजी चयन एवं भर्ती, पीएचक्यू

गुरुपूर्णिमा पर सीएम ने किया सांदीपनि विद्यालय भवन का लोकार्पण

# सांदीपनि स्कूलों में पढ़ाया जाएगा शिक्षा के साथ नैतिकता का भी पाठ : सीएम




**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को भोपाल के कमला नेहरू सांदीपनि कन्या विद्यालय के 36 करोड़ रुपए की लागत से तैयार नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस मौके पर सीएम ने कहा है कि सांदीपनि स्कूलों के जरिए विद्यार्थियों को भारतीय परंपरा और आधुनिकता का संगम मिलेगा। इन स्कूलों में न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता होगी, बल्कि यहां सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों पर भी जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह विद्यालयों का सिर्फ नाम बदलने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह हमारी जड़ों से जुड़ने की पहल है। मुख्यमंत्री गुरुवार को शासकीय कमला नेहरू सांदीपनि विद्यालय में आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव को संबोधित कर रहे थे।

# जन शिक्षा केंद्र सरई के प्राथमिक शालाओं के भवन की हालत जर्जर

जागरण, सरई

जिले के जन शिक्षा केंद्र सरई अंतर्गत कई शासकीय प्राथमिक विद्यालयों की हालत काफी नाजुक है जो कभी भी धराशाई हो सकते हैं। मिली जानकारी के मुताबिक प्लाट टोला उफ्रा टोला बोदरा टोला मझियान टोला खाड़ी टोला आदि विद्यालयों के भवन जीर्ण.शीर्ण हैं। जहां बच्चों को बैठाना खतरे से खाली नहीं है। शासकीय प्राथमिक शाला प्लाट टोला की हालत कुछ ज्यादा ही खराब है। जहां के बच्चे अपने आपको निराश्रित समझ रहे हैं। जिनका मदद करने वाला कोई नहीं दिखाई दे रहा है। वैसे भी सरई क्षेत्र में बीते कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है जिससे लोगों का घरों से निकलना मुश्किल पड़ रहा है। वैसे भी शासकीय विद्यालयों के भवन की जर्जर हालत भाजपा सरकार की नाकामी साबित कर रही है। एवं वहां पढ़ने बच्चे उपेक्षा के शिकार हो रहे हैं।




### शासकीय प्राथमिक शाला प्लाट टोला के प्रभारी का नहीं उठा फोन

जनपद शिक्षा केंद्र देवसर के अधीनस्थ जन शिक्षा केंद्र सरई के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला प्लाट टोला की दूरी मुख्यालय से महज 500 मीटर है। जिसकी भवन की हालत काफी जर्जर होने की जानकारी मिली है जिसकी पुष्टि के लिए प्लाट टोला के प्रधानाध्यापक शाला प्रभारी दीपा मिश्रा से फोन पर बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझा। जो यह साबित करती है कि प्लाट टोला के प्रभारी विद्यालयीन बच्चों के सुरक्षा सुविधा से कोई सरोकार नहीं रखते हैं।

### इन विद्यालयों की हालत बद से बदतर

विकासखंड मुख्यालय देवसर के सरई क्षेत्र में प्राथमिक शाला. उफ्राडोल प्लाट टोला बोदराटोला मझियानटोला आदि में एक भी अतिरिक्त कक्ष उपलब्ध नहीं हैं। जहां के बच्चों को खुले आसमान का ही सहारा लेना पड़ता है। काबिले गौर करने की बात है कि शासन. प्रशासन इन छोटे.छोटे विद्यालयों की ओर ध्यान नहीं देती है। क्या इन विद्यालयों की सतत् निगरानी व मानिटरिंग नहीं होती इस तरह से इन विद्यालयों के होनहारों को किसी प्रकार की कोई सुविधाएं नहीं सुलभ हो पा रही हैं। जिनके सिर पर छत भी नहीं है।

## ईव्हीएम मशीनो का एफएलसी रेण्डमाईजेशन कम्युनिकेशन का कार्य सम्पन्न

**जागरण, बैढ़न।** सचिव मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देश के परिपालन में तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला के आदेशानुसार पंचायतो के उप निर्वाचन 2025 पूर्व हेतु ईव्हीएम की एफएलसी रेण्डमाईजेशन कमिशनिंग एवं प्रबंधन के संबंध मे दिशा निर्देश जारी किया गया है। उक्त कार्य हेतु पंचायतो के उप निर्वाचन में सरपंच पद के निर्वाचन के चुनाव ईव्हीएम के माध्यम से कराये जायेगे। उक्त निर्वाचन में ईव्हीएम की एफएलसी और कमिशनिंग का कार्य आयोग के निर्देशानुसार उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन के निर्देशन में एव नोडल अधिकारी प्रदीप चडार कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग पीआईयू के देख रेख में स्थानीय कुशल मास्टर ट्रेनरो के सम्पन्न किया गया।

## जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक 16 को

**बैढ़न।** जिला विकास समन्वय और अनुश्रवण समिति दिशा की बैठक 16 को दोपहर 2 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगी। बैठक के दौरान पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा एवं एमपीआरडीसी की समीक्षा एनएच 39 की समीक्षा सड़क परिवहन एवं यातायात विभाग की समीक्षा रेलवे विभाग की समीक्षा ललितपुर से सिंगरौली रेल लाईन एवं कटनी से सिंगरौली रेल लाईन के दोहरीकरण के साथ साथ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग प्रधानमंत्री ग्रामीण विकास प्राधिकरण जल मिशन स्कूल शिक्षा विभाग प्रधानमंत्री आवास योजना महिला एवं बाल विकास विभाग लोक निर्माण विभाग ग्रामीण यात्रिकी विभाग खाद्य आपूर्ति विभाग वन विभाग सहित जिले के विकास से संबंधित विदुओ पर चर्चा उपरांत निणर्य लिए जायेगे। कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के द्वारा जिलाधिकारियो को निर्देश दिए गए है। बैठक में निर्धारित समयानुसार जानकारी के साथ उपस्थित रहे।

# बीमारियां बढ़ रही हैं विन्ध्यनगर अस्पताल में चिकित्सको की संख्या कम हो रही है : राजेश सोनी

### सूचना अधिकार के तहत मिली जानकारी

### अस्पताल व्यवस्था के लिए अनजान बनके बैठे हैं एनटीपीसी प्रबंधन ज्ञापन देने के बाद भी नहीं लिए संज्ञान



**जागरण, बैढ़न।** आम आदमी पार्टी सिंगरौली के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश सोनी ने बताया कि विन्ध्यनगर में स्थित विन्ध्य अस्पताल में डॉक्टरों एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की धीरे धीरे संख्या कम होती जा रही है वर्ष 13 से 2020 तक 11 वरिष्ठ डॉक्टर पदस्थ थे और 25 में मात्र 8 डॉक्टर पदस्थ हैं जिसमे चर्म रोग नाक कान गला बेहोशी एवं हृदय रोग जैसे कई बीमारियों के विशेषज्ञों की पद खाली पड़ी है ये जानकारी सूचना अधिकार के तहत एनटीपीसी प्रबंधन ने खुद ही दिया है राजेश सोनी ने कहा कि उनके द्वारा इस गंभीर हालत को देखते हुए एनटीपीसी प्रबंधन को ज्ञापन देकर अस्पताल की व्यवस्था सुधारने एवं डॉक्टरों की पदस्थापना की मांग किया गया था लेकिन आज दिन तक जनहित मांग पर प्रबंधन चुप्पी साधे हुए हैं जिले में जनसंख्या और बीमारी दोनों बढ़ रही हैं लेकिन एनटीपीसी विंध्यनगर अस्पताल में डॉक्टरों की संख्या कम करना समझ से परे है पावर प्लांट के स्थापना के समय अन्य सुविधाओं सहित अस्पताल की व्यवस्था देना था लेकिन धीरे.धीरे विंध्या अस्पताल की व्यवस्था लचर हो गई है आपातकाल के स्थिति में मरीजों को तत्काल उपचार नही मिल पा रहा है क्योंकि आपातकाल या रात में सिर्फ दिखावे के लिए नर्सों के दम पर अस्पताल चलाया जा रहा है ऐसे में मरीजों को निराश होकर बिना उपचार का वापस लौटना पड़ता है राजेश सोनी ने कहा कि एनटीपीसी के चिमनियों से निकलने वाला धुआं और बाहर उड़ने वाले ऐस राखड़ से प्रत्येक व्यक्ति प्रभावित हो रहा है चाहे वो विस्थापित हो या ना हो एनटीपीसी विन्ध्य अस्पताल में रजिस्ट्रेशन के बाद डॉक्टरों के पास 3 एम्प्लाई के बाद एक बाहरी मरीज को देखा जाता है ऐसे में बाहरी मरीजों के साथ सौतेला व्यवहार किया जाता है ऐसे परिस्थिति में जिले में निवासरत प्रत्येक व्यक्ति को चिकित्सा का सुविधा मिलना चाहिए एवं डॉक्टरों के संख्या बढ़ाने की जरूरत है जिले के प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी एनटीपीसी विन्ध्यनगर के टाउन शप में बंगला एवं कमरे की सुविधा ले रहे हैं जिसके कारण एनटीपीसी के ऊपर कोई भी प्रशासनिक दबाव भी नही है जिसके वजह से जिले की जनता परेशान हो रही है एनटीपीसी प्रबंधन यदि इस गंभीर मुद्दे पर ध्यान नही देती तो इनकी शिकायत उच्च स्तरीय करेंगे।

# वृक्ष हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग : बद्री नारायण बैस




**जागरण, सिंगरौली।** आज गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मायाराम महाविद्यालय के परिसर में स्व बैस मायाराम शिक्षा समिति के अध्यक्ष बद्री नारायण बैस के मार्गदर्शन में एक पेड़ मां के नाम अभियान तहत वृक्षारोपण का आयोजन किया गया अध्यक्ष ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है और वृक्षों से हमें ऑक्सीजन के अलावा हमें हमारे जीवन को पूर्ण रूप से चलाने के लिए आवश्यक पदार्थ भी प्रास होते है इसीलिए लगाने के बाद उन वृक्षों का सही ढंग से रख रखाव का भी संकल्प दिलाया व कई फलदार वृक्ष लगाए गए जैसे जामुन अमरुद कटहल आम आंवला सेव इत्यादि फलदार वृक्ष लगाए गए इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफएवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# भारतीय शक्ति चेतना पार्टी ने उठाई जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग, प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा



**जागरण, बैढ़न।** देश की बढ़ती जनसंख्या को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय के निर्देश पर सिंगरौली के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता कार्यकर्ताओं के साथ सिंगरौली कलेक्ट्रेट पंहुचकर अपर कलेक्टर माइकल तिर्की को प्रधानमंत्री के नाम संबोधित एक महत्वपूर्ण ज्ञापन कलेक्टर के माध्यम से प्रेषित किया। ज्ञापन में केंद्र सरकार से आग्रह किया गया है कि वह शीघ्र जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर उसे देशभर में प्रभावी ढंग से लागू करे। पार्टी ने ज्ञापन के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि भारत की जनसंख्या वर्तमान में लगभग 146 करोड़ को पार कर चुकी है जो विश्व की कुल जनसंख्या का 20 प्रतिशत है जबकि देश के पास मात्र 2 प्रतिशत भूमि संसाधन हैं। यह स्थिति न केवल संसाधनों पर असहनीय दबाव उत्पन्न कर रही है बल्कि बेरोजगारी अशिक्षा कुपोषण पर्यावरणीय संकट और सामाजिक विषमता जैसी विकराल समस्याओं को भी जन्म दे रही है। ज्ञापन में बताया गया कि भारत में प्रतिदिन लगभग 90.000 बच्चों का जन्म होता है जिससे वार्षिक जनसंख्या में लगभग 3 करोड़ की वृद्धि हो रही है। इसके मुकाबले सरकार पाँच वर्षों में अधिकतम दो करोड़ रोजगार ही सृजित कर पाती है। इस असमानता के चलते हर पाँच वर्ष में लगभग 10 करोड़ नए बेरोजगार देश की सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था पर अतिरिक्त भार डालते हैं। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि यदि यही स्थिति बनी रही तो 2050 तक भारत की जनसंख्या 170 करोड़ के पार पहुँच सकती है जो राष्ट्रीय विकास पर्यावरणीय संतुलन एवं सामाजिक स्थिरता के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते सरकार ने कोई ठोस नीति नहीं अपनाइ तो जनसंख्या विस्फोट देश के भविष्य को अंधकारमय बना देगा। अतः प्रधानमंत्री से यह आग्रह किया गया है कि एक मजबूत और न्यायसंगत जनसंख्या नियंत्रण कानून जल्द बनाया जाए और सख्ती से लागू किया जाए। इस मौके पर भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश गुप्ता सचिव सत्येंद्र विश्वकर्मा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष रामबली पाल महासचिव रामकुमार पाल ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश शाह अनिल शाह जगदीश गुप्ता रमेश प्रजापति के साथ पार्टी के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## औसत वर्षा 418.9 मि.मी. दर्ज, सर्वाधिक सिहावल में

**जागरण, सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 11 जुलाई को सीधी जिले में 62.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 68.0 मि.मी., चुरहट में 96.0 मि.मी., गोपद बनास में 28.6 मि.मी., सिहावल में 78.2 मि.मी., बहरी में 52.0 मि.मी., मझौली में 96.0 मि.मी. और कुसमी में 20.7 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 418.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 1 जून से 11 जुलाई तक तहसील सिहावल में सर्वाधिक वर्षा 551.2 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 265.0, चुरहट में 325.0, गोपद बनास में 310.0, बहरी में 463.1 मझौली में 541.0 मि.मी. और कुसमी में 476.7 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 148.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 270.3 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# पंचायत के उप निर्वाचन को सुचारु रूप से सम्पादन करने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मध्य कार्य विभाजन

**जागरण, बैढ़न।** सचिव मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश के परिपालन में पंचायतो के उप निर्वाचन को सुचारू रूप से सम्पादन कराने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला के द्वारा अधिकारियो एवं कर्मचारियो का कार्य विभाजन करते हुयें सुचारू रूप से कार्य सम्पन्न किए जाने का आदेश जारी किया गया है। विदित हो कि आकस्मिक रूप से रिक्त हुये सरपंच एवं पंच पद का उप निवाचन होना है जिसमें कुल दो पंचायतो में सरपंच पद एवं 17 पंचायतो में पंच पद का निर्वाचन होना है। जिसमें जनपद पंचायत बैढ़न के 1 पंचायत में सरपंच पद एवं 8 पंचायतो में पंच पद का उप निर्वाचन होना है। तथा जनपद पंचायत चितरंगी में 1 पंचायत में सरपंच पद एवं 4 पंचायतो में पंच पद तथा जनपद पंचायत देवसर में 4 पंचायतो में पंच पद का उप निर्वाचन होना है। जिसे मद्दे नजर रखते हुये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा अधिकारियो के मध्य कार्य विभाजन किया गया है। जिसके तहत मतगणना दल का गठन करने हेतु राम लखन शुक्ला जिला परियोजना समन्वयक एवं गौरव जिला सूचना अधिकारी एनआईसी मतदान दलो को प्रशिक्षण हेतु एसबी सिंह जिला शिक्षा अधिकारी सख्यकी सेल हेतु उपखण्ड अधिकारी एवं समस्त रिटर्निंग आफीसर रूट चार्ट जोनल अधिकारी तथा सेक्टर मजिस्ट्रेटो की नियुक्ति हेतु उपखण्ड अधिकारी समस्त प्रभारी अधिकारी भू अभिलेख अधीक्षक भू अभिलेख इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनो का प्रथम रेण्डमाईजेशन हेतु प्रदीप चडार कार्यपालन यंत्री पीआईयू गौरव डीआईओ एवं मान सिंह जिला व्यावसायिक समन्वयक मतदान सामंग्री एवं आकलन वितरण वापसी की व्यवस्था हेतु रिटर्निंग आफीसर समस्त एवं सहायक आयुक्त जन जाति कार्य विभाग मतदान के पूर्व मतदान दलो हेतु सामंग्री वितरण वापसी प्रास करने हेतु उपखण्ड अधिकारी समस्त रिटर्निंग आफीसर समस्त मतपत्र की व्यवस्था हेतु वरिष्ट कोषालय अधिकारी तथा रिटर्निंग आफीसर समस्त मतदान केन्द्र को की व्यवस्था हेतु उपखण्ड अधिकारी समस्त तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को जिम्मेदारी सौपी गई है। जारी आदेश में परिवहन व्यवस्था हेतु खनिज अधिकारी जिला परिवहन अधिकारी जिला आपूर्ति अधिकारी वीडियोग्राफी हेतु रिटर्निंग आफीसर समस्त जनपद पंचायत चितरंगी बैढ़न देवसर प्रतिबंधत्मक कार्यवाही हेतु अपर कलेक्टर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रिटर्निंग आफीसर समस्त विद्युत व्यवस्था कार्यपालन यंत्री मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल निर्वाचक नामावली की व्यवस्था हेतु उप जिला निर्वाचन अधिकारी उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार मतदाता सूची की प्रमाणित प्रतिलिपि हेतु उपखण्ड एवं रजिस्ट्रकरण अधिकारी सुरंक्षा व्यवस्था हेतु अपर जिला दण्डाधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मीडिया सर्टिफिकेशन मानीटरिंग कमेटी हेतु रिटर्निंग आफसीर समस्त जन सम्पर्क अधिकारी कम्युनिकेशन प्लान हेतु रमेश पटेल प्रबंध लोक सेवा गारंटी सीलिंग कार्य करवाने हेतु उपखण्ड अधिकारी समस्त रिटर्निंग आफीसर समस्त तथा मतगणना स्थल पर साफसफाई हेतु कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण कार्यपालन यंत्री स्वाथ्य यात्रिकी विभाग को दायित्व सौपा गया है। साथ ही प्रभारी अधिकारियो के सहयोग के लिए सहायक अधिकारी कर्मचारियो को भी नियुक्त किया गया है।

## बहन को मोहरा बनाकर धमकी देने वाले पर हुई शिकायत

**जागरण, मझौली।** थाना मझौली में एक अजीबोगरीब शिकायत की गई है, जिसमें शिकायतकर्ता अजीत तिवारी पिता रमाकांत तिवारी निवासी नगर परिषद मझौली वार्ड क्रमांक 11 ने लिखित शिकायत पत्र मझौली थाने में दिया है। शिकायत में लेख किया गया है कि वह 26 जून को ट्रेन ट्रेन में रिजर्वेशन करा कर हैदराबाद जा रहा था और जैसे ही ट्रेन से कटनी रेलवे स्टेशन पहुंचा तो अंशू मिश्रा ग्राम जगहथा, तहसील अमरपाटन, जिला सतना के द्वारा फरियादी के मोबाइल नंबर पर धमकी देते हुए कहा कि तुम मेरी बहन को भगा कर ले जा रहे हो तब उसने कहा कि मैं अकेले जा रहा हूं। मेरे 5 वर्ष की लड़की है, मैं क्यों ऐसा कृत्य करूंगा। फिर मैं तुरंत अपने घर पिताजी के मोबाइल पर सारी जानकारी दिया जिनके द्वारा मुझे कटनी से वापस घर बुला लिया गया और मैं वापस आ गया जबकि अंशू मिश्रा के द्वारा रोज मोबाइल से धमकी दी जाती है कि मैं अपने बहन को मारा हूं एवं तुम्हारे खिलाफ बयान दिलाया हूं कि तुम मेरी बहन को बहला फुसलाकर हैदराबाद भगा ले जा रहे थे और उसके साथ गलत काम किए हो। यही सब झूठा बयान दिला कर तुम्हारे खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराया हूं और तुम्हें जेल भेजवा कर रहूंगा। शिकायत में मांग की गई है कि प्रकरण दर्ज किया जाए एवं जांच की जाए जिससे शिकायतकर्ता पर झूठा केस दर्ज न हो और धमकी देने वाले के खिलाफशिकायत दर्ज कर जांच कार्यवाही की जाए।

# गुरु पूर्णिमा पर किया गया आचार्यों का सम्मान



**जागरण, विन्ध्यनगर।** एनटीपीसी विन्ध्यनगर के सरस्वती उ.मा विद्यालय में गूरु पूर्णिमा का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः कालीन प्रार्थना सभागार में भैया.बहनों के मध्य इसका आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने गुरुजनों के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त किया वहीं प्राचार्य मुद्रिका प्रसाद दुबे ने गुरु.शिष्य परम्परा की महत्ता पर अपना व्याख्यान दिया साथ ही आचार्यों ने गुरु दक्षिणा के रुप में छात्रों से शत.प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने का आह्वान किया।

प्रबन्धकारिणी समिति ने किया आचार्यों का सम्मान . विद्या भारती योजना के जिला सिंगरौली के जिला सचिव डॉ. सुशील सिंह चन्देल की अध्यक्षता एवं व्यवस्थापक धीर सिंह चौहान सह.व्यवस्थापक श्रीमती गायत्री की उपस्थिति में आचार्यों का सम्मान श्रीफल प्रदान कर एवं तिलक लगाकर किया गया। जिला सचिव ने कहा कि आचार्यों का यह पुनीत कार्य अत्यंत जिम्मेदारी पूर्ण है जिसे आप सभी पूर्ण मनोयोग से करें यही समाज की अपेक्षा है मुख्य अतिथि के रुप में विभाग समन्वयक बैकुण्ठ शाह ने कहा कि आज का आचार्य सभी क्षेत्रों में निपुण होना चाहिए यही नई शिक्षा नीति 2020 की प्रमुख योजना है।

# गुरु पूर्णिमा के तहत डाइट पचोर में पौधरोपण का आयोजन



**जागरण, बैढ़न।** डाइट पचोर में गुरु पूर्णिमा पर वृक्षारोपण किया गया इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को चाणक्य ने गुरु पूर्णिमा पर बधाई दी चाणक्य इंद्रेश कुमार वर्मा ने कहा की मुख्यमंत्री वरिष्ठता सहित जो हम लोगों की मांग है उसे 2025 में पूरा करें जिस प्रकार आपका नाम है उसी प्रकार आप काम करके गुरुजनों का मांग पुरी कर अपना नाम इतिहास में अमर कर दे इस अवसर पर मुख्य रूप से चाणक्य इंद्रेश कुमार वर्मा शंकर लाल शाह जन शिक्षक उमा देवी माध्यमिक शिक्षक सुतीक्षण मुनि दुबे शिक्षक सुशील कुमार सिंह माध्यमिक शिक्षक जयकरन कुशवाहा ललिता प्रसाद साहू माध्यमिक शिक्षक पटेल गुप्ता वर्मा सहित सैकड़ो शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

## पक्के आवास के सपने को सरकार पूरा करेगी: रीती



**जागरण, सीधी।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत इंदौर से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा प्रथम चरण के पूर्ण हुए आवासों का गृह प्रवेश एवं प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी द्वितीय चरण के स्वीकृत आवासों के स्वीकृति पत्र का वितरण कार्यक्रम स्थानीय मानस भवन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक द्वारा प्रथम चरण के 74 हितग्राहियों के गृह प्रवेश में सांकेतिक रूप से चाबी देकर गृह प्रवेश कराया गया एवं 140 नवीन हितग्राहियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। विधायक श्रीमती पाठक ने लाभान्वित हितग्राहियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हर गरीब के पक्का आवास का सपना पूरा करने का संकल्प लिया है। आज गरीबों को सपना साकार हो रहा है उन्हें आवास मिल रहा है और छुटे हुए हितग्राहियों को भी चिन्हित करके स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन की सरकार लोगों के जीवन में खुशहाली लाने का कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री जी के द्वारा आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपए तक की दवाई की भी व्यवस्था की गई है। हर घर नल से जल, सभी को राशन, उज्ज्वला गैस, रोजगार के लिए प्रशिक्षण, स्वरोजगार के लिए ऋण की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में नगर पालिका सीधी के वार्ड पार्षद जमुना कोल, आनंद परियानी एवं समाजसेवी पुनीत नारायण शुक्ला, पंकज पाण्डेय, सुधीर शुक्ला एवं नगर पालिका सीधी के अधिकारी/कर्मचारी बीके तिवारी,बृजेश सिंह, संदीप मिश्रा राकेश सिंह,प्रदीप द्विवेदी,देवेंद्र पोर्ते, ललोहर साहू, मनोज कुमार चौबे सहित आवास योजना के लाभार्थी हितग्राही उपस्थित रहे।

# बाबा श्री गुरुजी से मिले मंत्री प्रहलाद, लिया आशीर्वाद



**जबलपुर।** मप्र शासन के मंत्री प्रहलाद पटेल गुरुपूर्णिमा पर परम पूज्य दद्दा गुरुजी से मिले और आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर गुरुजी अनमोल वचन कहे। श्री पटेल ने बताया कि गरुरजी ने कहा कि गुरु की वाणियाँ ही हमारा मार्गदर्शन करती हैं। क्योंकि वाणियाँ सत्य हैं और सत्य स्वयं नहीं बदलता। वह जिसे पकड़ लेता है, वह बदल जाता है। इसलिए पथिकों और जिज्ञासुओं से परम पूज्य श्रीश्रीबाबाश्री जी कहते थे-ध्यान रखो,मनन करो! तुमने सत्य को पकड़ा है या सत्य ने तुम्हें पकड़ा?

बताया कि श्रीश्रीबाबाश्री जी ने आगे चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तुमने सत्य को पकड़ा है, तो वह छूट सकता है। पर यदि सत्य ने तुम्हें पकड़ा है, तो फिर सत्य से दूर नहीं हो सकते। 1700 से ज़्यादा दिनों से माँ नर्मदा जल पर साधनारत् परम पूज्य दादा गुरुजी के सत्संग में उनकी वाणी है-गुरु जब सत्य के रूप में है, तो जीव जगत का आधार है, और जब वह तत्व के रूप में है, तो वह हमारा अस्तित्व है। काल की गणना नहीं, जो काल से मंत्रणा सिखाये वह गुरु है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक





**पन्ना ।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना की विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर एवं समिति अध्यक्ष द्वारा द्वीप प्रज्जवलन के उपरांत बैठक प्रारंभ हुई। विद्यालय प्राचार्य अमित दाहिया ने हरित पौधा देकर अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर शैक्षिक सत्र 202425 में विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत सीबीएसई परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा केन्द्रीय विद्यालय संगठन के राष्ट्रीय स्तर के खिलाडियों को पदक एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसके अलावा भारत स्काउट एवं गाइड के राज्य पुरस्कार प्राप्त विद्यार्थियों, राष्ट्रीय संस्कृत ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को भी उनकी उपलब्धियों के लिए कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान कक्षा 1 एवं 2 के विद्यार्थियों को मैजिक स्लेट प्रदान की गई। विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव एवं प्राचार्य द्वारा बैठक के प्रारंभ में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों को प्रस्तुत किया गया और विद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी साझा की गई। नवीन शैक्षणिक सत्र 202526 में विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया के बारे में भी अवगत कराया। विद्यार्थियों की नामांकन स्थिति की चर्चा भी हुई। कलेक्टर ने स्वीकृत पद के विरूद्ध कार्यरत शिक्षकों की भी जानकारी ली। विद्यालय में पीएम श्री योजना के अंतर्गत बनकर तैयार हुए व्यवसायिक प्रयोगशाला के निर्माण के बारे में भी पूछा। प्राचार्य ने विद्यालय में पीएम श्री योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों के शैक्षणिक भ्रमण तथा समग्र विकास के लिए किए जाने वाले प्रयासों की भी जानकारी दी। विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में विद्यार्थियों के हितों के दृष्टिगत अन्य कार्यों के प्रस्ताव रखे गए, जिनमें सभी कक्षाओं व विभागों में इंटरनेट सुविधा, विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त 16 सीसीटीवी कैमरे व सहायक उपकरण, कक्षाओं, विभागों व बाउंड्रीवाल संबंधी जरूरी कार्य, व्यवसायिक प्रयोगशाला के लिए फर्नीचर, विद्यालय में पीए सिस्टम की स्थापना, अग्नि सुरक्षा हेतु हाइड्रेंट पाइप सिस्टम, प्रार्थना स्थल का छायांकन व नवीनीकरण, शौचालयों की मरम्मत व रखरखाव, दिव्यांगजनों हेतु रैम्प व विशेष शौचालय का निर्माण, विद्युत आपूर्ति प्रणाली का नवीनीकरण इत्यादि शामिल है। बैठक में सदस्य सुरेन्द्र पाल सिंह, डॉ. आनंद चौरसिया, एस.के. चंद्रपुरिया, गुलाबधर, जे.पी. सोनकर एवं अभिभावक सदस्यों में नीलम जगवानी एवं भूपेन्द्र राय व शिक्षक प्रतिनिधि नेहा लखेरा शामिल रहीं।

# सांदीपनि विद्यालय पवई में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

## अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सोम पांडे ने दी कानूनी जानकारी



**पवई।** शुक्रवार को संदीपनी विद्यालय पवई में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सोम पांडे ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत कर छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी दी। सोम पांडे ने विद्यार्थियों को यातायात अधिनियम, घरेलू हिंसा, मोटर दुर्घटना मुआवजा क्लेम सहित व्यवहारिक एवं आपराधिक मामलों से संबंधित न्यायिक प्रक्रियाओं की जानकारी सहज व सरल भाषा में प्रदान की। उन्होंने कहा कि आज के दौर में विधिक जानकारी हर छात्र के लिए जरूरी है, ताकि वे अपने अधिकारों को समझ सकें और किसी भी कानूनी समस्या के समय सही निर्णय ले सकें। उन्होंने विद्यार्थियों को उदाहरणों के माध्यम से यह भी बताया कि कानून का पालन कैसे नागरिकों की जिम्मेदारी है और यह किस प्रकार समाज में शांति व व्यवस्था बनाए रखने में सहायक होता है। शिविर के दौरान छात्रों ने कानून से संबंधित विभिन्न जिज्ञासाएं रखीं, जिनका समाधान सोम पांडे ने अत्यंत सहजता से किया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सदैव सच के मार्ग पर चलने तथा अन्याय के विरुद्ध आवाज़ उठाने की सीख भी दी। साथ ही, उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

शिविर में विद्यालय के शिक्षक सुख सागर कुंवर, प्रहलाद नामदेव सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने न्यायाधीश के व्याख्यान को ज्ञानवर्धक बताते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा अतिथि का स्वागत कर कार्यक्रम का समापन किया गया। शिविर में छात्र-छात्राओं की उत्साही सहभागिता यह दर्शाती है कि ऐसे आयोजन न केवल ज्ञानवर्धन के लिए आवश्यक हैं, बल्कि भावी पीढ़ी को जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

# ट्रैक्टर से कीचड़ फैलाने का विरोध करने पर पीटा

## अस्तोंन गांव में दंपती की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर

**टीकमगढ़।** जिले के अस्तोंन गांव में घर के दरवाजे पर ट्रैक्टर से कीचड़ फैलाने को लेकर शुक्रवार को दो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान एक दंपती के साथ मारपीट कर दी गई। मामले में तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र छारी के मुताबिक, मारपीट में घायल बबलू कुशवाहा ने शिकायत दर्ज कराई है कि चेनू, शैलेंद्र और राघवेंद्र कुशवाहा उसके घर के सामने से जानबूझकर ट्रैक्टर निकल रहे थे, जबकि बारिश के कारण घर के सामने की सड़क पूरी तरह खराब हो चुकी है। जब उन लोगों को ट्रैक्टर निकलने से मना किया तो तीनों लोगों ने मिलकर लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उनके घरों की महिलाएं भी आ गई। उन्होंने भी मारपीट की।

# मासिक सहायता राशि की 26वीं किश्त का वितरण आज

**पन्ना ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार, 12 जुलाई को उज्जैन जिले के ग्राम पंचायत नलवा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं को योजना की 26वीं किश्त की राशि का अंतरण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा लाडली बहनों को वर्तमान जुलाई माह की मासिक आर्थिक सहायता राशि वितरण के साथसाथ सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को पेंन्शन राशि और पात्रताधारी बहनों को सिलेंडर रीफिलिंग राशि का अंतरण भी किया जाएगा।

# स्मार्ट मीटर की गड़बड़ी से उपभोक्ता परेशान, एसडीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



**पवई।** नगर में लगाए गए स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की जेब पर भारी पड़ रहे हैं। मीटर रीडिंग में गड़बड़ी के चलते सामान्य उपभोग के बावजूद हजारों रुपये के बिजली बिल भेजे जा रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश है। शुक्रवार को नगर के दो दर्जन से अधिक उपभोक्ता तहसील कार्यालय पहुंचे और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) के नाम तहसीलदार त्रिलोक सिंह को ज्ञापन सौंपकर स्मार्ट मीटरों को हटाने और पुराने मीटर पुनः लगाए जाने की मांग की। ज्ञापन में उपभोक्ताओं ने बताया कि जब तक पुराने मीटर लगे थे, तब तक बिल वास्तविक खपत के अनुसार और सामान्य आया करते थे। लेकिन स्मार्ट मीटर लगने के बाद से रीडिंग तेज हो गई है और बिल कई गुना बढ़ गया है। पहले जहाँ 200 से 400 रुपये का बिल आता था, वहीं अब 8 से 10 हजार रुपये तक की वसूली की जा रही है। तहसीलदार त्रिलोक सिंह ने उपभोक्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए आश्वस्त किया कि ज्ञापन को संबंधित विभाग को अग्रेषित कर आवश्यक जांच एवं कार्रवाई की जाएगी।

# हीरापुर में सरपंच-सचिव के साथ घटना के विरोध में संयुक्त मोर्चा संघ ने जनपद सीईओ को दिया ज्ञापन

## तीन दिवस में कार्यवाही न होने पर धरने पर बैठने की दी चेतावनी



**पवई ।** सरपंच सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक संघ के संयुक्त मोर्चा के द्वारा ग्राम पंचायत हीरापुर में सरपंच सचिव एवं रोजगार सहायक के साथ हुई मार पीट और गाली गलौज के विरोध में शुक्रवार को जनपद कार्यालय पवई पहुंचकर पन्ना कलेक्टर के नाम पुनः मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए सत्येंद्र तिवारी पर करवाई की मांग की। कार्रवाई न होने पर उन्होंने जनपद पंचायत परिसर में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने की चेतावनी दी। बीते 24 जून को पवई जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत हीरापुर में जनसुनवाई चल रही थी,जहां ग्राम के सत्येंद्र तिवारी पिता पुष्पेंद्र तिवारी आए तथा सरपंच सचिव एवं रोजगार सहायक के साथ मारपीट करते हुए गाली गलौज करने लगे,मना करने पर सहायक सचिव जीतेंद्र दुबे को घूंसा मारा,जिसमे सरपंच एवं रोजगार सहायक ने मौके पर बीच बचाव किया,इसके बाद सरपंच,सचिव एवं रोजगार सहायक ने 25 जून को पन्ना पहुंचकर जिला कलेक्टर,पुलिस अधीक्षक एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी को शिकायती आवेदन देते हुए उक्त व्यक्ति पर कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन 18 दिन बीत जाने के बाद कार्रवाई न होने पर सभी सरपंच,सचिव एवं रोजगार सहायकों में रोष व्याप्त है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी पवई अखिलेश उपाध्याय ने कहा कि उनके द्वारा भी वरिष्ठ अधिकारियों को घटना के संबंध में जानकारी दी गई है जिस पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई,अगर तीन दिवस में कार्यवाही नहीं हुई तो वह भी अपने कर्मचारियों के साथ धरने पर बैठेंगे। वहीं सरपंच चंद्रभान सिंह यादव एवं संयुक्त मोर्चा के ब्लॉक अध्यक्ष राजपाल सिंह बुंदेला ने कार्यवाही नहीं न होने पर जनपद पंचायत परिसर में धरने पर बैठने की चेतावनी दी ।

# संगठन द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय सुनवारी में शिक्षा जागरुकता अभियान रैली निकाली गई




**पन्ना ।** ग्राम सुनवारी तहसील पवई जिला पन्ना मध्य प्रदेश कौशल्या ह्यूमैनिटी फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष अर्चना सिंगरौल की सहमति से शासकीय माध्यमिक शाला सुनवारी में बच्चों द्वारा शिक्षा जागरूकता अभियान रैली निकाली गई। इस रैली में स्कूल के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देने वाले नारे लगाए। पन्ना शहर के एक छोटे से गाँव में स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में एक अनोखा अभियान शुरू हुआ। कौशल्या ह्यूमैनिटी फाऊंडेशन द्वारा आयोजित इस अभियान का उद्देश्य शिक्षा के महत्व को उजागर करना और बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना था। च॥स्न ह्वत्नह्न के इस अभियान के तहत एक रैली निकाली गई जिसमें शाला के छात्र-छात्राएं और शिक्षक एवं संगठन कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली का उद्देश्य लोगों को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें अपने बच्चों को शिक्षित करने के लिए प्रेरित करना था। रैली के दौरान छात्र-छात्राएं नारे लगाते हुए और शिक्षा के महत्व के बारे में बैनर लेकर चल रहे थे। वे लोगों को बता रहे थे कि शिक्षा ही वह शक्ति है जो उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकती है। रैली के दौरान एक छोटी सी बच्ची ने अपने हाथ में बैनर पकड़ा हुआ था जिस पर लिखा था 卐घर-घर अलख जगायेंगे हर बच्चे को पढ़ाएंगे, सब पढ़ें सब बढ़ें चलो दोस्त स्कूल चले卐 वह नारे लगाते हुए और लोगों को देखकर मुस्कराते हुए चल रही थी।

रैली का मुख्य संदेश यह था कि शिक्षा ही जीवन का आधार है और इसके बिना समाज का विकास नहीं हो सकता। बच्चों ने इस संदेश को अपने समुदाय में फैलाने का संकल्प लिया।

# कुंडेश्वर में ब्रह्ममुहूर्त में पुजारियों ने भोलेनाथ का किया जलाभिषेक



**टीकमगढ़।** बुंदेलखंड के प्रसिद्ध शिवधाम कुंडेश्वर में श्रावण मास का पहला दिन श्रद्धालुओं की भीड़ के साथ शुरू हुआ। सुबह 4 बजे ब्रह्म मुहूर्त में मंदिर के पुजारियों ने भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। सुबह 6.30 बजे आरती के बाद आम श्रद्धालुओं के लिए मंदिर का गर्भ गृह खोल दिया गया। मंदिर प्रबंधन ने श्रद्धालुओं के लिए विशेष लाइन व्यवस्था की है। सुरक्षा के लिए मंदिर परिसर में ट्रस्ट के सुरक्षा जवानों के साथ पुलिस बल भी तैनात है। सीसीटीवी कैमरों से सभी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। 14 जुलाई को सावन का पहला सोमवार है। इस दिन करीब 5 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। मंदिर ट्रस्ट ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। दोपहर 12 बजे के बाद मंदिर परिसर की रसोई में प्रसाद वितरण होगा। श्रद्धालुओं को 40 रुपए के कूपन पर भरपेट भोजन मिलेगा। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष अभिषेक पस्तोर के अनुसार, भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

# क्षत्रिय, ब्राह्मण समाज-बजरंग दल के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग



## सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट की; लोगों ने पुलिस को सौंपा आवेदन

**टीकमगढ़।** सोशल मीडिया पर जाति विशेष के खिलाफ अभद्र टिप्पणी का मामला सामने आया है। अमर शहीद युवा संगठन के सदस्यों ने शुक्रवार को एसपी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। संगठन के जिला अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह के अनुसार, लखन उर्फ मुक्के कुशवाहा ने अपनी फेसबुक पर विवादित पोस्ट की है। इस पोस्ट में क्षत्रिय, ब्राह्मण समाज और बजरंग दल के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है। लखन कुशवाहा की शिकायत की शिकायत में बताया गया कि लखन कुशवाहा और कुछ अन्य लोगों ने इंस्टाग्राम और फेसबुक पर ठाकुर, ब्राह्मण समाज, बजरंग दल और करणी सेना के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की हैं। आवेदकों ने आरोप लगाया है कि इस तरह की पोस्ट से समाज में वैमनस्य पैदा हो रहा है। शिकायतकर्ताओं ने विवादित ऑडियो-वीडियो की कॉपियां भी अपने आवेदन के साथ दीं हैं। उन्होंने दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

# आनंद ग्राम जमुनहाई में एक दिवसीय अल्पविराम कार्यशाला का आयोजन



**पन्ना ।** आनंद विभाग की स्वशासी संस्था राज्य आनंद संस्थान के तत्वाधान में प्रदेश के समस्त जिलों के आनंद ग्रामों में एक दिवसीय अल्पविराम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में गत दिवस पन्ना विकासखंड के आनंद ग्राम जमुनहाई में कलेक्टर सुरेश कुमार एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में एक दिवसीय अल्पविराम कार्यक्रम का आयोजन किया गया गया। ग्राम पंचायत भवन में 65 प्रतिभागियों की उपस्थिति में अल्पविराम परिचय कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर राज्य आनंद संस्थान की मास्टर ट्रेनर्स टीम से पन्ना जिला संपर्क व्यक्ति एवं मास्टर ट्रेनर प्रमोद अवस्थी, मास्टर ट्रेनर सतानंद पाठक एवं आनंदम सहयोगी सुरेश त्रिपाठी व निर्मल कुमार मिश्रा द्वारा आवश्यक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के शुभारंभ के बाद आनंद टीम द्वारा हम को मन की शक्ति देना प्रार्थना की गई। आनंदम टीम द्वारा अपना परिचय दिया गया। साथ ही प्रतिभागियों का भी संक्षेप में परिचय लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सभी को सदैव आनंदित रहना चाहिए। हमारे बड़े बुजुर्ग सदैव खुश रहने का आशीर्वाद देते हैं। इसके अलावा प्रत्येक कार्य को प्रसन्नचित्त होकर सकारात्मकता के साथ करने के बारे में भी बताया गया, जिससे बहुत अच्छे परिणाम निकल सकें। जे.पी. आनंद द्वारा 30 सेकेंड की तालियों की एक्टिविटी कराई गई। सतानंद पाठक ने आनंद की वास्तविकता और इसे बढ़ाने पर प्रकाश डाला। साथ ही आनंद का जीवन में महत्व के बारे में भी अवगत कराया। बताया गया कि हम सभी के जीवन का एक ही लक्ष्य है आनंद की प्राप्ति और आनंद भौतिक वस्तु नहीं होकर, आध्यात्मिक वस्तु है, जिसे सिर्फ महसूस किया जा सकता है। जीवन का लेखा जोखा सत्र निर्मल कुमार मिश्रा द्वारा लिया गया और जीवन को कैसे धन्यवाद देकर, मदद करके, माफी मांग कर या माफ कर, कृतज्ञता व्यक्त कर लाभ कमाया जा सकता है, के बारे में जानकारी दी। मदद की बात सुनकर सरपंच ने कहा कि मेरी जनता ने मुझे जनप्रतिनिधि बनाया है, इसीलिए मेरा भी फर्ज है कि जनता की पूरे मनोयोग से मदद करूं। सतानंद पाठक द्वारा रिश्ते सत्र भी लिया गया। कार्यक्रम में टीवी के माध्यम से गुब्बारे, हेल्प वीडियो आदि को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सभी ने खूब सराहा। खूब सहभागिता की एवं लंच टाइम में स्वल्पाहार का आनंद लिया। आनंदम सहयोगी सुरेश त्रिपाठी द्वारा मुख्य अतिथि और सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया और प्रतिभागियों के निरंतर आनंद ग्राम में आने के आग्रह को स्वीकार किया। कार्यक्रम में शिक्षक रामकिशोर गर्ग भी उपस्थित रहे।

# आरोपी ने पत्थर से कुचला दोस्त का सिर



## रेलवे पुल के पास हुई हत्या का खुलासा, पत्नी पर की थी अश्लील टिप्पणी

**टीकमगढ़।** मुख्यालय के नजदीकी ग्राम पंचायत नारगुड़ा रेलवे पुल के पास हुई हत्या का पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा किया। पुलिस ने आरोपी राजू उर्फ राजेंद्र राजपूत को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस कंट्रोल रूम में एडिशनल एसपी सीताराम ससत्या ने बताया कि 9 जुलाई को दलित बस्ती रेलवे पुल के पास एक शव मिला था। मृतक की पहचान माडुमर निवासी 38 वर्षीय पुष्पेंद्र लोधी के रूप में हुई। शव की जांच में पता चला कि सिर और मुंह पर किसी भारी वस्तु से वार किया गया था। एसडीओपी राहुल कटरे और देहात थाना प्रभारी चंद्रकांत यादव के नेतृत्व में टीम ने जांच की। लोगों से पूछताछ में पता चला कि घटना की रात पुष्पेंद्र को राजेंद्र राजपूत के साथ देखा गया था। पत्नी के बारे में की थी अश्लील टिप्पणियां

इस पर पुलिस ने राजेंद्र से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि 8 जुलाई की रात करीब 8 बजे मैं और पुष्पेंद्र दोनों शराब पी रहे थे। इस दौरान पुषेंद्र ने मेरी पत्नी के बारे में अश्लील टिप्पणियां कीं। इस बात पर दोनों में विवाद हुआ। गुस्से में आकर उसने पुष्पेंद्र को धक्का दिया। फिर पास पड़े पत्थर से उसके सिर और मुंह पर वार किए। इससे उसकी मौत हो गई। आरोपी राजू उर्फ राजेंद्र राजपूत 39 वर्षीय है और वर्तमान में नारगुडा दरवाजा टीकमगढ़ का निवासी है।


बहनों के
हौसले की
मजबूत डोर
खुशियां हर ओर
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
1.27 करोड़
लाड़ली बहनों को
26 वीं किस्त के
₹ 1543.16 करोड़
56.74 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को ₹ 340 करोड़
30 लाख से अधिक बहनों को सिलेंडर रीफिलिंग राशि ₹46.34 करोड़ का सिंगल क्लिक से अंतरण
अपराह्न 2:30 बजे | ग्राम पंचायत नलवा, जिला उज्जैन
राज्य स्तरीय निषादराज सम्मेलन
मछुआ कल्याण के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं हितलाभ वितरण
अपराह्न 1:00 बजे । मुक्ताकाशी मंच, कालिदास अकादमी, उज्जैन
12 जुलाई 2025
D- 11064/25
सीधा प्रसारण
webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhypradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP

## मैदान से हटकर

# लंदन में डिनर पार्टी में साथ दिखे गिल-सारा





लंदन में पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह ने अपने YouWeCan फाउंडेशन के लिए एक चैरिटी डिनर का आयोजन किया था। इसका उद्देश्य कैंसर जागरुकता और उपचार के लिए धन जुटाना था। इस कार्यक्रम में महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और रवि शास्त्री सहित क्रिकेट जगत की कई जानी-मानी हस्तियों ने हिस्सा लिया। इसमें शामिल होने वालों में भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल भी शामिल थे। वह अपनी पूरी टीम के साथ पहुंचे थे। इस बीच, गिल की डिनर पार्टी की एक तस्वीर और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। तस्वीर और वीडियो में गिल और सारा तेंदुलकर नजर आ रहे हैं। तस्वीर में गिल सारा को तिरछी निगाहों से देखते हुए नजर आए। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो यह तस्वीर उस समय ली गई जब गिल डिनर में शामिल हुए और सारा पहले से ही वहां मौजूद थीं। इससे गिल के साथ उनके रिश्ते को लेकर चल रही अटकलों को फिर बल मिला। इससे पहले भी दोनों के बीच डेटिंग की अफवाहें उड़ी थीं। सारा ने इस पार्टी में सफेद टॉप के साथ डेनिम पहना हुआ था। ऐसा लग रहा है जैसे उनके साथ उनकी कुछ दोस्त भी थीं। दरअसल, दोनों सोशल मीडिया पर एक-दूसरे को फॉलो करते थे। हालांकि, शुभमन और सारा दोनों ने कभी इन अफवाहों पर सार्वजनिक रूप से टिप्पणी नहीं की। दोनों ने सोशल मीडिया पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया, जिससे इन अटकलों पर विराम लग गया। इसके बावजूद चैरिटी डिनर में दोनों की उपस्थिति ने प्रशंसकों के बीच फिर से दिलचस्पी जगा दी है। (जेएनएन)

# वर्ल्ड नंबर एक सबालेंका बाहर, अमांडा और स्वियातेक पहली बार विंबलडन के फाइनल में

## सेमीफाइनल में सबालेंका बड़े उलटफेर का शिकार, गैर वरीय बेलिंडा बेनसिच भी हारीं



**जेएनएन, लंदन**

विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में गुरुवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला जब 13वीं वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा ने दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को 6-4, 4-6, 6-4 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। इस जीत के साथ अमेरिका की अमांडा करियर में पहली बार ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंच गईं। 23 साल की इस खिलाड़ी का सामना शनिवार को फाइनल में दुनिया की चौथे नंबर की इगा स्वियातेक से होगा। पौलेंड की 24 साल की स्वियातेक ने गैर वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेनसिच को 6-2, 6-0 से सीधे सेटों में हराकर पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। इस तरह लगातार आठवीं बार विंबलडन को नई महिला चैंपियन मिलेगी। न्यू जर्सी में जन्मी और फ्लोरिडा में पली-बढ़ी अनिसिमोवा 17 साल की उम्र में 2019 फ्रेंच ओपन में सेमीफाइनल में हार गई थीं। मई 2023 में उन्होंने यह कहते हुए टूर से ब्रेक ले लिया कि वह लगभग एक साल से मानसिक स्वास्थ्य से जूझ रही हैं। चौथे मैच प्वाइंट पर फोरहैंड विनर के साथ दो घंटे 36 मिनट के मुकाबले को समाप्त करने के बाद अनिसिमोवा ने कहा, 'यह अभी वास्तविक नहीं लग रहा है। मुझे नहीं पता कि मैंने यह जीत कैसे हासिल की।' सबालेंका इस हार से सेरेना विलियम्स के बाद लगातार चार ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनने से चूक गईं। अनिसिमोवा का विंबलडन खत्म होने के बाद पहली बार डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष 10 में जगह बनाना तय है।

# ज्योति और परनीत तीरंदाजी विश्व कप के सेमीफाइनल में



**मैड्रिड, जेएनएन।** ज्योति सुरेखा वेन्नम और परनीत कौर ने तीरंदाजी विश्व कप चौथे चरण में कंपाउंड महिला एकल के सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रहीं, जबकि मिश्रित टीम कांस्य पदक की दौड़ में बनी हुई है, मौजूदा एशियाई खेल चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त ज्योति ने तुर्की की हजल बुरुन को 147-144 से हराया, जबकि सातवीं वरीयता प्राप्त परनीत ने भी तुर्की की ओनुर क्यूर गिरडी को 142-141 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। दोनों तीरंदाज सेमीफाइनल में अलग-अलग प्रतिद्वंद्वियों का सामना करेंगी, जिससे भारत को महिला व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा में दो पदक हासिल करने का मौका होगा। पुरुष कंपाउंड तीरंदाजों ने हालांकि व्यक्तिगत वर्ग में निराश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त रिषभ यादव दूसरे दौर में ही बाहर हो गए। उन्हें इटली के माइकिया गोडानो से 141-143 से हार मिली। अमन सैनी और प्रियांश का अभियान भी जल्दी खत्म हो गया। क्वालिफाइंग वर्ग में 1431 अंक के साथ विश्व रिकॉर्ड कायम करने वाली ज्योति और यादव की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी मिश्रित टीम स्पर्धा के सेमीफाइनल में उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। भारतीय जोड़ी को सेमीफाइनल में 12वीं वरीयता प्राप्त नीदरलैंड की जोड़ी से 155-152 से शिकस्त मिली। भारतीय जोड़ी शनिवार को कांस्य पदक के लिए अल सल्वाडोर का सामना करेगी।

### कंपाउड मिश्रित टीम कांस्य की दौड़ में

# कमिंस और कोच मॉर्कल की बदौलत गेंदबाजी में हुआ सुधार : नीतीश रेड्डी



**लंदन, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत को यह महसूस होने के बाद कि उनके पास एक तेज गेंदबाज कम था, नीतीश कुमार रेड्डी ने अपने आईपीएल कप्तान पैट कमिंस और भारतीय गेंदबाजी कोच मोर्ने मॉर्कल को अपनी गेंदबाजी में आए सुधार का श्रेय दिया है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रेड्डी बतौर ऑलराउंडर खेले थे और उन्होंने बल्ले के साथ प्रभावित करते हुए एमसीजी पर शतक भी जड़ा था, लेकिन बतौर गेंदबाज उनका अधिक उपयोग नहीं किया गया। लॉर्ड्स पर पहले दिन दो विकेट चटकाने के साथ अहम बात यह थी कि भारत ने इंग्लैंड की पारी के 14वें ओवर में ही रेड्डी का इस्तेमाल किया और उन्होंने पहले दिन के खेल में मोहम्मद सिराज जितना ही 14 ओवरों की गेंदबाजी की जो कि भारत के लिए अच्छे संकेत हैं। तुलनात्मक तौर पर कम गति के बावजूद रेड्डी को अन्य गेंदबाजों की तुलना में अधिक स्विंग प्राप्त हुई और इसके साथ ही आश्चर्यचकित करने योग्य बात यह थी कि उन्हें अधिक औसत सीम भी मिली जो कि जसप्रीत बुमराह को प्राप्त हुई औसत सीम से थोड़ी अधिक थी। रेड्डी ने लगातार स्टंप्स में भी गेंदबाजी की। रेड्डी ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद मुझे महसूस हुआ कि मुझे अपनी गेंदबाजी और निरंतरता पर काम करने की जरूरत है। मैंने पैट से जब इस संबंध में बात की तो उन्होंने मुझे बताया कि मुझे ऑस्ट्रेलिया में कैसी गेंदबाजी करनी चाहिए थी और मैं ऑस्ट्रेलिया में कैसी गेंदबाजी कर सकता हूं। यह मेरे लिए बड़ा अनुभव था। इस दौरे की शुरुआत से पहले मॉर्कल के साथ काम करना भी मेरे काम आया। वह पिछले कुछ सप्ताह से मेरे साथ लगातार काम कर रहे हैं और हमने मेरी गेंदबाजी में बहुत सुधार देखा है। उनके साथ काम करने में मजा आ रहा है रेड्डी ने प्रथम श्रेणी मैचों के साथ ही इंग्लैंड दौरे की शुरुआत से पहले एक इंट्रा स्क्वाड मैच भी खेला था। रेड्डी ने कहा कि चूंकि मुझे दोनों ओर स्विंग प्राप्त होती है, इसलिए हम लगातार मेरी निरंतरता पर काम कर रहे हैं। मैं सिर्फ उन एरिया में निरंतर होना चाहता हूं और हम इस पर काम कर रहे हैं। मैं काफी मेहनत कर रहा हूं, लेकिन अंत में चीजों को समझना और खुद पर विश्वास रखना सबसे अहम है। जब आप खुद पर विश्वास करते हैं, तभी आपकी कड़ी मेहनत रंग लाती है। और मुझे अब यह बात समझ आ रही है। रेड्डी ने आईपीएल में केवल पांच ओवर की गेंदबाजी की थी, क्योंकि वह तब साइड स्ट्रेन से उबर रहे थे। रेड्डी ने कहा, चोट के बाद लय में आना मेरे लिए कठिन था। आईपीएल सीजन के अंत में मैंने गेंदबाजी करना शुरू किया और मुझे अच्छा महसूस हुआ। मैं मूवमेंट का लुत्फ उठाना चाहता हूं और मेरी टीम को मुझसे जो उम्मीद है वो करना चाहता हूं और मुझे लगता है कि मैं अब तक वैसा करने में सफल रहा हूं।

# भारतीय महिला टीम की नजरें जीत के साथ सीरीज का अंत करने पर

## पांच मैचों की सीरीज का अंतिम मैच रात 11:05 बजे से



**बर्मिंघम, जेएनएन।** भारतीय महिला टीम और इंग्लैंड के बीच पांच टी-20 मैचों की सीरीज का अंतिम मुकाबला शनिवार को बर्मिंघम में खेला जाएगा। सीरीज पहले ही अपने नाम कर चुकी हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम की नजर इस मुकाबले को जीतकर शानदार अंत करने पर होंगी। पांच मैचों की सीरीज में भारत 3-1 से आगे है। भारतीय टीम ने शुरुआती मैचों में बल्ले और गेंद ने कमाल दिखाया, लेकिन चौथे मैच में उसकी फील्डिंग भी शानदार रही, जिससे वह इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार खेल के सबसे छोटे प्रारूप में सीरीज जीतने में सफल रही। अरुंधति रेड्डी के सीमा रेखा पर लिए गए तीन शानदार कैच और राधा यादव की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को सात विकेट पर 126 रन पर रोक दिया और फिर यह मैच छह विकेट से जीतकर सीरीज में 3-1 की निर्णायक बढ़त हासिल की। टी-20 सीरीज में मिली इस जीत से भारत ने तीन मैच की वनडे सीरीज के लिए अपनी पुख्ता तैयारी का भी सबूत पेश किया। भारतीय टीम अब 16 जुलाई से होने वाली वनडे सीरीज में अधिक आत्मविश्वास के साथ उतरेगी। अंतिम मैच में जीत से भारत को 4-1 की बढ़त मिल जाएगी। भारतीय पुरुष टीम ने पिछले सप्ताह एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट में यादगार जीत हासिल की थी और महिला टीम भी उसी मैदान पर जीत की लय बरकरार रखने के लिए उत्सुक होगी।

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, रिचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, एनश्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

**इंग्लैंड :** टैमी ब्यूमोंट (कप्तान), एम अर्लट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, एमी जोन्स (विकेट कीपर), पैगी स्कोल्फील्ड, लिंसे स्मिथ, डैनी व्याट-हॉज, इसी वोंग, माइया बाउचियर।

## खेल एक नजर

# सुरक्षा समीक्षा के बाद ही अपनी हॉकी टीम भारत भेजेगा पाकिस्तान

**कराची, जेएनएन।** पाकिस्तान इस साल के आखिर में होने वाले एशिया कप और जूनियर विश्व कप के लिए अपनी राष्ट्रीय हॉकी टीम को भारत भेजने से पहले वहां की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेगा। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने कहा है कि यदि राष्ट्रीय टीम को सुरक्षा को लेकर किसी तरह का खतरा होगा तो उसे भारत नहीं भेजा जाएगा। प्रधानमंत्री युवा विकास एवं खेल कार्यक्रम के अध्यक्ष राणा मसूद ने कहा कि सरकार के सुरक्षा स्थिति से पूरी तरह संतुष्ट होने के बाद ही पाकिस्तान की टीम को भारत का दौरा करने की अनुमति दी जाएगी। पूर्व मंत्री मसूद ने कहा कि सरकार पाकिस्तानी नागरिकों के लिए भारत में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेगी और यदि वह संतुष्ट नहीं होगी तो वह अपने किसी भी खिलाड़ी को भारत में खेलने के लिए भेजकर उसे खतरे में नहीं डालेगी। उन्होंने बताया कि भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तानी नागरिकों के लिए भारत यात्रा करना सुरक्षित नहीं है। पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने भारत में होने वाली दो प्रमुख हॉकी प्रतियोगिताओं के लिए राष्ट्रीय टीमें भेजने के लिए संबंधित मंत्रालयों से सलाह और अनुमति मांगी है। एशिया कप अगले महीने होगा, जो 2026 में होने वाले अगले विश्व कप के लिए क्वालिफायर भी होगा। पीएचएफ के महासचिव राणा मुजाहिद ने स्वीकार किया कि अतीत में पाकिस्तान ने भारत में कुछ अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया था। उन्होंने कहा, लेकिन अभी स्थिति अलग है, संबंध तनावपूर्ण हैं इसलिए सरकार से मंजूरी मिलने पर ही हम इन प्रतियोगिताओं में भाग ले पाएंगे।

### एशिया कप और विश्व कप में हिस्सा लेगी टीम

# लारा ने कहा- रिकॉर्ड टूटने के लिए बनते हैं मुल्डर को सर्वोच्च स्कोर बनाना चाहिए था





**जोहानिसबर्ग, जेएनएन।** ब्रायन लारा के नाबाद 400 रन के सर्वोच्च व्यक्तिगत टेस्ट स्कोर के करीब होने के बावजूद उनके रिकार्ड को तोड़ने का प्रयास नहीं करने के वियान मुल्डर के फैसले को वेस्टइंडीज के इस महान खिलाड़ी ने भी सही नहीं बताया और कहा कि दक्षिण अफ्रीका के इस बल्लेबाज को उस मुकाम तक पहुंचना चाहिए था। मुल्डर जिंबॉब्वे के खिलाफ हाल में टेस्ट मैच के दौरान जब 367 रन बनाकर खेल रहे थे तब उन्होंने पारी समाप्त करने की घोषणा करके लारा का रिकॉर्ड तोड़ने का सुनहरा अवसर गंवा दिया था। दक्षिण अफ्रीका के कार्यवाहक कप्तान ने बाद में कहा कि लारा के प्रति सम्मान के कारण उन्होंने ऐसा किया। दोनों ने हाल ही में एक-दूसरे से बात की और मुल्डर ने कहा कि लारा उनके फैसले से पूरी तरह सहमत नहीं थे। मुल्डर ने 'सुपरस्पोर्ट' से कहा कि अब जब चीजें थोड़ी स्थिर हो गई हैं, तो मैंने ब्रायन लारा से थोड़ी बात की। उन्होंने मुझसे कहा कि मुझे अपनी विरासत खुद ही तैयार करनी होगी और मुझे रिकॉर्ड बनाना चाहिए था। उन्होंने कहा, लारा ने कहा कि रिकॉर्ड टूटने के लिए ही बनते हैं और भविष्य में कभी मैं फिर से उस स्थिति में पहुंचूं तो मैं उनसे अधिक स्कोर बनाऊं। उन्होंने कहा कि अब लारा के विचार जानने के बावजूद वह उस दिन लिए गए अपने फैसले को सही मानते हैं।

# ऑयरलैंड के कैंफर पांच गेंद में पांच विकेट लेने वाले पहले पुरुष क्रिकेटर

### अंतर-प्रांतीय टी-20 ट्रॉफी में बनाया रिकार्ड




**डबलिन, जेएनएन।** आयरलैंड के ऑलराउंडर कर्टिस कैंफर गुरुवार को अंतर-प्रांतीय टी-20 ट्रॉफी मैच में नॉर्थ वेस्ट वारियर्स पर अपनी टीम मुंस्टर रेड्स की जीत के दौरान पांच गेंद में पांच विकेट लेने वाले पहले पुरुष पेशेवर क्रिकेटर बने।

टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भी कैंफर ने चार गेंद में चार विकेट चटकाए हैं। कैंफर हालांकि पांच गेंद में पांच विकेट चटकाने वाले पहले क्रिकेटर नहीं हैं। जिम्बाब्वे की महिला ऑलराउंडर केलिस नधलोवु ने 2024 में एक घरेलू टी-20 टूर्नामेंट में ईगल्स महिला टीम के खिलाफ अंडर-19 के लिए पांच गेंद में पांच विकेट लिए थे। मुंस्टर रेड्स के 26 वर्षीय कप्तान और दाएं हाथ के तेज गेंदबाज कैंफर ने अपने दूसरे और तीसरे ओवर में पांच विकेट लिए, जिससे नॉर्थ वेस्ट वारियर्स 189 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 13.3 ओवर में पांच विकेट पर 87 रन से 88 पर सिमट गई। कैंफर ने डबलिन के सैंडीमाउंट स्थित पेम्ब्रोक क्रिकेट क्लब में 2.3 ओवर में 16 रन पर पांच विकेट लिए। आयरलैंड के लिए 2020 में पदार्पण करने के बाद से कैंफर ने सात टेस्ट, 43 वनडे और 61 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

# खिलाड़ियों को प्रतिष्ठित अकादमियों में प्रशिक्षण हासिल करने 'प्लेयर एक्सचेंज प्रोग्राम' की शुरुआत

## खेल मंत्री सारंग ने पुरुष हॉकी खेल अकादमी की समीक्षा की

**भोपाल, खेप्र।** खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने शुक्रवार को मध्यप्रदेश पुरुष हॉकी खेल अकादमी की समीक्षा की। मंत्री सारंग ने अकादमी में प्रशिक्षण, खिलाड़ियों की प्रगति, आधारभूत सुविधाओं एवं अकादमी संचालन के संबंध में चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश को हॉकी के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने 'प्लेयर एक्सचेंज प्रोग्राम' प्रारंभ करने की घोषणा की। इस कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ी देश एवं विदेश की प्रतिष्ठित अकादमियों में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि अकादमी में प्रशिक्षण की गुणवत्ता को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विदेशी विशेषज्ञ कोचों को भी आमंत्रित किया जाए। वर्तमान में अकादमी के 8 खिलाड़ी 'इंडियन कोर ग्रुप' में शामिल हैं, और अब यह लक्ष्य बढ़ाकर 16 खिलाड़ियों तक पहुंचाने की कार्ययोजना बनाई जाए। ऐशबाग स्टेडियम में स्थित हॉकी टर्फ का भी उपयोग प्रशिक्षण के लिए करने के निर्देश दिए।

### बोर्डिंग और डे-बोर्डिंग 29 सीटें खाली

अकादमी में बोर्डिंग के लिए 56 और डे-बोर्डिंग के लिए 18 सीटें स्वीकृत हैं। इनमें से वर्तमान में बोर्डिंग में 14 और डे-बोर्डिंग में 15 सीटें अभी खाली हैं। खेल मंत्री ने कहा कि इन खाली सीटों को शीघ्र भरने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। बैठक में बताया गया कि अकादमी में 2 एस्ट्रोटर्फ मैदान (पैविलियन सहित), इंडोर जिम, 226 बिस्तरों की दो छात्रावास इमारतें, 24×7 सेवा वाली पूर्ण रूप से सुसज्जित स्पोर्ट्स मेस, फिजियोथैरेपी कक्ष और एक प्रशिक्षित फिजियोथेरेपिस्ट की सुविधा उपलब्ध है।

# वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में रीना गुर्जर ने जीते दो रजत




**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश की रीना गुर्जर ने वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स-2025 में कराते और काता स्पर्धा में दो रजत पदक जीते। यह गेम्स अमेरिका के अलबामा में 27 जून से 6 जुलाई तक आयोजित किए गए थे। रीना भोपाल के यातायात थाने में आरक्षक के तौर पर पदस्थ हैं। वे इस प्रतियोगिता में पदक जीतने वाली मप्र पुलिस की पहली महिला खिलाड़ी हैं। इस विश्वस्तरीय खेल आयोजन में 75 से अधिक देशों के पुलिस और फायर डिपार्टमेंट के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। रीना इससे पहले वर्ल्ड पुलिस गेम्स में एक स्वर्ण और एक रजत पदक समेत राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी कई पदक हासिल कर चुकी हैं। पदक हासिल कर स्वदेश लौटने पर उन्होंने शुक्रवार को पीएचक्यू में डीजीपी कैलाश मकवाणा से मुलाकात की। इस दौरान आईपीएस एसोसिएशन के अध्यक्ष और एडीजी एसएएफ चंचल शेखर भी मौजूद थे। डीजीपी ने रीना गुर्जर को इस सफलता के लिए सम्मानित करते हुए उन्हें बधाई दी।

# ओलंपियन प्राची, मनीष व विपिन ने दिया प्रशिक्षण



**भोपाल, खेप्र।** मध्य प्रदेश की तर्ज पर अब छत्तीसगढ़ भी पैरा कैनो खेल में विस्तार कर रहा है। इसके लिए राज्य मप्र की मदद से खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रहा है और पदक जीतने के लिए तैयार कर रहा है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के बूढ़ा तालाब पर 9 से 10 जुलाई तक खिलाड़ियों के लिए दो दिवसीय कैंप आयोजित किया गया। इसमें लगभग 19 खिलाड़ियों ने भागीदारी की। कैंप में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भोपाल में भारतीय पैरा कैनो के मुख्य कोच मयंक ठाकुर के मार्गदर्शन में उच्चस्तरीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने ट्रेनिंग प्रदान की। इसमें ओलंपियन अर्जुन अवॉर्ड प्राची यादव, अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता मनीष कौरव और पैरा केनो प्रशिक्षक विपिन कुर्मी शामिल रहे। यह पहल चेयरपर्सन मयंक ठाकुर की पहल पर हुई। चेयरपर्सन ठाकुर ने छत्तीसगढ़ कयाकिंग व कैनोइंग संघ के सचिव प्रशांत रघुवंशी को पिछले माह पैरा केनो बोट प्रदान की थी। इसलिए रायपुर में पैरा केनो वर्कशाप व ट्रेनिंग का आयोजन किया गया।

# मप्र के अमन और मलिका नेशनल कैंप के लिए चयनित





**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश मुक्केबाजी अकादमी के खिलाड़ी अमन सिंह बिष्ट और मलिका मोर का चयन अंडर-22 नेशनल कैंप के लिए किया गया है। अमन 90 किग्रा और मलिका 48 किग्रा भारवर्ग में राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेंगी। यह प्रशिक्षण शिविर 12 से 30 जुलाई तक आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टिट्यूट (एएसआई) पुणे में आयोजित होगा। पुणे में आयोजित यह प्रशिक्षण शिविर न केवल उन्हें तकनीकी दृष्टि से सशक्त बनाएगा, बल्कि आगामी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स की तैयारी के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। मलिका और अमन मप्र अकादमी में मुख्य कोच रोशनलाल से प्रशिक्षण हासिल करते हैं।

दैनिक जागरण
सतना जागरण
रीवा, 12 जुलाई, 2025
www.dainikjagranmpcg.com


## विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

**सतना।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार आयोग द्वारा बूथ लेवल आफीसर्स के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र स्तर पर बीएलओ का प्रशिक्षण 7 जुलाई से प्रारंभ किया जाकर 17 जुलाई तक पूरा किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशन में शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र सतना में 50 नागौद में 41 मैहर में 50 तथा विधानसभा क्षेत्र रामपुर बघेलान में 45 बीएलओ को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर्स द्वारा आयोग से प्राप्त पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।

## निःशुल्क कोचिंग के लिए आवेदन 3 अगस्त तक

**सतना।** सीड योजना के तहत विमुक्त घुमंतु एवं अर्द्धघुमंतु समुदायों के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे यूपीएससी, एसपीएससीएस, एसएससी, आरआरबी, क्लैट, जेईई, नीट, सीएटी, सीएमएटी, एनडीए आदि की परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण के तहत आनलाईन और क्लासरूम कोचिंग दोनों के लिए आनलाइन आवेदन भरे जा रहे है।

# रैगांव थाना को किया जाय जिला न्यायालय से संबद्ध

### पूर्व विधायक ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के साथ पुलिस अधीक्षक को सौपा ज्ञापन



**जागरण सतना**

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी विधानसभा क्षेत्र रैगांव के अगुवाई में एवं पूर्व विधायक कल्पना वर्मा के नेतृत्व में रैगांव विधानसभा क्षेत्र का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौपा एवं रैगांव थाने का न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जिला न्यायालय से संम्बदध किए जाने की मांग की। पूर्व विधायक श्रीमती कल्पना वर्मा ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए मांग पत्र में कहा कि रैगांव थाना अभी हाल ही में निर्मित हुआ है जो कि सिंहपुर थाने की एक चौकी थी अब यह नया थाना निर्मित हो गया है।

रैगांव थाना के अंतर्गत आने वाले ग्रामों का सिविल एवं दीवानी मामलों का क्षेत्राधिकार पूर्व से जिला न्यायालय सतना है एवं राजस्व के मामले भी एसडीएम रघुराज नगर ग्रामीण सतना के क्षेत्राधिकार में पूर्व से ही हैं लेकिन रैगांव थाना के अंतर्गत जो आपराधिक मामले होते हैं वह सभी अपराधों के निराकरण हेतु पुलिस के द्वारा नागौद न्यायालय में भेजा जाता है जो भौगोलिक एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण से व आम जनता के सुविधा के हिसाब से उचित नहीं है श्रीमती वर्मा ने रैगांव थाने को सतना जिला न्यायालय से संबद्ध किए जाने की मांग की है ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सिंह ने कहा है कि यदि तत्काल मांगे पूरी नहीं हुई तो आम जनता की सुविधा हेतु विधानसभा क्षेत्र में एक जन जागरण अभियान चलाया जाएगा एवं क्षेत्र की जनता के साथ सरकार के द्वारा किए जा रहे अन्याय को जनता के बीच रखा जाएगा ज्ञापन के समय पूर्व विधायक कल्पना वर्मा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सिंह सोहावल ब्लॉक के संगठन मंत्री राममणि शुक्ला गिरीश उरमलिया तरुणेन्द्र सिंह केपी पाल विज्ञान सिंह दिलीप आर्य आनंद पांडे किसन अहिरवार सौरव पाठक मयंक मिश्रा सोनू चौधरी अनुपम यादव अनुज यादव जोगिंदर यादव इत्यादि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## शुद्ध जल का करें उपयोग, जलजनित रोगों से स्वयं को रखें सुरक्षित

**सतना।** वर्षा ऋतु में होने वाली जलजनित बीमारियों के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और दूषित जल से होने वाले रोगों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियाँ अपनाएँ। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुद्ध जल का उपयोग करने एवं जलजनित रोगों से सुरक्षा के लिए सलाह दी गई है। दूषित पानी के सेवन से उल्टी-दस्त पेचिस हैजा पीलिया और टाइफाइड जैसी गंभीर बीमारियाँ होने की संभावना बढ़ जाती है। एडवाइजरी में कहा गया है कि रोगों से बचने के लिए सावधानियाँ और सुरक्षा उपाय अपनाकर स्वयं एवं परिवार को सुरक्षित करें। स्वास्थ्य विभाग एडवाइजरी में कहा है कि खानपान के लिए सदैव स्वच्छ एवं सुरक्षित उबला अथवा फिल्टर जल का ही प्रयोग करें। यदि पानी की शुद्धता संदिग्ध हो तो उसे पहले उबालें साफ कपड़े से छानें अथवा क्लोरीन की गोली डालें और कम से कम एक घंटे के बाद उसका सेवन करें। खाना बनाने परोसने और खाने से पहले तथा शौच के बाद हाथों को साबुन और स्वच्छ पानी से अच्छी तरह धोना अत्यंत आवश्यक है। यह सरल आदत कई रोगों से बचाव में सहायक होती है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि सदैव ताजा पका हुआ भोजन एवं स्वच्छ खाद्य वस्तुओं का ही सेवन करें। अधिक समय पहले बना हुआ यात्री बासी भोजन न खाएं। भोजन एवं खाद्य सामग्री को पूरी तरह ढंककर रखें जिससे उन्हें मक्खियों धूल अथवा अन्य गंदगी से दूषित होने से बचाया जा सके। बाजार में खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों कटे हुए फलों और ठंडे पेयों का सेवन न करें ये अक्सर संक्रमण के वाहक होते हैं। फल एवं सब्जियाँ स्वच्छ पानी से धोने के बाद ही उपयोग में लाएं और उन्हें काटने के लिये स्वच्छ ढंका हुआ चाकू प्रयोग करें।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने नियोक्ताओं और कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने की योजना स्प्री को दी मंजूरी

**जागरण, सतना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने नियोक्ताओं और कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने की योजना स्प्री को मंजूरी दी है। यह निर्णय हिमाचल प्रदेश के शिमला में आयोजित 196वीं ईएसआई निगम की बैठक में लिया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉ. मनसुख मांडविया केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री ने की।

इस संबंध में श्री निश्चल कुमार नाग प्रभारी उप क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल ने जानकारी दी कि यह योजना मध्यप्रदेश में भी सफलता पूर्वक लागू करने के लिए नियोक्ताओं एवं श्रमिक संघटनों को सूचित किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत नियोक्ता ईएसआईसी पोर्टल श्रम सुविधा पोर्टल और एमसीए पोर्टल के माध्यम से डिजिटल रूप से अपने यूनिट और कर्मचारियों का पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण उस दिनांक से मान्य होगा जो नियोक्ता द्वारा घोषित की जाएगी। पंजीकरण से पहले की अवधि के लिए कोई योगदान या लाभ लागू नहीं होगा। पूर्व पंजीकरण अवधि के लिए कोई निरीक्षण या रिकॉर्ड की मांग नहीं की जाएगी। इस योजना का उद्देश्य पिछली देनदारियों के डर को खत्म करना और पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाकर स्वैच्छिक अनुपालन को प्रोत्साहित करना है। पहले पंजीकरण न कराने पर कानूनी कार्रवाई और बकाया योगदान की मांग की जा सकती थी। स्प्री 2025 इन बाधाओं को दूर करके वंचित प्रतिष्ठानों और श्रमिकों को ईएसआईसी की सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने का प्रयास करता है। श्री निश्चल कुमार नाग (संयुक्त निदेशक) ने आगे बताया कि इस योजना की शुरुआत एक समावेशी और सुलभ सामाजिक सुरक्षा की दिशा में एक प्रगतिशील कदम है। यह न केवल नियोक्ताओं को अपने कार्यबल को नियमित करने के लिए प्रेरित करता है, बल्कि अधिक कर्मचारियों, विशेष रूप से ठेका क्षेत्र में कार्यरत लोगों को ईएसआईसी अधिनियम के तहत आवश्यक स्वास्थ्य और सामाजिक लाभों तक पहुंच सुनिश्चित करता है।

नियोक्ता जिन्होंने अपने सभी पात्र कर्मचारियों को पंजीकृत नहीं किया है। पंजीकरण की तिथि से कर्मचारियों और उनके परिवारों को चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त होंगी। बीमारी मातृत्व, चोट या मृत्यु के मामलों में नकद लाभ उपलब्ध होंगे। ईएसआई अधिनियम, 1948 के तहत दीर्घकालिक सामाजिक सुरक्षा मिलेगी। अंत में श्री निश्चल कुमार नाग प्रभारी उप क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल द्वारा बताया गया कि ईएसआईसी पोर्टल श्रम सुविधा पोर्टल एवं एमसीए पोर्टलों के माध्यम से नियोक्ता पंजीकरण कर सकते हैं तथा उनके द्वारा बताया गया कि यह एक स्वैच्छिक और आसान योजना है। जो सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा कवरेज को बढ़ावा देती है। अस्थायी और ठेका कर्मचारियों सहित सभी कर्मचारियों को सुरक्षा प्रदान करती है।

## ग्रामोदय ने क्षेत्रीय किसानों को उत्तम प्रजाति के तिल बीज वितरित किए



**सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय को प्राप्त अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना तिल एवं रामतील के अंतर्गत विश्वविद्यालय ने कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा की प्रेरणा और मार्गदर्शन में विभागाध्यक्ष फसल विज्ञान विभाग कृषि संकाय डॉ सुधाकर प्रसाद मिश्रा के करकमलों ग्राम टेढ़ी पतवनिया,चौबेपुर,थरपहाड़, नौबस्ता, अमहॉ खरहा हरदुआ एवं पालदेव में तिल की उत्तम प्रजाति आर टी -372 प्रदान की गई। वितरित बीज अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के 60 एकड में बीज बोने में उपयुक्त रहेगा। विश्वविद्यालय ने क्षेत्र के किसानों को तिल की उत्तम प्रजाति आर टी -372 प्रदान की है, जो इस क्षेत्र के लिए अच्छी प्रजाति है।

बीजों उर्वरकों और कीटनाशी का वितरण विश्वविद्यालय ने किसानों को बीजों, उर्वरकों और कीटनाशी का वितरण किया है, साथ ही उन्हें तिल की बुवाई, बीज शोधन की विधि और फसलों से संबंधित विभिन्न प्रकार के व्याधियों और फसल सुरक्षा संबंधी कार्यों के प्रति जागरूक किया गया है। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और विश्वविद्यालय के छात्रों ने भी इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**विश्वविद्यालय की पहल :** विश्वविद्यालय की यह पहल क्षेत्र के किसानों को उनकी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने और उनकी आय में वृद्धि करने में मदद करेगी। विश्वविद्यालय के छात्रों ने इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया और किसानों को आवश्यक जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम में सहभागी किसान काफी उत्साहित रहे और उन्हें भरोसा है कि यह प्रजाति उपज बढ़ाने और अधिकतम उपज देने में सक्षम होगी । इस अवसर पर ग्राम निवासी और सरपंच पति नरेंद्र प्रताप सिंह शोधार्थी प्रशांत द्विवेदी रोहित पांडेय प्रदीप यादव काशीराम पटेल एवं सुभाष गुंडिया आदि छात्र गण सहयोगी रहे।

## एएसपी ग्रामीण ने ग्रहण किया पदभार



**जागरण सतना।** प्रेम लाल कुर्वे ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देहात सतना के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक देविका सिंह द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यभार ग्रहण करते समय उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों एवं स्टाफ ने एएसपी महोदय का अभिनंदन किया और उनके नेतृत्व में जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनाए जाने की आशा व्यक्त की। आपको बता दें कि श्री प्रेम लाल कुर्वे 2006 बैच के अधिकारी हैं। इसके पूर्व वे झाबुआ में एडिशनल एसपी के पद पर पदस्थ थे, जहाँ से स्थानांतरित होकर सतना आए हैं। इसके अतिरिक्त वे श्योपुर एवं सागर बीना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सागर एवं होशंगाबाद में अजाक पुलिस अधीक्षक मंडला देवसर सिंगरौली व्योहारी में एसडीओपी तथा सतना में प्रोविजन पीरियड के दौरान भी सेवाएं दे चुके हैं। अपने व्यापक अनुभव और गतिशील कार्यशैली के लिए जाने जाने वाले श्री कुर्वे के नेतृत्व में सतना जिले की पुलिस व्यवस्था को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

## पौधरोपण से गर्मियों में तापमान रहेगा संतुलित : योगेश ताम्रकार



**जागरणसतना।** नगर को स्वच्छ सुंदर और हरा- भरा बनाने की दिशा में महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने स्थानीय टाउन हॉल में आयोजित वृक्षारोपण समन्वय बैठक को संबोधित किया। महापौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि वृक्षारोपण से न केवल आनुपातिक वर्षा होगी बल्कि गर्मियों में तापमान भी संतुलित होगा। शहर में ऐसी कई संस्थाएं है जो वृक्षारोपण के क्षेत्र में अपनी स्वप्रेरणा बेहतर काम कर रही हैं। हम ऐसी सभी संस्थाओं, जन-प्रतिनिधियों से वृहद वृक्षारोपण को सफल बनाने की आकांक्षा और अपेक्षा रखते हैं। इस वर्ष एक पेड़ माँ के नाम 2 अभियान के अंतर्गत 21 हजार नए पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है। यह अभियान केवल पौधारोपण नहीं, बल्कि संवेदनाओं और प्रकृति से जुड़ाव का प्रतीक है, जैसे हम अपनी माँ की देखभाल करते हैं वैसे ही हर पेड़ को भी सहेजने का संकल्प लें। वृक्षों का सवर्धन भविष्य के लिए धरोहर है। स्वच्छ हरा भरा सतना लक्ष्य है अपना इस सूत्र वाक्य को भी मा. महापौर जी न शहर की जनता को समर्पित किया। मा. महापौर जी ने शहर के नागरिकों के लिए शहर को हरा भरा करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण सुझाव भी मांगे इस हेतु एक सुझाव पेटी नगर पालिक निगम सतना से लगाई जावेगी। साथ ही शहर के नागरिकों ने स्व-प्रेरणा से कितने वृक्षों का रोपण किया इस आवास की जानकारी मोबाईल नम्बर सहित इस सुझाव पेटी में दी जा सकती है। इस महत्त्वपूर्ण बैठक में अभियान की रूपरेखा, कार्य विभाजन और जनसहयोग की रणनीति पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।

इस बैठक में राजेश चतुर्वेदी पालन अध्यक्ष नगर पालिक निगम सतना जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह विंध्य चेंबर अध्यक्ष सतीश सूखेजा भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष सौभाग्य केशरी भाजपा के मंडल अध्यक्षगण अरविंद तिवारी एवं दीपेंद्र नाथ त्रिपाठी भाजपा के वरिष्ठ नेतागण मुरारी सोनी बाल कृष्ण शुक्ला तिलक राज सोनी श्रीमती मनीषा सिंह श्रीमती जानवी त्रिपाठी सुनील यादव विक्रम सिंह खोहर सत्यम मिश्रा उपायुक्त नगर पालिक निगम सतना सहित भाजपा पदाधिकारीगण पार्षदगण नगर निगम की टीम तथा पर्यावरण के प्रति जागरूक नागरिकगण शामिल रहे।

## लेखापाल विवेक शर्मा निलंबित

**सतना।** संयुक्त संचालक लोक शिक्षण, रीवा संभाग द्वारा विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय रामपुर बाघेलान में पदस्थ लेखापाल विवेक कुमार शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्यवाही जिला शिक्षा अधिकारी सतना द्वारा भेजे गए प्रस्ताव एवं जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है, जिसमें मृत शिक्षिका के निधन के बाद भी वेतन और अंशदान कटौती जैसे गंभीर वित्तीय अनियमितताओं की पुष्टि हुई। साथ ही एक अन्य शिक्षक के स्थानांतरण के बाद भी दो माह का वेतन भुगतान किया गया। जांच प्रतिवेदन और कारण बताओ नोटिस के जवाब को असंतोषजनक मानते हुए उन्हें मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय सोहावल विकासखंड कार्यालय नियत किया गया है एवं उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा। शिकायत कर्ता उदयभान चतुर्वेदी का कहना है की बीईओ कार्यालय रामपुर बाघेलान में क्रमोन्नति और उपस्थिति के दस्ताजों की सघन जाँच की जाय तो और बड़े घोटाले सामनें आ सकते हैं और कई कर्मचारियों और अधिकारियों की गर्दन भी फस सकती है।



























जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com